

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 157 रांची, गुरुवार, 21 मई, 2026 (ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष 05, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com



## संक्षिप्त

### बंगाल में नगर निकाय भर्ती घोटाला मामले में ईडी ने पूर्व मंत्री रथीन घोष को फिर किया तलब

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित नगर निकाय भर्ती घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और मध्यग्राम से तृणमूल कांग्रेस विधायक रथीन घोष को एक बार फिर पूछताछ के लिए तलब किया है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी ने रथीन घोष को नोटिस जारी कर आगामी 25 मई, सोमवार को सीजीओ कॉम्प्लेक्स सॉल्ट लेक स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। नगर निकाय भर्ती में कथित अनियमितताओं को लेकर ईडी इससे पहले भी कई बार रथीन घोष को पूछताछ के लिए बुला चुकी है। हालांकि, उन्होंने चुनाव संबंधी व्यस्तताओं का हवाला देते हुए कई बार पेशी से छूट मांगी थी। राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री रथीन घोष गत 15 मई को सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे थे, जहां उनसे लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की गई थी। अब ईडी ने चल रही जांच के सिलसिले में आगे की पूछताछ के लिए उन्हें दोबारा तलब किया है। एजेंसी इस मामले में भर्ती प्रक्रिया से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और भूमिका की जांच कर रही है।

### पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ईडी पर हमला मामले में तृणमूल की दो महिला नेता गिरफ्तार

**उत्तर 24 परगना।** पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में वर्ष 2024 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस की दो महिला नेताओं को गिरफ्तार किया है। दोनों नेताओं को गिरफ्तार तृणमूल नेता शेख शाहजहां का करीबी माना जाता है। गिरफ्तार नेताओं में संदेशखाली-1 पंचायत समिति की अध्यक्ष और बसिरहाट संगठनात्मक जिला तृणमूल अध्यक्ष सबिता राय तथा प्रभावशाली तृणमूल नेता मिथु सरदार शामिल हैं।

### 20 से अधिक हार्डकोर नक्सली आज करेंगे आत्मसमर्पण

**रांची।** झारखंड पुलिस के लिए गुरुवार का दिन बड़ी सफलता लेकर आ सकता है। पुलिस मुख्यालय में सुबह 11 बजे डीजीपी तदाशा मिश्रा की मौजूदगी में 20 से अधिक हार्डकोर नक्सली आत्मसमर्पण करेंगे। जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पण करने वालों में कई इनामी उग्रवादी भी शामिल हैं, जो लंबे समय से विभिन्न नक्सली संगठनों में सक्रिय थे। बताया जा रहा है कि नक्सली आत्मसमर्पण के दौरान एके-47 समेत कई आधुनिक हथियार भी पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के समक्ष जमा करेंगे। इसे झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

# विकेन्द्रित उत्पादन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलती है मजबूती : कल्पना सोरेन

## कल्पना बोलीं - लिज्जत पापड़ केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त आंदोलन

**लिज्जत पापड़ मॉडल को हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण और लघु उद्योगों में लागू करने की वकालत**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक विचारोत्तेजक पोस्ट साझा करते हुए संघे शक्ति कलियुगे की अवधारणा को रेखांकित किया। उन्होंने श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़ के उदाहरण को महिलाओं की सामूहिक शक्ति, आत्मविश्वास और सहयोग का जीवंत प्रतीक बताया। विदित हो कि महिला विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों महाराष्ट्र दौरे पर है, जहां महिला उद्यमों से जुड़े प्रयासों और सफल मॉडलों का निरीक्षण किया जा रहा है। अपने पोस्ट में विधायक ने कहा कि लिज्जत पापड़ केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त आंदोलन है, जिसने लाखों महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सहकारी मॉडल समाज में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन लाने की क्षमता रखते हैं।

कल्पना सोरेन ने डिस्ट्रिब्यूटेड प्रोडक्शन यानी विकेन्द्रित उत्पादन प्रणाली की विशेष सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल महिलाओं को अपने घर या स्थानीय स्तर पर रहकर कार्य करने की सुविधा देता है। इससे वे पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ आर्थिक रूप से भी सशक्त बन पाती हैं। साथ ही यह स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक कौशल को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए गृह एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि लिज्जत पापड़ जैसे सफल मॉडलों को हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण और लघु उद्योग जैसे अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। विधायक ने सरकार, स्वयंसेवी संस्थाओं और निजी क्षेत्र से समन्वित प्रयास करने का आान करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण परिवारों को स्थायी और सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराई जा सकती है। सोशल मीडिया पर उनका यह संदेश तेजी से वायरल हो रहा है और महिला सशक्तिकरण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लेकर नई चर्चा को जन्म दे रहा है।

## भारत और इटली ने स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा की


# भारत-इटली 20 अरब डॉलर तक ले जायेंगे द्विपक्षीय व्यापार

**भारत-इटली संबंधों को मिला विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/रोम।** भारत और इटली ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई देते हुए उन्हें ह्वविशेष रणनीतिक साझेदारीह्व के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही दोनों देशों ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, रक्षा, समुद्री अर्थव्यवस्था, कनेक्टिविटी, शिक्षा और लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 20 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है।

यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच प्रतिष्ठित विला डोरिया पाम्फिली में हुई द्विपक्षीय बैठक के दौरान लिया गया। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच सहयोग के 15 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों में व्यापार एवं निवेश बढ़ाने, नई प्रौद्योगिकी, रक्षा सहयोग, समुद्री अर्थव्यवस्था, कनेक्टिविटी, शिक्षा तथा लोगों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने से जुड़े विषय शामिल हैं। बैठक से पहले प्रधानमंत्री मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसके बाद दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच विस्तृत वार्ता हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने वैश्विक और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी चर्चा की तथा साझा हितों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने सहयोग को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाने के उद्देश्य से भारत-इटली संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक उन्नत करने का फैसला किया है, जिससे आने वाले समय में दोनों देशों के बीच आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक संबंध और मजबूत होंगे।



### पीएम ने राष्ट्रपति मैटरेला से की मुलाकात

**रोम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेला से मुलाकात की और भारत-इटली संबंधों को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेला ने मुलाकात के दौरान भारत-इटली की मजबूत और स्थायी साझेदारी की पुष्टि की और व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा, एआई और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा की।

### प्रधानमंत्री मोदी बोले - रक्षा, व्यापार और तकनीक में सहयोग होगा मजबूत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भारत और इटली के संबंधों को स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप के स्तर तक उन्नत करने की घोषणा की। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में दोनों नेताओं के बीच कई मुलाकातें हुई हैं, जो दोनों देशों के बढ़ते सहयोग और बेहतर सामंजस्य को दर्शाती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मेलोनी के नेतृत्व में भारत-इटली संबंधों को नई गति और दिशा मिली है। उन्होंने बताया कि भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना 2025-2029 दोनों देशों की साझेदारी को भविष्य उन्मुख ढांचा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो तक पहुंचाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। भारत में 800 से अधिक इतालवी कंपनियां सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। रक्षा, सुरक्षा, शिपिंग, बंदरगाह आधुनिकीकरण, लॉजिस्टिक्स और ब्लू इकॉनमी जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है।

# नीट-यूजी पुनर्परीक्षा को लेकर शिक्षा मंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक

## फर्जी टेलीग्राम चैनलों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पुनर्परीक्षा की निष्पक्ष और सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को केंद्रीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परीक्षा के दौरान कड़ी सतर्कता और चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था पर जोर दिया गया। बैठक में शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक ने भी हिस्सा लिया। बैठक में परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संभावित कमजोरियों की पहचान कर समय रहते निवारक और सुधारात्मक कदम उठाने पर चर्चा हुई। इसके समानांतर शिक्षा मंत्री ने मेटा, गूगल और टेलीग्राम जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। बैठक में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी गलत सूचनाओं के बढ़ते प्रसार, विशेष रूप से टेलीग्राम चैनलों और गुमनाम ऑनलाइन समूहों के माध्यम से फैलाए जा रहे भ्रामक दावों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। अधिकारियों ने बताया कि बड़ी परीक्षाओं से पहले कई टेलीग्राम चैनल अत्यधिक सक्रिय हो जाते हैं और फर्जी पेपर लीक, क्लिकबेट सामग्री तथा अपुष्ट सूचनाएं फैलाकर छात्रों और अभिभावकों में भय, तनाव और भ्रम पैदा करते हैं। कई संदिग्ध लिंक लोगों को ऑटोमेटेड बॉट्स और फर्जी समूहों तक पहुंचाते हैं, जिनका उद्देश्य गलत सूचना को तेजी से फैलाना होता है।

# ऑनलाइन फॉर्मेसी और कॉरपोरेट नीति के विरोध में राज्यभर में बंद रही दवा दुकानें

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और झारखंड केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त आह्वान पर बुधवार को राजधानी रांची सहित राज्यभर में अधिकांश थोक और खुदरा दवा दुकानें बंद रहीं। राष्ट्रव्यापी बंद के समर्थन में दवा व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं, जिससे आम लोगों को दवाएं खरीदने के लिए अस्पतालों की फामेर्सी दुकानों पर निर्भर रहना पड़ा। हालांकि, मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए सरकारी और निजी अस्पतालों में संचालित मेडिकल स्टोरों को बंद से अलग रखा गया था, ताकि आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनी रहे। संजीव बनर्जी ने बताया कि यह बंद तीन प्रमुख मांगों को लेकर आयोजित किया गया था और झारखंड में इसका व्यापक असर देखने को मिला। उन्होंने कहा कि आंदोलन का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन फामेर्सी के अनियंत्रित विस्तार तथा कॉरपोरेट कंपनियों की कथित शोषणकारी मूल्य निर्धारण नीति के खिलाफ आवाज उठाना है। उन्होंने कहा कि दवा व्यवसायी लंबे समय से सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण और छोटे दवा कारोबारियों के हितों की रक्षा की मांग कर रहे हैं।

# झारखंड में 201 डीएसपी का तबादला

**रांची।** झारखंड पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने एक साथ 201 डीएसपी स्तर के पुलिस अधिकारियों का तबादला करते हुए इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। रांची सहित राज्य के कई जिलों में महत्वपूर्ण पदों पर नए डीएसपी पदस्थापित किए गए हैं। बताया जा रहा है कि झारखंड में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में डीएसपी स्तर के अधिकारियों का एक साथ तबादला किया गया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार कई अधिकारी लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थापित थे, जिन्हें अब नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## उद्योग विभाग ने सीएसआर कॉनक्लेव का किया आयोजन

# प्रभावित क्षेत्रों के विकास में खर्च हो सीएसआर फंड : उद्योग मंत्री

**उद्योग जगत के कई प्रतिनिधि हुए शामिल**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड का उपयोग उन क्षेत्रों के लोगों के विकास में किया जाना चाहिए, जो कारखाने और खदानों से प्रदूषण, भूमि अधिग्रहण और अन्य कारणों से प्रभावित होते हैं। उन्होंने कंपनियों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि सीएसआर राशि का सीधा लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। वे बुधवार को रांची के एक स्थानीय होटल में आयोजित सीएसआर कॉनक्लेव-2026 को संबोधित कर रहे थे। उद्योग मंत्री ने इस मौके पर कहा कि लोगों में यह विश्वास होना चाहिए कि सीएसआर फंड से उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की प्राथमिकता राज्य और यहां के लोगों का विकास है, इसलिए सीएसआर राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ जनहित में किया जाना चाहिए। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य सरकार और कॉर्पोरेट क्षेत्र मिलकर रोजगार सृजन, स्वास्थ्य, शिक्षा और कुटीर उद्योगों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि फैक्ट्री और खनन प्रभावित क्षेत्रों में विवाह भवन जैसी सुविधाओं का निर्माण सीएसआर फंड से कराया जा सकता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मदद मिलेगी। उन्होंने कंपनियों से स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सीएसआर राशि खर्च करने की अपील की।

# भारत को विकसित देश बनने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नहीं सकती : राजनाथ

## दक्षिण कोरिया की यात्रा पर गए रक्षा मंत्री ने सियोल में भारतीय समुदाय से की मुलाकात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया की यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सियोल में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में कहा कि इन 12 सालों में हुए बदलावों ने देश के लोगों को पक्का भरोसा दिया है कि भारत को विकसित देश बनने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नहीं सकती। उन्होंने कोरिया के उन बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने देश की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। साउथ कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ उन्होंने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के लिए प्रतिबद्धता जताई गई। सियोल में साउथ कोरिया के रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन मंत्री ली योंग-चुल के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की बैठक हुई। दोनों मंत्री संयुक्त विकास, संयुक्त उत्पादन और संयुक्त निर्यात के लिए रास्ते बनाने पर सहमत हुए। दोनों देशों के पारिस्थितिकी तंत्र को एकसाथ लाने के लिए रोडमैप पर चर्चा हुई।



राजनाथ ने सियोल में अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष आह्न ग्यू के साथ बैठक में दोनों देशों के रक्षा, रक्षा उद्योग और सामरिक सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के लिए प्रतिबद्धता जताई गई। दोनों रक्षा मंत्रियों ने नेशनल डिफेंस कॉलेज ऑफ इंडिया और नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी ऑफ कोरिया के बीच रक्षा साइबर सहयोग को बढ़ावा देने और यूएन पीसकीपिंग कोऑपरेशन पर एग्रीमेंट्स का आदान-प्रदान किया, जिससे भारत-कोरिया के बीच साझेदारी और मजबूत एवं बहुआयामी बनी।

### देशों के बीच स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप मजबूत होने की उम्मीद

**सियोल** में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले हमें जो भी चाहिए होता था, हम दूसरे देशों से आयात करते थे। अब हालात बदल गए हैं। पहले भारत विदेशों से हथियारों का आयात करता था, लेकिन आज हम रक्षा निर्यात कर रहे हैं, इसमें वेपन सिस्टम और बाकी सब कुछ शामिल है। हम 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशों के बीच स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को मजबूत होने की उम्मीद है। आज का भारत बिल्कुल अलग है। भारत सेमीकंडक्टर सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अर्थशास्त्री हमारे विकास मॉडल को वेलफेयर पॉलिटिक्स का नया मॉडल कह रहे हैं, जिससे लोगों की जिंदगी बेहतर हो रही है। बारह साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आने वाला दशक भारत के लिए बदलाव लाने वाला दशक होगा, लेकिन इन 12 सालों में हुए बदलावों ने देश के लोगों को पक्का भरोसा दिया है कि भारत एक विकसित भारत बनेगा और दुनिया की कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती।

# राहुल गांधी के विवादित बोल भाजपा ने पुलिस से की शिकायत

**एफआईआर दर्ज न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

**एजेंसी**

**रायबरेली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उप्र के अपने दौरे के दूसरे दिन बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने से भाजपा कार्यकताओं में जबरदस्त नाराजगी है। राहुल गांधी के बयान को लेकर भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य ने पुलिस को शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नही की है।



दरअसल, गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री पर कथित रूप से विवादित टिप्पणी की है। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर आक्रोश है। इस बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बयान की निंदा करते हुए पुलिस से भी शिकायत की गई है। भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य सुशील शुक्ला ने पुलिस को वीडियो व राहुल के बयान की कॉपी देते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है, लेकिन अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि उन्होंने पुलिस से शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने की मांग है। वे पुलिस की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं, यदि 24 घंटे के अंदर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो भाजपा कार्यकर्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अभिलाष चंद्र कौशल ने राहुल गांधी के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह बयान अशोभनीय ही नहीं बल्कि करोड़ों लोगों को ठेस पहुंचाने वाला है।

# उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जिला अभिभावक संघ ने दिया धरना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अभिभावक संघ के बैनर तले बुधवार को रामगढ़ उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो व संचालन जिला संयोजक राजेश कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में जिले से सैकड़ो अभिभावक जुलूस के शक्ल में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष पहुंचकर धरना दिए। पंकज महतो ने कहा की प्राइवेट स्कूल की मनमानी तरीके से एनुअल फीस अन्य शुल्क लेते है जो अब जिले में नहीं चलेगा यह लोग शिक्षा को व्यापार बना दिए हैं बच्चों का किताब कॉपी से लेकर अपनी मर्जी के दुकान से ड्रेस तक खरीदने के लिए विवस करते हैं संत अन्ना व राधा गोविंद अपने स्कूल के बगल में किताब दुकान खोल कर खूब लूट मचाए कई स्कूल तो किताब जहां उनका कमीशन सेट रहता है वही से खरीदने के लिए बाध्य करते है प्राइवेट स्कूलों के मनमानी तरीके से फीस वसूली को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा। प्राइवेट स्कूल सरकार के किसी भी नियम कानून को नही मानते है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से विजय कुमार,बबलू अग्रवाल, विनोद कुमार, राजीव कुमार ,प्रेम कुशवाहा,सुनील कुमार ,विनोद साव ,रविकुमार गुप्ता, दीपू कुमार, विशाल कुमार ,मदन मुंडा ,राजू कुमार, मिंटू कुमार, राजेश कुमार, संदीप कुमार, राहुल कुमार, प्रदीप साव, टिंकू कुमार, मिठू चटर्जी, राजेश कुमार, दीपक मुंडा ,सुनील मुंडा ,नितेश कुमार, सोहन कुमार, राज किशोर ,योगेंद्र कुशवाहा,भूपेंद्र महतो ,सचिन कुमार जायसवाल, संजय कुमार, मनीष कुमार, अविनाश कुमार, गणेश कुमार, प्रीति देवी ,सुमन देवी ,पिंकी देवी, मालती देवी, सुनीता देवी, निर्मला देवी ,टीना देवी, सविता देवी, अर्जुन महतो ,गुरु चरण चौधरी ,राजकिशोर, विनय कुमार गुप्ता, बलवीर कुमार, महेंद्र चौधरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पिपरवार में विहिप-बजरंग दल की बैठक, संगठन विस्तार और दुर्गा वाहिनी से महिलाओं को जोड़ने पर जोर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खलारी।** पिपरवार क्षेत्र अंतर्गत बचरा चार नंबर ग्राउंड में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विहिप अध्यक्ष सुनील प्रसाद ने की, जबकि संचालन संगठन मंत्री दीपक केसरी ने किया। बैठक में पिपरवार क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में संगठन के विस्तार और इसे और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हिंदू माता-बहनों से संपर्क स्थापित कर उन्हें दुर्गा वाहिनी से जोड़ा जाएगा। इसके तहत कार्यकर्ता प्रत्येक सनातनी परिवार तक पहुँचकर संगठन की विचारधारा और उद्देश्यों की जानकारी देंगे। इसके अतिरिक्त यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली मंगल आरती में सभी कार्यकर्ता सक्रिय भागीदारी निभाएँगे और अधिक से अधिक सनातन प्रेमियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

## संक्षिप्त

### मंडल प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को दिया धन्यवाद

**सोनाहातू।** भाजपा मंडल द्वारा सरकार के वादा खिलाफी को लेकर किया गया धरना प्रदर्शन में भाजपा कार्यकताओं ने जोश के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के सफलता पर मंडल प्रभारी शंकर साव ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि मंडल अध्यक्ष खगेश महतो के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन सफल रहा और सरकार के खिलाफ लगातार आंदोलन जारी रहेगा।

### सोनाहातू के एक होटल में चोरी

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के रंगाडीह मोड़ के समीप विद्या होटल में मंगलवार रात शटर काट कर चोरी की गई है। घटना की जानकारी बुधवार सुबह दुकान खोलने पर हुई। दुकानदार विद्या प्रजापति ने बताया कि मंगलवार रात होटल बंद कर घर गया। सुबह होटल खोलने पर जानकारी हुआ। दुकान का मुख्य शटर कटा गया है। होटल में नगद 20 हजार रखा हुआ था, जिसको अज्ञात चोर ने चुराया है।घटना की जानकारी सोनाहातू पुलिस को दिया गया है। इधर घटना की सूचना पर मुखिया विकास सिंह मुंडा होटल पहुंच कर घटना की जानकारी लिया और दुकानदारों को सुरक्षा पर ध्यान देने की बात कही। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### कांके के अर्जुन राम बने सांसद प्रतिनिधि

**खलारी।** कांके निवासी अर्जुन राम को रांची के सांसद संजय सेठ द्वारा कांके का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर कर्णपूरा देवरखंड कल्याण समिति ने खुशी जाहिर करते हुए सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया है। समिति के अध्यक्ष कुणाल प्रताप सिंह ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े अर्जुन राम के सांसद प्रतिनिधि बनने से क्षेत्र के सभी वर्गों के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अर्जुन राम हमेशा सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और जनता की समस्याओं को लेकर संवेदनशील रहे हैं। समिति ने अर्जुन राम को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर शैलेश सिंह, केसी मिश्रा, राहुल शर्मा, चमन तुरी, सुशील मुंडा, सरोज चौधरी, शोभा कच्छप, संजीव सिंह, बीरू नायक, रवीन्द्र पासवान सहित अन्य लोगों ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# सिल्ली पॉलिटेक्निक में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**सिल्ली।** सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज में इंडस्ट्री ओरिएंटेड ऑटोमेशन एवं आईओटी सिस्टम्स विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संतोष कुमार गंगवार, डॉ. सुदीप्त चक्रवर्ती, प्रोफेसर बिमल कुमार मिश्रा, इंद्रजीत यादव, प्रभु असीम कृष्णा दास, डॉ. बिष्णुव्रत चट्टोपाध्याय तथा समीर शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिल्ली पॉलिटेक्निक के निर्देशक डॉ. बिष्णुव्रत चट्टोपाध्याय ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक ऑटोमेशन, एम्बेडेड सिस्टम्स, सेंसर तकनीक, रियल-टाइम मॉनिटरिंग तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) आधारित स्मार्ट अनुप्रयोगों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इंडस्ट्री 4.0 के दौर में ऑटोमेशन और आईओटी तकनीक विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, ऊर्जा प्रबंधन तथा औद्योगिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला को इस प्रकार तैयार किया गया है कि इसमें भाग लेने वाले छात्र-छात्राएं केवल सैद्धांतिक जानकारी तक सीमित न रहें, बल्कि आधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव भी प्राप्त कर सकें। हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण, प्रोटोटाइप विकास तथा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन के माध्यम से यह कार्यक्रम शैक्षणिक ज्ञान, शोध और औद्योगिक अनुप्रयोगों के बीच की दूरी को कम करने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि इस प्रकार की तकनीकी कार्यशालाएं विद्यार्थियों को नवाचार और आधुनिक तकनीकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नई तकनीकों का ज्ञान देकर ही देश को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों को भविष्य की औद्योगिक चुनौतियों और आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने में मदद करेगी। कार्यक्रम से पूर्व कॉलेज प्रबंधन की ओर से राज्यपाल एवं अन्य अतिथियों को मोमेंटो एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिल्ली पॉलिटेक्निक के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कोयलांचल में फिर बेलगाम हुए अपराधी : हिंग्वाही घाटी में युवकों से लूटपाट, ग्रामीणों में दहशत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खलारी।** कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के इलाकों में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बीती रात हफूवा गांव के कई युवक मंडा मेला देखने के बाद घर लौट रहे थे, तभी हिंग्वाही घाटी के पास हथियारबंद अज्ञात अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। अपराधियों ने बंदूक दिखाकर युवकों को रोक लिया और विरोध करने पर मारपीट की। इस दौरान मोबाइल फोन, नकदी और अन्य कीमती सामान लूट लिया गया। घटना में घायल युवक सुरक्षित घर लौटने में कामयाब हुए और परिजनों को पूरी जानकारी दी। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में पुलिस गश्त लगभग न के बराबर है, जिससे अपराधी बेखौफ हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने कहा कि हिंग्वाही घाटी और आसपास पहले भी अपराधियों का गढ़ रहे हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई न होने से उनका मनोबल और बढ़ा है। ग्रामीणों ने हजारीबाग एसपी से इलाके में नियमित गश्त और अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी की मांग की है, साथ ही चेतावनी दी है।

## ड्रोन की नजर से कोयला माफियाओं पर वार सीआईएसएफ ने पकड़ा 806 किलो अवैध कोयला

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खलारी।** सीआईएसएफ यूनिट सीसीएल एनके एवं पिपरवार ने अवैध कोयला चोरी और तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डकरा सीएचपी क्षेत्र से 806 किलोग्राम अवैध कोयला बरामद किया। खास बात यह रही कि इस अभियान में आधुनिक ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल कर छिपाकर रखे गए कोयले का पता लगाया गया। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह 05:55 बजे से 06:50 बजे तक डकरा सीएचपी के ऊपरी क्षेत्र में विशेष कोल रेड अभियान चलाया गया। ड्रोन निगरानी के दौरान अवैध रूप से जमा कोयले की पहचान की गई, जिसके बाद सीआईएसएफ टीम ने छापेमारी कर कुल 806 किलोग्राम (0.806 मीट्रिक टन) कोयला जब्त किया। बरामद कोयले को डकरा वेब्रिज संख्या-01 पर तौल कराया गया, जहां उसका शुद्ध वजन 806 किलोग्राम पाया गया। इसके बाद कोयले को सुरक्षित रूप से सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया। यह अभियान उप समादेष्टा श्री दिनेश कुमार एवं श्री मनोहर बरवाहा की मौजूदगी में संपन्न हुआ। अभियान का नेतृत्व निरीक्षक एस. पी. टिग्गा, निरीक्षक आर. के. गौतम, निरीक्षक/ कार्यपालक आर. के. सरोज, उप निरीक्षक अनिल राय तथा अपराध शाखा के अतुल पंत ने किया। अभियान में क्यूआरटी, सीआईडब्ल्यू और अन्य जवानों सहित कुल 10 कर्मियों की टीम शामिल रही।

# दो दिवसीय वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, हुए सम्मानित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**सिल्ली।** सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विद्यार्थियों एवं अतिथियों के सम्मान के साथ बुधवार को प्रेम वाटिका के सभागार में डीएवी पब्लिक स्कूल का।दो दिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न हो गया। दोनों दिनों में उड़ान और यूफोरिया के तहत कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, थीम सांग, कव्वाली, योग प्रदर्शन सहित दर्जनों कार्यक्रमों की प्रस्तुति से अभिभावकों का मन मोह लिया। नन्हें कलाकारों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान ओलंपियाड के प्रतिभागी सहित पूरे वर्ष भर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।विद्यालय की प्रिंसिपल बूबून शरण सहित मैनेजिंग कमिटी की ओर से समारोह में आए अतिथियों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन पलक अग्रवाल एवं आराध्या ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि, असीम कृष्ण प्रभु, प्रिंसिपल बूबून शरण, प्रवीण अग्रवाल, जयपाल सिंह, सबिता देवी, मोतीलाल, हिंडालको के एचआर अभिषेक प्रताप सिंह, डॉ सौरव घोष, गौरव पी पुरिया सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद थे। उपस्थित लोगों संबोधित करते हुए गूंज के संयोजक जयपाल सिंह ने कहा कि संस्कारों की शिक्षा देना समाज के लिए सबसे बड़ी देन है। हर छात्र को इसका पालन करना चाहिए। शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर होते रहना चाहिए।छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है। कार्यक्रम के आयोजन में सभी शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार के सभी कर्मचारियों ने सराहनीय भूमिका निभाई।इस मौके परइस मोके पर शशांक शेखर, शम्भूनाथ मुखर्जी, मुकेश कुमार साहू, प्राणेश कुमार मिश्रा, एस.के. दत्ता, वी.के. दुबे, मोनालिशा सेनगुप्ता, नैना कांडू, ज्योति कुमारी एवं अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

### कस्तूरबा विद्यालय में छात्रा का हुआ नामांकन झामुमो नेताओं के हस्तक्षेप से मिली राहत

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यकर्ता उषा देवी की पुत्री करुणा कुमारी का नामांकन आखिरकार बुधवार को कर दिया गया। बताया गया कि छात्रा ने नामांकन परीक्षा पास कर ली थी, इसके बावजूद विद्यालय प्रबंधन द्वारा नामांकन नहीं लिया जा रहा था। बूल अहमद आजाद ने जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम को दी। इसके बाद प्रमुख मुस्ताक आलम ने उपायुक्त कार्यालय से संपर्क कर मामले को गंभीरता से उठाया। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद आज 20 मई 2026 को करुणा कुमारी का नामांकन विद्यालय में सुनिश्चित कराया गया। नामांकन होने के बाद परिजनों और स्थानीय झामुमो कार्यकताओं ने खुशी जताई। वहीं, झामुमो नेताओं ने कहा कि योग्य छात्राओं को शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं होने दिया जाएगा।

### बंद घर का ताला तोड़ चोरी, डेढ़ लाख के गहने व सामान ले उड़े चोर

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के चोरेया गांव स्थित हरिजन मोहल्ला में बंद घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना सामने आई है। चोर घर से करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, कांसे के बर्तन व अन्य सामान लेकर फरार हो गये। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार चोरेया गांव निवासी मनोज राम चान्हो के एक ईंट भट्ठे में मजदूरी का काम करता है। वह परिवार के साथ घर में ताला बंद कर भट्ठे पर गया हुआ था। मंगलवार दोपहर पड़ोसियों ने फोन कर घर का ताला टूटा होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मनोज राम घर पहुंचा। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि बक्से में कपड़ों के बीच छिपाकर रखे सोने-चांदी के गहने, कांसे के बर्तन और अन्य कीमती सामान गायब हैं। पीड़ित ने चोरी की सूचना चान्हो थाना को दे दी है। इधर, सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है।

### रोजगार की मांग पर गरजे ग्रामीण, 30 मई तक समाधान नहीं तो होगी बंदी

**खलारी।** झारखंड ग्रामीण संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में रोजगार की मांग को लेकर अशोका-पिपरवार पीओ के साथ ग्रामीणों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों ने मैनेजमेंट पर लगातार सिर्फ आश्वासन देने और समस्याओं का समाधान नहीं करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से रोजगार को लेकर मांग उठाई जा रही है, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार का ठोस परिणाम सामने नहीं आया है। मोर्चा के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 30 मई तक मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई, तो क्षेत्र में बंदी का ऐलान किया जाएगा।

### जनसमस्याओं को लेकर भाजपा का धरना-प्रदर्शन, विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रातू।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को रातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रातू पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रितेश साहू ने की। भाजपा कार्यकताओं ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी और जनविरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम भाजपा झारखंड प्रदेश एवं रांची जिला ग्रामीण (पश्चिमी) के निर्देश पर आयोजित किया गया। इसमें भाजपा नेता शशी भूषण भगत, हेमंत गुप्ता, मृत्युंजय शर्मा, शोभा यादव, अजय तिवारी, राजेंद्र पांडे, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इमरान खान, जिला महामंत्री सुधाकर चौबे समेत कई नेता मौजूद रहे। धरना को संबोधित करते हुए शशी भूषण भगत ने कहा कि राज्य सरकार को किसानों, युवाओं और आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। सरकार केवल भ्रष्टाचार और लूट में व्यस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान किसानों को धान पर 3200 प्रति क्विंटल एमएसपी देने का वादा किया गया था, लेकिन अब तक किसानों को इसका लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रतिमाह 2500 देने की घोषणा भी अधूरी साबित हुई है। बड़ी संख्या में महिलाओं को योजना से वंचित रखा गया है। माइया सम्मान योजना में भी सरकार जनता को उलझाकर रखने का काम कर रही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि राज्य के किसान प्राकृतिक आपदाओं, ओलावृष्टि और आंधी-बारिश से प्रभावित हैं, लेकिन सरकार उनकी सुध नहीं ले रही। प्रखंड और अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके हैं। जमीन के ऑनलाइन सुधार, आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में आम लोगों और विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भाजपा सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करेगी।

# किसानों के हक में भाजपा का हल्लाबोल, सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप

**खलारी समेत राज्यभर में एकदिवसीय धरना**

**एमएसपी 3200 लागू करने और ओलावृष्टि पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खलारी।** किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं करने तथा कथित वादाखिलाफी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा झारखंड के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर एकदिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में खलारी प्रखंड मुख्यालय में भी भाजपा कार्यकताओं एवं किसानों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। धरना कार्यक्रम के दौरान किसानों से किए गए धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को ?3200 प्रति क्विंटल करने के वादे को तत्काल लागू करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। साथ ही हाल ही में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार किसानों के हितों की लगातार अनदेखी कर रही है, जिसे अब झारखंड की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए किसानों के अधिकारों की रक्षा की मांग की गई।

**प्रमुख मांगें**

धान का एमएसपी 3200 प्रति क्विंटल लागू किया जाए।
ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।
किसानों के साथ वादाखिलाफी बंद की जाए।

**उपस्थित प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता**

इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज कुमार महतो (रांची जिला परिषद सदस्य), देवेंद्र प्रकाश स्वामी (प्रदेश कार्यक्रम संयोजक), अनिल गंझू (प्रखंड मंडल अध्यक्ष), रामसूरत यादव, मृत्युंजय कुमार सिंह, सरस्वती देवी (जिला परिषद सदस्य), परताप यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खलारी थाना के नये इंस्पेक्टर सह प्रभारी का समिति ने किया स्वागत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खलारी।** खलारी थाना के नवनियुक्त प्रभारी सह इंस्पेक्टर रामकुमार वर्मा से कर्णपुरा देवरखंड कल्याण समिति, खलारी प्रखंड के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। समिति की ओर से प्रभारी सह इंस्पेक्टर रामकुमार वर्मा को अंगवस्त्र एवं कलम भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान समिति के सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों की जानकारी भी साझा की गई। प्रभारी सह इंस्पेक्टर रामकुमार वर्मा ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कुणाल प्रताप सिंह, शैलेष कुमार सिंह, रवींद्र नाथ चौधरी, राहुल कुमार, शोभा कच्छप, सुशील मुंडा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# रांची विवि सिंडिकेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की सिंडिकेट बैठक बुधवार को कुलपति प्रोफेसर सरोज शर्मा की अध्यक्षता में कुलपति सभागार में आयोजित की गई। कुलपति के रूप में प्रो. सरोज शर्मा के कार्यकाल की यह पहली सिंडिकेट बैठक थी, जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन और शैक्षणिक विकास से जुड़े लगभग 30 महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा की गई। बैठक में कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्यों की नियुक्ति, वित्त समिति के पूर्व में लिए गए निर्णयों की समीक्षा, शिक्षकों की नियुक्ति एवं प्रोन्नति सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार कर निर्णय लिए गए। सिंडिकेट ने 22 जुलाई 2025 को आयोजित पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की संपुष्टि की। इसके साथ ही 16 सितंबर 2025 को सम्पन्न वित्त समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों को भी




औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट अनुमोदन और विभिन्न वित्तीय मदों से संबंधित प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। बैठक का एक महत्वपूर्ण निर्णय विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन) की स्थापना से जुड़ा रहा। सिंडिकेट ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में शोध गतिविधियों को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को प्रभावी ढंग से लागू करना तथा शिक्षा में तकनीकी संसाधनों और आधुनिक उपकरणों के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा राज्य सरकार के वित्त विभाग द्वारा भेजे गए वित्तीय संकल्प को भी बैठक में मंजूरी दी गई। वहीं, झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की अनुशंसा पर विभिन्न कॉलेजों में कार्यरत सहायक प्राध्यापकों एवं प्राध्यापकों की प्रोन्नति संबंधी प्रस्तावों को भी सिंडिकेट ने स्वीकृति प्रदान की। बैठक में कुलपति प्रो. सरोज शर्मा, कुलसचिव, राज्यपाल की ओर से मनोनीत सदस्य तथा विश्वविद्यालय के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बढ़ रहे ऑटिज्म मरीज, पहचान के लिए निःशुल्क कैंप 31 को

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** पिछले चार-पांच दशकों में ऑटिज्म के मामलों में बढ़ोतरी गंभीर चिंता का विषय है। उभरते वैज्ञानिक तथ्यों से संकेत मिलता है कि कृषि रसायनों और फॉरएवर केमिकल्स (स्थायी कृत्रिम रसायनों) का जैव संचय ऑटिज्म का एक महत्वपूर्ण कारण हो सकता है। गर्भधारण की योजना बना रहे दंपत्तियों में इन रसायनों के संपर्क को कम करना और शरीर से इन्हें डिटॉक्स करना ऑटिज्म के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उक्त जानकारी बुधवार को मीडिया को हैदराबाद स्थित रिस्प्लाइस ऑटिज्म रिसर्च



फाउंडेशन के संस्था पक डॉ. चंद्रशेखर थोडुपुनुरी ने दी।
डॉ थोडुपुनुरी ने बताया कि वर्तमान में 30 में से एक बच्चाश इससे पीड़ि?त होता है। आने वाले दिनों में इसकी संख्याक बढ़ने की आशंका है। फाउंडेशन द्वारा 31 मई, 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रांची के बरियातू के तेतरटोली स्थित श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ऑटिज्म मरीजों के लिए निःशुल्क गट हेल्थ असेसमेंट एवं माइक्रोबायोम टेस्टिंग कैंप आयोजित किया जाएगा। पंजीकरण के लिए 8433529769 / 8433529435 / 9100065552 पर संपर्क करें।

## संक्षिप्त

### स्कूली बच्चों के बीच बांटे उपयोगी सामग्री



**रांची।** जेसीआई रांची उड़ान की ओर से हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन (कल्याण एवं विकास समिति) परिसर के निकट बच्चों के बीच उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया। बच्चों के लिए व्हाइट बोर्ड भी नि:शुल्क कोचिंग सेंटर के व्यवस्थापक को दिया गया। इस अवसर पर निशुल्क कोचिंग केंद्र के व्यवस्थापक ललन कुमार मिश्र, नेहा अग्रवाल, शिखा तोशावर सहित अन्य उपस्थित थे।

### टीएंडजी स्कूल में समर कैंप का आयोजन



**रांची।** इटकी रोड स्थित हेहल टीएंडजी स्कूल के द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप के जरिए बच्चों ने मिट्टी के बर्तन बनाना और गार्डनिंग जैसी एक्टिविटीज से प्रकृति को करीब से समझा। म्यूजिक, डांस और पेंटिंग के जरिए अपनी क्रिएटिविटी को खुलकर जाहिर किया। पहेलियाँ और टीम गेम्स खेलकर सोशल स्किल्स और शेयरिंग की आदत को मजबूत किया। छुट्टियों के लिए दिए गए मजेदार एक्टिविटी होमवर्क के जरिए बच्चे और पेरेंट्स आपस में खूबसूरत बॉन्डिंग बना रहे हैं।

### कथित अनियमितताओं को लेकर उच्चस्तरीय जांच की मांग

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गिरिडीह (दक्षिण) के विद्युत कार्यपालक अभियंता मृणाल गौतम के कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस संबंध में झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को शिकायत पत्र भेजा गया है। अजय राय ने कहा कि संघ की ओर से भेजे गए पत्र में गिरिडीह (दक्षिण) विद्युत प्रमंडल से जुड़े कुछ कार्यों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर सवाल उठाए गए हैं। शिकायत में डुमरी क्षेत्र के गोमिया फीडर, लाइन शिफ्टिंग कार्य तथा कुछ उपभोक्ता मामलों में पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी बनाने को लेकर बैठक आयोजित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के निवार्ची निबंधन पदाधिकारी, परीक्ष्यमान उप समाहर्ता, नवचयनित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मानचित्रण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नवचयनित अधिकारियों को बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों के



अनुश्रवण एवं समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बीएलओ नए मतदान केंद्रों के अनुरूप नजरिया नक्शा एवं मुख्य नक्शा तैयार करें। घर-घर भ्रमण के दौरान प्रत्येक मकान को काल्पनिक मकान संख्या देते हुए परिवार के मुखिया एवं सभी वयस्क सदस्यों की सूची तैयार की जाए तथा वर्तमान मतदाता सूची के सभी मतदाताओं का मिलान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मानचित्रण कार्य के दौरान यदि किसी प्रकार की तार्किक त्रुटि पाई जाती है तो उसका भौतिक सत्यापन कर तत्काल सुधार किया जाए। साथ ही घर-घर सर्वेक्षण के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की अलग सूची भी तैयार की जाए। बैठक में निर्देश दिया गया कि जिन मतदाताओं के पहचान पत्र में त्रुटि है अथवा स्थान परिवर्तन आवश्यक है, उनसे निर्धारित प्रपत्रों में आवेदन प्राप्त कर ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। वहीं नए पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने के लिए प्रपत्र-6 भरवाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।
उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने आयोग से प्राप्त जनसांख्यिकीय समान प्रविष्टि सूची का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बीएलओ प्राप्त प्रारूप-ए के आधार पर मतदाताओं के निवास स्थान पर जाकर दोहरी प्रविष्टियों का सत्यापन करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रपत्र-7 के माध्यम से नाम विलोपन की कार्रवाई करेंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान विभाग से समय-समय पर प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

## प्रेमसंस मोटर्स में विक्टोरिस ग्राहकों के लिए विशेष ड्रॉ का आयोजन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** प्रेमसंस मोटर्स ने उन सभी ग्राहकों के लिए एक विशेष ड्रॉ कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया, जिन्होंने हाल ही में नई विक्टोरिस कार खरीदी है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना और उन्हें वाहन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करना था।
इस अवसर पर उपस्थित ग्राहकों को विक्टोरिस के आधुनिक फीचर्स, बेहतर ड्राइविंग अनुभव एवं सुरक्षा सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ग्राहकों को कार के बेहतर रखरखाव के लिए कार केयर किट के उपयोग एवं महत्व के बारे में भी बताया गया।




ड्रॉ में बरियातु निवासी श्रीमती नीतू सिन्हा विजेता बनी। उन्होंने अपनी विक्टोरिस कार मार्च महीने में डिलीवरी ली थी। विजेता बनने पर श्रीमती सिन्हा एवं उनके परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए प्रेमसंस मोटर्स का आभार व्यक्त किया।
कार्यक्रम में प्रेमसंस मोटर्स के सीएमडी पुनीत पोद्दार, जेएमडी अवध पोद्दार, डीवीपी सुखबीर सिंह, विवेक खत्री (एसएम, कांके) एवं राज कुमार (एसएम, बरियातु) उपस्थित रहे।

## सीसीएल के निःशुल्क शिविर में 165 लोगों की जांच

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सीसीएल के जन आरोग्य केन्द्र, गांधीनगर द्वारा 20 मई, 2026 को शांति सदन, सिलीदीरी बस्ती में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्रीमती प्रीति सिंह (अध्यक्ष, अर्पिता महिला मंडल) एवं डॉ. भरत सिंह (सीएमओ इंचार्ज, गांधीनगरद्व के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुआ। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 165 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।
शिविर में विशेष रूप से हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर एवं हाइपरटेंशन की निःशुल्क जांच की गई। साथ ही अन्य सामान्य एवं मौसमी बीमारियों का उपचार कर मरीजों के बीच निःशुल्क



दवाओं का भी वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में डॉ. प्रीति तिग्गा (सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज), डॉ. अनिता होरो, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. सत्यप्रकाश रंजन, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. राहुल, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## झारखंड में भीषण गर्मी का कहर : डाल्टनगंज सबसे गर्म, पाकुड़ का मौसम रहा सबसे सुहाना

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में पिछले एक सप्ताह से तेज धूप, गर्म हवाओं और उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे दिन के समय सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य के पलामू, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। इनमें डाल्टनगंज राज्य का सबसे गर्म इलाका रहा, जहां अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस



रिकॉर्ड किया गया। लगातार बढ़ते तापमान और तीखी धूप के कारण लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।
जहां राज्य के अधिकांश जिले भीषण गर्मी से झुलसते रहे, वहीं पाकुड़ जिले का मौसम अपेक्षाकृत सुहाना बना रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान यहां अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच केवल चार डिग्री का अंतर दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पाकुड़ में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य में जहां दिन के समय भीषण गर्मी बनी रही, वहीं कुछ इलाकों में रात के तापमान में अपेक्षाकृत गिरावट दर्ज की गई। रांची के नामकुम क्षेत्र में सबसे कम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इससे रात और सुबह के समय लोगों को कुछ राहत महसूस हुई। भीषण गर्मी के बीच राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांधा क्षेत्र में सबसे अधिक 14.4 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

### महिला से छिनतई कर चाकू मारने वाले दो आरोपित गिरफ्तार, एक नाबालिग भी निरुद्ध

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में महिला से छिनतई के दौरान चाकू मारकर घायल करने की घटना में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामले में एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोहम्मद अली उर्फ सुफियान अली और अब्बू रेहान उर्फ आर्यन के रूप में हुई है। नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा ने बुधवार को बताया कि 30 अप्रैल को अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू स्थित पटेल चौक के पास बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने एक महिला पर चाकू से हमला कर मोबाइल फोन लूट लिया था। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना के बाद अरगोड़ा थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर जांच आगे बढ़ाई और जांच के क्रम में हरमू क्षेत्र से दो आरोपितों और एक विधि विरुद्ध किशोर को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### संस्था ने क्रिकेट खिलाड़ियों को दी शुभकामनाओं के साथ विदाई



**रांची।** कुशमाही क्रिकेट एकेडमी, सिमलिया क्रिकेट ग्राउंड, दलादिली रांची के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने के लिए क्रिकेट कोच सुबोध कुशवाहा के निर्देशन में मैकलुस्कीगंज के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाओं और उज्वल भविष्य की कामना के साथ सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। खिलाड़ियों को विदा करने के दौरान लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर एवं मानव अधिकार मिशन की ओर से उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष विजय कुमार पाठक, मानव अधिकार मिशन झारखंड प्रदेश के रामगढ़ जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार गुप्ता, लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष मनीषा देवी, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक बहुरन लोहारा, दीपक कुमार साहु, अरविंद शर्मा तथा मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांस सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अपने संबोधन में विजय कुमार पाठक ने कहा कि एम. एस. धोनी ने रांची का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है और उन्हें विश्वास है कि ये होनहार खिलाड़ी भी भविष्य में क्रिकेट जगत में अपनी अलग पहचान बनाएंगे। वहीं रूपेश कुमार गुप्ता ने खिलाड़ियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### लापता नाबालिग लड़का उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से बरामद

**रांची।** रांची जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से गत छह मार्च से लापता नाबालिग लड़के को पुलिस ने मंगलवार को देर शाम सकुशल बरामद कर लिया है। पंकज रविदास को करीब दो महीने के बाद उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के लोनी कोतवाली क्षेत्र स्थित कस्बा पुलिस चौकी से बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंकज रविदास करीब दो महीने से लापता था। परिजनों ने जगन्नाथपुर थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए रांची पुलिस लगातार बच्चे की तलाश में जुटी थी। रांची एसएसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी और तकनीकी जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस को इनपुट मिला कि नाबालिग लड़का गाजियाबाद इलाके में है। सूचना के आधार पर रांची पुलिस ने उत्तर प्रदेश की पुलिस से संपर्क किया और संयुक्त कार्रवाई कर बच्चे को बरामद कर लिया गया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बच्चा किन परिस्थितियों में गाजियाबाद पहुंचा और उसके पीछे किसी गिरोह या अन्य लोगों की भूमिका तो नहीं है। फिलहाल बच्चे को सुरक्षित रांची लाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### नगर निगम मजदूरों का 21 मई का प्रस्तावित हड़ताल स्थगित

**रांची।** रांची नगर निगम कर्मियों की 21 मई 2026 को प्रस्तावित हड़ताल फिलहाल स्थगित कर दी गई है। यह जानकारी झारखंड नगर निकाय मजदूर यूनियन के अध्यक्ष भवन सिंह ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में बताया कि श्रम विभाग के पत्र और जारी वार्ता के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। यूनियन के अनुसार निगम प्रबंधन के साथ कई मुद्दों पर सहमति बनी है, जिसे लागू करने के लिए समय दिया गया है। इसमें सफाई कर्मियों को प्रतिमाह 200 रुपये धुलाई भत्ता, तीन माह के महंगाई भत्ते (डीए) के बकाया भुगतान और महिला कर्मियों को 26 सप्ताह के मातृत्व अवकाश का लाभ शामिल है। यूनियन ने बताया कि अप्रैल से जून 2025 तक के डीए बकाया की राशि निगम प्रबंधन की ओर से कर्मियों के खातों में भेज दी गई है।

# एसबीयू में प्लेसमेंट ड्राइव, मिल रहा नामी कंपनियों में जॉब का मौका

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) के विद्यार्थियों को एक बार फिर बेहतर पैकेज पर जॉब मिला है। हाल ही में वर्ष 2025 एवं 2026 बैच के विद्यार्थियों के लिए टीसीएस आयोजित कैंपस भर्ती प्रक्रिया में विवि के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस ड्राइव में अन्यान्य महाविद्यालयों एवं संस्थानों के विद्यार्थियों की भी सहभागिता रही। इसी क्रम में, फेरो अलॉय निर्माण एवं निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी बिहार फाउंडरी एंड कास्टिंग्स लिमिटेड भी प्लेसमेंट ड्राइव में सम्मिलित हुआ।
प्लेसमेंट प्रक्रिया में इस साल कॉग्निजेंट, इनटेलीपाट, कोटक लाइफ इंश्योरेंस, कोडयंग समेत कई राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय




कंपनियां भी शिरकत कर रही हैं। इसके पूर्व ईवाई, डेलोयट, आईडीबीआई बैंक, आईटीसी होटल्स लिमिटेड, जीई एयरोस्पेस, बर्जर पेंट्स, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्रा टेक सीमेंट लिमिटेड, इंडस टावर्स, बजाज फाइनेंस और इंफो एज जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में भी विवि के विद्यार्थी चयनित हो चुके हैं। इस वर्ष अब तक 326 से अधिक विद्यार्थियों का सफलतापूर्वक चयन विभिन्न कंपनियों में हो चुका है, जबकि कई कंपनियों के परिणाम अभी लंबित हैं।
सरला बिरला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बताया कि विश्वविद्यालय में उन्हें केवल पुस्तकीय ज्ञान तक ही सीमित नहीं रखा गया, बल्कि आधुनिक प्रयोगशालाओं, लाइव प्रोजेक्ट्स, इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग, तकनीकी वर्कशॉप्स और इंडस्ट्री विजिट के माध्यम से आज के दौर के औद्योगिक वातावरण से भी परिचित कराया गया। इसी व्यावहारिक एवं ज्ञानपरक प्रशिक्षण का परिणाम रहा कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान पूरे आत्मविश्वास के साथ वे कंपनी के अधिकारियों के प्रश्नों का सटीक उत्तर दे सके। विवि के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग के डीन हरिबाबू शुक्ला ने बताया कि विश्वविद्यालय निरंतर प्रयास करती है कि यहां के प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर करियर अवसर उपलब्ध हो सके। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद सह निदेशक प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में बड़ी संख्या में छात्रों के चयन पर हर्ष व्यक्त किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# बच्चों का पोर्नोग्राफी में उपयोग कानूनन अपराध : डालसा

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा माननीय सदस्य सचिव रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) द्वारा 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कांके में नालसा की जागृति योजना-2025 के तहत लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डालसा सचिव राकेश रौशन की उपस्थिति में डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने छात्राओं को



सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य विषय पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने अधिकारों और पॉक्सो एक्ट-2012 की जानकारी होना जरूरी है। किसी भी प्रकार के लैंगिक अपराध, छेड़छाड़, मानसिक या शारीरिक प्रताड़ना की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देना चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चों का उपयोग पोर्नोग्राफी में नहीं किया जा सकता, यह कानूनन गंभीर अपराध है। पॉक्सो एक्ट के तहत दोषियों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। अंत में पीएलवी राजेंद्र महतो ने बाल श्रम और डायन प्रथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम कराना अपराध है। वहीं 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान के तहत आदिवासी चौक, हेहल एवं आईटीआई बस स्टैंड में भी विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को नालसा-झालसा की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जागरूक करते हुए पंपलेट एवं लिफलेट वितरित किए गए।

# सड़क हादसों में जान बचाने वाले आठ लोगों को डीसी ने दिया चेक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने अपने कार्यालय कक्ष में 8 गुड सेमेरिटीन (नेक व्यक्तियों) को दो-दो हजार रुपये का चेक सौंपकर बुधवार को सम्मानित किया। सभी ने विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई थी। मौके पर डीटीओ जितेंद्र यादव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मदद करना सबसे बड़ा मानवता का कार्य है। ऐसे लोगों को सम्मानित करना प्रशासन के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी सम्मानित व्यक्तियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी तत्परता और संवेदनशीलता के कारण कई लोगों की जान बच सकी।

चेक प्राप्त करने वालों में गुलाम मुस्तफा, बसंत कुमार, अशोक कुमार यादव, संजीव कुमार चंद्रवंशी, जफर इमाम, विजय पांडे, पवन कुमार एवं आलोक पटेल शामिल रहे। छतरपुर के कचनपुर निवासी अशोक कुमार यादव ने 13 अप्रैल को मदनपुर में घायल हुए व्यक्ति को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया था।

मुरूमदाग निवासी गुलाम मुस्तफा ने 15 अप्रैल को सिलदाग में हुई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाकर मानवता की मिसाल पेश की।

उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को पुलिस केस समझकर नजरअंदाज नहीं करें। गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने से किसी की जान बचायी जा सकती है। सरकार द्वारा गुड सेमेरिटीन योजना के तहत मदद करने वाले लोगों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित भी किया जाता है। उपायुक्तज ने कहा कि आमजन आगे आएं, मानवता का परिचय दें और सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं।

# एसडीएम से मिलकर चौकीदारों ने रखीं जमीनी समस्याएं

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम के तहत बुधवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में चौकीदार-दफादार (ग्रामीण प्रहरियों) के साथ संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान गांव स्तर की कानून-व्यवस्था, सामाजिक समन्वय, सूचना तंत्र की मजबूती, अफवाह नियंत्रण, ग्रामीण क्षेत्रों में उभरते विवादों की समय पर सूचना और कार्य के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कई चौकीदारों ने कार्यस्थल से जुड़ी गंभीर समस्याओं की शिकायत की, वहीं कुछ चौकीदारों




ने प्रशिक्षण आयोजित कराने का अनुरोध किया। कुछ महिला चौकीदारों ने एसडीएम के समक्ष कार्य संस्कृति से जुड़ी परेशानियों को रखा जिन पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र में 90 नए चौकीदारों की नियुक्ति हुई है, जो अभी अपनी परिवीक्षाधीन अवधि में हैं। ऐसे में उन्हें कार्य संबंधी प्रशिक्षण की काफी आवश्यकता है। संवाद कार्यक्रम के दौरान कई चौकीदारों ने अपनी निजी एवं सेवा संबंधी समस्याओं को भी साझा किया। चौकीदारों ने बताया कि गांव स्तर पर कार्य करते समय उन्हें कई प्रकार की व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसके समाधान की आवश्यकता है। इस अवसर पर विशेष रूप से अंचलाधिकारी, गढ़वा सफी आलम और दो प्रशिक्षु उपसमाहर्ता भी मौजूद थे। उन्होंने चौकीदारों को छुट्टी, हाजिरी, स्थापना एवं सेवा से जुड़े अन्य विषयों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने चौकीदारों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं एवं विभागीय नियमों को लेकर भी आवश्यक जानकारी प्रदान की।

## संक्षिप्त

### पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया



**देवघर।** साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस की छापेमारी जारी है। इस क्रम में साइबर अपराध के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मंगलवार को छापेमारी की। एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार और एक विधि विरुद्ध किशोर को निरुद्ध किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान खमरबाद निवासी 35 वर्षीय रणजीत मंडल के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ साइबर अपराधी फर्जी तरीके से फ्लिपकार्ट, एमजॉन, गूगल पे, फोन पे और एयरटेल पेमेंट बैंक के कस्टमर केयर अधिकारी बनकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। आरोपी कैशबैक, बैंक कार्ड बंद होने और दोबारा चालू कराने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी करते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 5 मोबाइल फोन, 5 सिम कार्ड और 2 प्रतिबिंब सिम बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में बरामद मोबाइल और सिम का उपयोग साइबर ठगी में होने की पुष्टि हुई है।

### बिजली की समस्या को लेकर अभियंता से मिले

**लोहरदगा।** लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति से उत्पन्न समस्याओं के समाधान की को लेकर युवा नेता रोहित उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, संजय कुमार ने विद्युत आपूर्ति विभाग के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात की। नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में खराब ट्रांसफॉर्मर, लो वोल्टेज और नए मोहल्लो में बिजली कनेक्शन नहीं होने जैसी मुख्य समस्याओं को अधिकारी के सामने रखा। उन्होंने कहा कि लगातार बिजली कटौती और ट्रांसफॉर्मर खराब होने से ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यपालक अभियंता ने आश्वासन दिया कि सभी लंबित समस्याओं का निदान जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खराब ट्रांसफॉर्मरों को बदलने और नए कनेक्शन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाएगा।

# अतिरिक्त पोषाहार की राशि नहीं एमडीएम में रागी लड्डू देना बंद

**डीईओ और डीएसई ने जिले के विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा कैसर रजा और जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने बुधवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। पठन-पाठन और मूलभूत सुविधाओं की जांच की। जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने सर्वप्रथम पी.एम.श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय जाटा का निरीक्षण किया। यहां सभी शिक्षकों की उपस्थिति पाई गई। मीनू के अनुसार चावल, दाल एवं आलू पत्तागोभी की सब्जी बनाया गया था। पेयजल की सुविधा उपलब्ध थी, परंतु शौचालय चालू स्थिति में नहीं पाए गए। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि सहायक शिक्षक संजय कुमार दूबे, अशोक कुमार विश्वकर्मा, मीरा कुमारी, निर्मला कुमारी, रंजु कुमारी एवं राज कुमार मेहता द्वारा पाठ योजना संधारित नहीं किया जा रहा है। संबंधित शिक्षकों को पाठ योजना से संबंधित साक्ष्य के साथ प्रभारी प्रधानाध्यापक के माध्यम से स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण तिथि को पाठ योजना संधारित नहीं करने वाले शिक्षकों का निरीक्षण तिथि का एक दिन का वेतन स्थगित किया गया। प्रधानाध्यापक एवं सभी शिक्षकों को प्रतिदिन पाठ-योजना तैयार कर कक्षा संचालन करने की बात कही गई। रा०कृत +2 उच्च विद्यालय मेराल में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित पाये गयें। विद्यालय में पेयजल की सुविधा उपलब्ध थी, परंतु शौचालय चालू स्थिति में नहीं मिला। विद्यालय में काफी गंदगी पाई गई। साथ ही, विद्यालय परिसर में स्थित कुछ भवन काफी जर्जर स्थिति में पाए गए, जिन्हें प्रधानाध्यापक को संबंधित कनीय अभियंता से समन्वय स्थापित कर आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए हटाने एवं विद्यालय में समुचित साफ सफाई एवं रंग रोगन कराने का निर्देश दिया गया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय कधवन, नगर उंटारी कवि में सभी शिक्षा एवं शिक्षा क्षेत्र कर्मी उपस्थित पाए गए। पेयजल के सुविधा उपलब्ध थे, परंतु शौचालय चालू स्थिति में नहीं पाई गई। एक अन्य मामले में विद्यालय के छात्र द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापक पर ट्रांसफर सर्टिफिकेट निर्गत करने के नाम पर अवैध राशि की वसूली की शिकायत उपायुक्त के समक्ष की गई थी। इसके संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा उक्त प्रभारी प्रधानाध्यापक को पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इसमें उत्क्रमित हाई स्कूल अखौरी तहले मंझिआंव एवं प्राथमिक विद्यालय दलको का शामिल था।

## अतिक्रमण हटाने में व्यस्त नगर निगम ऑटो क्लस्टर रोड पर कचरे का साम्राज्य



**आदित्यपुर।** एक ओर आदित्यपुर नगर निगम शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी ओर वार्ड संख्या-11 स्थित ऑटो क्लस्टर रोड पर कचरे का अंबार नगर निगम की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। सड़क किनारे ही नहीं बल्कि मुख्य मार्ग तक फैले कचरे ने राहगीरों का चलना दूभर कर दिया है। यह वही महत्वपूर्ण सड़क है जो आईटी सेक्टर, औद्योगिक क्षेत्र और अस्पताल जैसी जरूरी सुविधाओं को जोड़ती है, लेकिन नगर निगम की लापरवाही के कारण यहां हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई वाहन चालक और आसपास के लोग खुलेआम यहां कचरा फेंक रहे हैं, मगर निगम प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। वार्ड पार्षद मंजू देवी और स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो स्थिति और भयावह हो सकती है। सड़क पर फैले कचरे से न सिर्फ आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि दुर्गंध और संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने नगर निगम प्रशासन से तत्काल सफाई अभियान चलाने, नियमित मॉनिटरिंग करने और कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाने की मांग की है। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने और निगरानी बढ़ाने की भी अपील की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर नगर निगम केवल अभियान चलाने तक सीमित रहेगा और मूलभूत सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं देगा, तो शहर की तस्वीर कभी नहीं बदल पाएगी।

## आदित्यपुर में अवैध स्क्रैप कारोबार पर प्रशासन का शिकंजा, तीन टालों में छापेमारी से मचा हड़कंप



**आदित्यपुर।** सरायकेला अनुमंडल प्रशासन ने बुधवार को आदित्यपुर थाना क्षेत्र में संचालित अवैध स्क्रैप कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग स्क्रैप टालों पर औचक छापेमारी की। अनुमंडल पदाधिकारी अभिनव प्रकाश के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में भारी मात्रा में संदिग्ध स्क्रैप, कंपनियों के उपयोगी सामान, कटे हुए वाहनों के हिस्से, गैस सिलेंडर और नंबर प्लेट बरामद किए गए। कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर गैस कटर मशीन से वाहनों की कटाई का काम चलता मिला। प्रशासन की पहली कार्रवाई आरआईटी मोड़ के समीप संचालित एक स्क्रैप टाल में हुई। जांच के दौरान वहां चारपहिया वाहनों की कटिंग, वाहनों के डाले, नंबर प्लेट और विभिन्न कंपनियों के सामान पाए गए। मौके से गैस कटर मशीन भी बरामद की गई, जिससे वाहन काटे जाने की आशंका जताई जा रही है। इसके बाद टीम ने शेरे पंजाब चौक के पास स्थित एक अन्य स्क्रैप टाल में छापेमारी की। यहां भारी मात्रा में स्क्रैप सामग्री के अलावा पुराने टायर, गैस सिलेंडर और अन्य उपकरण मिले। प्रशासन ने पूरे परिसर की जांच कर सामग्री का सत्यापन शुरू कराया। तीसरी कार्रवाई आदित्यपुर थाना के पीछे संचालित स्क्रैप टाल में की गई। यहां भी बड़ी मात्रा में स्क्रैप जमा मिला। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थित तरीके से रखे गए सामान और संदिग्ध गतिविधियों को देखकर प्रशासनिक अधिकारियों ने नाराजगी जताई। SDO अभिनव प्रकाश ने तीनों स्क्रैप टाल संचालकों से लाइसेंस, खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेज और स्क्रैप के स्रोत संबंधी कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही संबंधित भूमि मालिकों को भी नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन का कहना है कि बिना वैध अनुमति और दस्तावेज के संचालित स्क्रैप कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा।

# गढ़वा में जिला स्तरीय खरीफ कार्यशाला आयोजित

**कम पानी वाली फसलों और आधुनिक खेती अपनाने की दी गई सलाह**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जिला स्तरीय खरीफ कार्यशाला, 2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने की। जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, बैंक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी खरीफ मौसम को देखते हुए किसानों को वैज्ञानिक खेती, जल संरक्षण, कम पानी में होने वाली फसलों, कृषि योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराना था, ताकि बदलते मौसम और संभावित सूखे की परिस्थितियों में भी किसानों की आय और उत्पादन सुरक्षित रह सके।

कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान ने खरीफ मौसम की संभावित परिस्थितियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग के आकलन के अनुसार इस वर्ष वर्षा में लगभग 30 प्रतिशत कमी की संभावना जताई जा रही है। ऐसी स्थिति में किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ कम पानी में होने वाली फसलों की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों को अरहर, उड़द, मूंग, तिल, ज्वार, बाजरा तथा मडुआ जैसी फसलों को विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# विधवा महिला ने उपायुक्त से लगाई गुहार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि


**देवघर।** जिले में भूमि अधिग्रहण मुआवजा भुगतान में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए एक विधवा महिला ने उपायुक्त को आवेदन सौंपा है। रिखिया थाना क्षेत्र के बिहरोजी गांव निवासी रतनी देवी ने आरोप लगाया है कि देवघर बाईपास सड़क निर्माण परियोजना के तहत मौजा नकटी एवं फतेहपुर की अधिग्रहित जमीन के मुआवजा वितरण में अनियमितता की गई है।

महिला का कहना है कि उनके पिता स्वर्गीय हरि महतो की संपत्ति में पुत्रियों का नाम जानबूझकर पारिवारिक सूची से हटा दिया गया, जबकि पुत्रों के नाम दर्ज कर मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई। उन्होंने गांव के मुखिया, राजस्व कर्मियों, अंचल कार्यालय तथा भू-अर्जन पदाधिकारी पर मिलीभगत का आरोप लगाया है।

रतनी देवी ने बताया कि ग्राम सभा में उनसे टीप निशान लेकर आश्वासन दिया गया था कि उनका नाम भी पारिवारिक सूची में जोड़ दिया गया है, लेकिन जब वे अपने हिस्से के मुआवजे की जानकारी लेने भू-अर्जन कार्यालय पहुंचीं तो उन्हें सूची में नाम नहीं है।

# मतदाताओं के लिए धनबाद समाहरणालय में हेल्प डेस्क शुरू

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) 2026 कार्यक्रम के तहत मतदाता सेवा को सुगम बनाने एवं सभी योग्य नागरिकों, विशेष रूप से दिव्यांग, प्रवासी एवं बुजुर्ग मतदाताओं को शामिल करने के लिए समाहरणालय में हेल्प डेस्क शुरू किया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि हेल्प डेस्क में एसआइआर की समय सीमा, पात्रता और पंजीकरण, नाम में सुधार करने या हटाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही मतदाताओं के पिछले या अंतिम एसआइआर रिकॉर्ड खोजना, उनसे जोड़ने में सुविधा प्रदान की जाएगी। मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने और जमा करने में सहायता प्रदान की जाएगी। हेल्प डेस्क में प्रवासी मतदाताओं को उनके वर्तमान और पिछले विधानसभा क्षेत्र की पहचान करने में सुविधा दी जाएगी। साथ में यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि उनका पंजीकरण सही स्थान पर हो रहा है। इसके अलावा उनको हेल्पलाइन नंबर 0326-1950, ईसीआइ नेट मोबाइल एप, एवं अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक करें, के प्रयोग के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। हेल्प डेस्क के सुचारू संचालन के लिए चार हेल्प डेस्क मैनेजर की प्रतिनियुक्ति की गई है। यह समाहरणालय के प्रथम तल के कमरा नंबर 111 ए में है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी हेल्प डेस्क मैनेजर को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआइआर (2026) में आम नागरिकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए निर्देशित किया है।

# उपायुक्त के पास पहुंची मुखिया के कमीशन मांगे जाने की शिकायत

**जन समाधान दिवस में आई विभिन्न समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जन समाधान दिवस का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रखा।

जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की प्रति अग्रसारित करते हुए सभी मामलों में त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मामलों का निष्पादन 15 दिनों के भीतर हर हाल में किया जाए।

हुसैनाबाद वार्ड संख्या-16 निवासी रियाजुद्दीन अंसारी ने मोबिन आलम द्वारा घर का रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायत की। नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम चौरा के पंचायत समिति सदस्य ने 15वें वित्त आयोग वर्ष 2022-23 की योजना में भुगतान लंबित रहने एवं स्थानीय मुखिया द्वारा कमीशन मांगे जाने संबंधी शिकायत उपायुक्त के समक्ष रखी।

मेदिनीनगर शहर के साहित्य समाज चौक निवासी दीपक कुमार ने रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। पड़वा प्रखंड निवासी अशोक साव ने एनएच-75 निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान नहीं किए जाने को लेकर आवेदन सौंपा।

जन समाधान दिवस के दौरान विभिन्न अन्य मामलों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। कई मामलों में उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित बीडीओ एवं सीओ से दूरभाष पर संपर्क कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूमि विवाद, सार्वजनिक रास्ता अतिक्रमण, अयोग्य लाभुकों को पीएम आवास योजना का लाभ दिए जाने, दाखिल-खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति, पेयजल, शिक्षा एवं कल्याण विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

# भाजपा का धरना, किसानों की अनदेखी का लगाया आरोप

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बिशुनपुरा (गढ़वा)।** भाजपा कार्यकताओं ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय बिशुनपुरा के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने किसान विरोधी सरकार वापस जाओ और किसानों का बकाया भुगतान करो जैसे नारे लगाए। भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार पर किसानों एवं आम जनता के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया। धरना को संबोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अशोक पासवान ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान



सरकार ने किसानों से धान 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदने और किसानों का ऋण माफ करने का वादा किया था, लेकिन अब तक वादे पूरे नहीं हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रही है, जिससे किसान हताश और परेशान हैं। मंडल अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, भाजपा नेता जगदीश चंद्रवंशी, शिव प्रसाद चंद्रवंशी, मंदीप मेहता, अनिरुद्ध मेहता, प्रदेश भंडारी, महेंद्र पासवान, राजनाथ राम, दयाशंकर बैठा, पवन पासवान, मुन्ना पासवान, राकेश राज केशरी, देवेंद्र मेहता, प्रेमचंद गुप्ता, विचार पासवान, धर्मदेव पांडेय समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सोनुआ में भाजपा का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ प्रखंड में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक गुरुचरण नायक और भाजपा सोनुआ प्रखंड अध्यक्ष निशांत कुमार महतो के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के माध्यम से मांग पत्र भेजा और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। भाजपा नेताओं ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जनहित के मुद्दों की अनदेखी करने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। नेताओं का कहना था कि सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में किसानों से खरीदे गए धान का भुगतान जल्द करने की मांग की गई। भाजपा नेताओं ने कहा कि सरकार ने किसानों से धान की खरीद तो कर ली, लेकिन अब तक उन्हें उनकी उपज का पैसा नहीं मिला है, जिससे किसान आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। इसके साथ ही वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। नेताओं ने आरोप लगाया कि कई लाभुकों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा कार्यकताओं ने सोनुआ प्रखंड में वर्षों से खराब पड़ी पेयजल व्यवस्था पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को पानी के लिए काफी दिक्कत झेलनी पड़ रही है, लेकिन प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। ज्ञापन में आवास, पुल-पुलिया और पीसीसी सड़क निर्माण जैसी योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए बालू की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके अलावा मनरेगा कर्मियों के लंबित वेतन का भुगतान जल्द करने की भी अपील की गई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गुरुचरण नायक ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति कमजोर हो चुकी है और भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पास विकास को लेकर कोई स्पष्ट योजना नहीं है और आम जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है।

## संघरी घाटी में बड़ा हादसा टला : आम लदा पिकअप पलटा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतरा।** जिले के संघरी घाटी में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। आम से लदा एक पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटना में चालक को मामूली चोटें आईं, लेकिन उसकी जान बाल-बाल बच गई। हादसे के बाद कुछ देर के लिए गयाझचतरा मुख्य सड़क मार्ग पर अफरातफरी मच गई और यातायात बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घाटी के मोड़ पर सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने अचानक कट मार दिया, जिससे पिकअप चालक संतुलन खो बैठा। तेज ढलान और तीखे मोड़ के कारण वाहन सड़क पर ही पलट गया। गनीमत रही कि उस समय सड़क पर अन्य भारी वाहन नहीं थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना के एसआई प्रवीण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे हटवाया और जाम को खुलवाकर यातायात पुनः सुचारू कराया। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद सड़क पर आवागमन सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि संघरी घाटी में आए दिन तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रशासन से मांग की गई है कि घाटी क्षेत्र में यातायात नियंत्रण के लिए सख्त निगरानी और चेतावनी संकेत लगाए जाए।

### संक्षिप्त

## चतरा में गर्मी का कहर, पारा 42 डिग्री पर



**चतरा।** जिले में भीषण गर्मी का कहर जारी है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। गर्मी के कारण जनजीवन बेहाल हो गया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग बीमार पड़ने लगे हैं। सदर अस्पताल में उल्टी-दस्त और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अस्पताल में सबसे अधिक बच्चे और बुजुर्ग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। गर्मी के अभिभवको ने बच्चों को स्कूल भी भेजना बंद कर दिया है। इनका कहना है कि गर्मी कम होने पर ही बच्चे स्कुल जायेंगें। चिकित्सकों के अनुसार तेज गर्मी और शरीर में पानी की कमी के कारण लोग तेजी से बीमार हो रहे हैं। कई मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है, जबकि कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा गया। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलने, अधिक से अधिक पानी पीने, ओआरएस और तरल पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी है। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। भीषण गर्मी के कारण बाजारों और सड़कों पर भी सन्नाटा देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है।

## आजसू और राम रहीम सेना समर्थकों के बीच हिंसक झड़प

**धनबाद।** धनबाद के लोयाबाद थाना क्षेत्र स्थित बांसजोड़ा में बुधवार को आजसू और राम रहीम सेना समर्थकों के बीच हिंसक झड़प हुई। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने और फायरिंग की भी बात सामने आ रही है। घटना में 06 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जबकि कई बड़े और छोटे वाहनों में तोड़फोड़ की गई। बताया जा रहा है कि बांसजोड़ा इलाके में चल रहे अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ आजसू नेत्री रजनी देवी ने पुलिस को लिखित शिकायत दी थी। आरोप है कि शिकायत से नाराज लोगों ने आजसू समर्थकों पर हमला बोल दिया।

# भाजपा ने धरना देकर सरकार के किसान विरोधी नीतियों का किया विरोध

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के पटमदा प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर की ओर से धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और किसान शामिल हुए। धरने के माध्यम से भाजपा नेताओं ने राज्य की हेमंत सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने, धान खरीद में अव्यवस्था फैलाने, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर वादा पूरा नहीं करने और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। धरना कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा ने किया। इस दौरान पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां, नीरज सिंह, नीलू पछुआ, प्रदीप महतो, प्रदीप मिश्रा, कृष्ण पड़ोसी, सनातन दास, मधुसूदन महतो सिहत कई भाजपा नेता मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सिर्फ आश्वासन देने का काम कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीद केंद्रों में भारी अव्यवस्था है और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भाजपा आंदोलन को और तेज करेगी। पूर्व सांसद आभा महतो ने कहा कि किसानों की मेहनत का सम्मान होना चाहिए, लेकिन राज्य सरकार उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है। वहीं पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने कहा कि ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को अब तक पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में नाराजगी बढ़ रही है। धरना-प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की।

## अवैध लकड़ी मिल चलाने पर संचालक को एक साल की सजा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**दुमका।** अवैध रूप से लकड़ी मिल संचालन करने के मामले में संचालक संजय मुखर्जी को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने एक साल की सजा सुनाई और पांच हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। मेसर्स संजय ट्रेडर्स का लकड़ी मिल जामा के सरसाबाद गांव में था। 8 जुलाई 2022 को वन प्रमंडल पदाधिकारी व हिजला पश्चिम प्रक्षेत्र के वन पदाधिकारी के नेतृत्व में लकड़ी मिल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान लकड़ी मिल चालू पाया गया था। मिल के किसी के द्वारा मिल स्टॉक पंजी नहीं दिखाया गया। प्रथम दृष्टया में वन अपराध की पुष्टि होने पर बिहार सम्पति झारखंड काष्ठ चिरान की धारा 07 की उपधारा तथा भारतीय वन अधिनियम की धारा उल्लंघन करने पर सॉ मिल मशीन,विभिन्न प्रजाति के लकड़ी आदि सामानों को जब्त कर प्राथमकी दर्ज की दर्ज की गई थी। मामले में एपीपी शशिकांत ठाकुर ने बहस की।

## सड़क हादसे में जीजा और साला की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**दुमका।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के रामगढ़-सिंदुरिया सड़क मार्ग पर कनियाजमाई गांव के समीप भीषण सड़क हादसे में बुधवार को जीजा और साला की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के कोनापाथर गांव के फुलबाबु मड़ैया (23) और इतवारी मड़ैया रूप में हुई है। बहनोई इतवारी मड़ैया गोड्डा जिला का रहने वाला बताया जा रहा है। दोनों रिश्ते में जीजा और साला है। जानकारी के अनुसार बुधवार को दोनों जीजा और साला बाइक से सिंदुरिया मोहनपुर के रास्ते रामगढ़ आ रहे थे कि अचानक बाईक तेज गति होने के कारण दोनों बाईक सवार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गये। टक्कर इतना भयंकर थी कि दोनों का सिर फट गया और दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर रामगढ़ पुलिस दोनों गंभीर रूप से घायलों को रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सक ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। वहीं इस घटना से दोनों मृतकों के गांव में सन्नाटा पसरा है।

## आदिम जनजाति परिवारों के लिए विशेष शिविर आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतरा।** पत्थलगडा प्रखंड के ग्राम पंचायत बरवाडीह के शीतलपुर बिरहोर टोला में जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी - सबसे दूर, सबसे पहले कार्यक्रम के तहत बुधवार विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चतरा सांसद कालीचरण सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है और लोकतंत्र की खूबसूरती भी इसी में है। उन्होंने कहा कि विशेष शिविर के माध्यम से आदिम जनजाति परिवारों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुखिया महेश दांगी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए। बीडीओ उदल राम ने बताया कि शीतलपुर में 32 बिरहोर परिवार निवास करते हैं। सभी परिवारों को आधार कार्ड से जोड़ा गया है और दो बच्चियों का नामांकन कस्तूरबा विद्यालय में कराया गया है। अन्य बच्चों का नामांकन भी आंगनबाड़ी और विद्यालयों में सुनिश्चित किया गया है। सभी परिवारों को समय पर राशन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद कालीचरण सिंह ने बिरहोर परिवारों की सुविधा के लिए अपने मद से बिरहोर टोला में चबूतरा निर्माण की घोषणा की। वहीं बीडीओ ने विद्युत विभाग को सभी बिरहोर आवासों में शीघ्र बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## देवघर में जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन




**देवघर।** शिल्प ग्राम ऑडोटोरियम हॉल में जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला का बुधवार को आयोजन किया गया। उक्त कार्मशाला का उद्घा टन जिला परिषद अध्याक्ष श्रीमती किरण कुमारी ने किया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी टुडू ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित और देवघर जिला में सुखाड़ से निपटने के लिए वैकल्पिक फसल योजना के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। अगामी मौसम के पूवार्नुमान के आलोक में कम वर्षा होने की स्थिति में वैकल्पिक फसल योजना के तहत अल्प अवधि वाले फसल लगाने की सलाह दी। मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनारे के लिए संतुलित उर्वरक उपयोग प्रणाली एवं जिला को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रमाणित बीज के उत्पादन संबंधी जानकारी दी। आगे डीआरडीए निदेशक द्वारा किसानों को पारंपारिक तरिके से खेती कार्य छोड़ कर स्मार्ट खेती करने एवं कृषि उत्पाद को बढ़ाने की सलाह दिया गया। जिला भूमि संरक्षण पदाधिकरी के द्वारा अनुदान पर कृषि यंत्रीकीकरण से संबंधित एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी दीपांकर ने सुखाड़ राहत में मत्स्य पालन से संबंधित जानकारी दी।। तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ पूनम सोरेन के द्वारा पशुपालन एवं पौधो के रोग से संबंधित जानकारी दी गई। रवीन्द्रनाथ ट्रैगोर कृषि महाविद्यालय के सह प्रध्यापक डॉ अदिति तिर्की के द्वारा वैकल्पिक फसल योजना के तहत कम पानी से कौन-कौन से फसल उगाये जाए जैसे मडुआ, बाजरा, प्रभेद एचएचबी-87 एवं अल्प अवधि वाले फसल लगाने की सलाह दी। एग्रीकल्चर इंजीनिरिंग के प्रध्यापक विष्णु आनंद, सीड ड्रील, जीरोटिलेज, मल्टीमिलेट थ्रेसर का उपयोग संबंधी जानकारी दी गई। डॉ चमन कुमार के द्वारा पौधा संरक्षण से संबंधित फसलों पर लगने वाले रोग के निदान से संबंधित जानकारी दी गई।

## लोहरदगा में तंबाकूयुक्त पान मसाला के खिलाफ विशेष छापेमारी



**लोहरदगा।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मोईन अख्तर के नेतृत्व में निकोटिन एवं तंबाकूयुक्त पान मसाला के खिलाफ बुधवार को विशेष सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न किराना दुकानों, थोक एवं खुदरा व्यापारियों, जनरल स्टोरों एवं एजेंसियों का निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में मेसर्स प्रिंस स्टोर से सिगनेचर एवं विमल पान मसाला, मेसर्स सजु स्टोर से कमला पसंद पान मसाला और अन्य प्रतिष्ठानों से चुटकी फुल फन माउथ फ्रेशनर का वैधानिक नमूना संग्रह किया गया। इन नमूनों को निकोटिन की जांच के लिए एफएसएसएआई द्वारा संचालित राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला (एनएफएल), कोलकाता भेजा जा रहा है। इसके अलावा न्यू रोड स्थित मेसर्स पतंजली आरोग्य केन्द्र से बेसन, मिशन चौक स्थित मेसर्स राजेश कुमार अग्रवाल किराना दुकान से चॉकलेट और दलिया, मेसर्स प्रिशा ट्रेडर्स से फूड कलर और मिक्स अचार के नमूने भी लिए गए। इन सभी नमूनों को जांच के लिए नामकुम, रांची स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा। खाद्य विश्लेषक की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान दुकानों की साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और एक्सपायरी तिथि की भी जांच की गई। कई दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी दी गई। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मोईन अख्तर ने कहा कि जन स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक कर्मी रजनीश कुमार भी मौजूद थे।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में देशभर के केमिस्टों की हड़ताल, चतरा में भी दिखा व्यापक असर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**चतरा।** अवैध और अनियंत्रित ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर बुधवार को देशव्यापी एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का आयोजन किया गया। इस देशव्यापी आंदोलन के समर्थन में चतरा जिला केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन और झारखंड राज्य केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के निर्देश पर चतरा जिले के सभी दवा विक्रेताओं ने अपने प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रखे। इस दौरान स्थानीय प्रशासन के माध्यम से देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

**तीन प्रमुख मुद्दों पर ध्यानाकर्षण**

दवा विक्रेताओं ने स्थानीय संभागीय आयुक्त, जिलाधिकारी, एसडीएम और तहसीलदार के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में सरकार का ध्यान मुख्य रूप से तीन गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित किया है:

1. दवाओं की अवैध और अनियंत्रित ऑनलाइन बिक्री पर रोक।
2. बिना किसी वैध और सत्यापित चिकित्सीय पर्चे (ढ१ी२१७स्र३्रङ्मल्ल) के धड़ल्ले से हो रही दवाओं की बिक्री और उनकी होम डिलीवरी।
3. ऑनलाइन दवा प्लेटफॉर्म्स द्वारा अत्यधिक छूट (डिस्काउंट) देने की अनुचित व्यापार नीति, जिससे छोटे और लाइसेंसी केमिस्टों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

**नियमों को वापस लेने की मांग**

ज्ञापन में विशेष रूप से **GSR** 817(ए) एवं **GSR** 220(ए) को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई है। दवा संघ का आरोप है कि विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स और क्विक कॉमर्स ऑपरेटर्स इन नियमों का दुरुपयोग कर अनियंत्रित तरीके से दवाएं डिलीवर कर रहे हैं। केमिस्टों का कहना है कि दवाएं कोई सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं हैं। उचित सत्यापन के बिना इनकी ऑनलाइन बिक्री जन स्वास्थ्य, मरीजों की सुरक्षा और 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट' के नियमों के लिए एक गंभीर खतरा है।

**शांतिपूर्ण रहा आंदोलन, आवश्यक सेवाएं रहीं बहाल**

चतरा जिला केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष *बिरजू केशरी* और सचिव *अविनाश बुल्के* ने बताया कि जिले में यह हड़ताल पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। उन्होंने याद दिलाया कि कोविड महामारी के दौरान इन्हीं केमिस्टों ने फ्रंटलाइन हेल्थकेयर वर्कर्स की तरह अपनी जान जोखिम में डालकर जनता तक दवाएं पहुंचाई थीं, लेकिन बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद सरकार ऑनलाइन गतिविधियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। हालांकि, हड़ताल के दौरान मानवीय दायित्व निभाते हुए एसोसिएशन द्वारा जरूरतमंद और आपातकालीन मरीजों के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी।

## एसआईआर को लेकर एईआरओ व बीएलओ सुपरवाइजर संग बैठक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद दास की अध्यक्षता में लोहरदगा एवं ईआरओ के द्वारा सभी एईआरओ/ बीएलओ सुपरवाइजर के साथ एसआईआर से सम्बंधित समीक्षा बैठक की गई। बैठक में वैसे सुपरवाइजर जिनका मैपिंग की प्रतिशत काम हैं, उन्हें 2 दिनों के अन्दर मैपिंग की प्रतिशत बढ़ाने का आदेश दिया गया। शहरी क्षेत्रो मे मैपिंग की संख्या बहुत कम हैं। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आदेश दिया गया कि वैसे मतदाता जिनका दो जगह नाम दर्ज हैं, उसके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। जो बीएलओ कार्य करने में लापरवाही बरत रहे हैं, उन्हें सूचित किया जाए कि निर्वाचन जैसे कार्य मे लापरवाही बरतने पर अपने मूल कार्यो से भी निष्कासित किया जा सकता हैं। अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा के द्वारा आदेश दिया गया कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य मे लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 30 मई, 2026 तक सभी तरह के डीएसई को निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

## संपादकीय

### महाशक्तियों की राजनीति

**विश्व** राजनीति के वर्तमान दौर में यह सवाल लगातार गहराता जा रहा है कि क्या महाशक्तियां वास्तव में वैश्विक शांति और मानवता के हितों के प्रति जिम्मेदार हैं, या उनकी प्राथमिकता केवल अपने आर्थिक और रणनीतिक हितों तक सीमित होकर रह गई है। हाल में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई वार्ता ने इस बहस को और तेज कर दिया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, होर्मुज जलमार्ग संकट और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच दुनिया को उम्मीद थी कि दोनों महाशक्तियां समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल करेंगी, लेकिन वार्ता का केंद्र मुख्यतः व्यापारिक समझौते और द्विपक्षीय हित ही बने रहे। यह स्थिति वैश्विक नेतृत्व की बदलती मानसिकता को दर्शाती है। कभी अमेरिका स्वयं को उदार वैश्विक व्यवस्था का संरक्षक बताता था, जहां लोकतंत्र, सहयोग और सामूहिक आर्थिक विकास की बात होती थी। लेकिन अब उसकी विदेश नीति में स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय हित सर्वोपरि का दृष्टिकोण दिखाई देता है। दूसरी ओर चीन भी वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा के साथ अपने आर्थिक और सामरिक प्रभाव का विस्तार करने में जुटा है। ऐसे में दोनों देशों के बीच सहयोग का अर्थ अब वैश्विक स्थिरता नहीं, बल्कि परस्पर लाभ का समीकरण बनता जा रहा है। जी-2 की अवधारणा कभी दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के सहयोग के जरिए वैश्विक आर्थिक संकटों से निपटने की उम्मीद के रूप में सामने आई थी। वर्ष 2008 के वित्तीय संकट के दौरान अमेरिका और चीन द्वारा दिए गए आर्थिक प्रोत्साहन पैकेजों ने विश्व अर्थव्यवस्था को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय यह विश्वास था कि बड़ी शक्तियां अपने प्रभाव का उपयोग वैश्विक संतुलन और स्थिरता के लिए करेंगी। मगर वर्तमान परिस्थितियां इस सोच के विपरीत दिखाई देती हैं। आज पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। होर्मुज जलमार्ग में अस्थिरता के कारण ऊर्जा संकट गहराने लगा है, तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव बढ़ रहा है और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाएं दबाव में हैं। ऐसे समय में दुनिया को प्रभावी कूटनीतिक हस्तक्षेप और संतुलित नेतृत्व की जरूरत है। चीन, जिसकी पश्चिम एशिया में बढ़ती आर्थिक उपस्थिति है, शांति प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता था। वहीं अमेरिका भी अपने प्रभाव का उपयोग तनाव कम करने के लिए कर सकता था। लेकिन दोनों देशों की प्राथमिकताओं में यह मुद्दा प्रमुखता नहीं पा सका।

# समावेशी विकास में भागीदारी का सवाल

**अर्चना कुमारी**

भारत में महिलाएं देश की आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं। जब भी हम महिलाओं की समानता की बात करते हैं, तो यह भूल जाते हैं कि किसी भी वर्ग में समानता के लिए सबसे पहले अवसरों का बराबर होना बेहद जरूरी है। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि देश की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अभी भी हाशिये पर है। यह स्थिति तब है, जबकि महिलाओं ने, राजनीति में जब भी मौका मिला, अपनी योग्यता और क्षमताओं का लोहा मनवाया है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आजादी के 75 वर्षों में लैंगिक समानता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियां आखिर गिनती की ही क्यों रह गई हैं? सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में इस असमानता की खाई को अब तक क्यों नहीं भरा जा सका है? इसमें कोई दोराय नहीं है कि स्त्री शक्ति ने देश-दुनिया में समय-समय पर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया है। मगर महिलाओं को कमतर होने का अहसास दिलाने की पुरुष वर्ग की मानसिकता आज भी उन्हें उनके हक से वंचित कर रही है। नारी सशक्तीकरण की बातें कागजी योजनाओं में काफी अच्छी लगती हैं, पर धरातल पर अभी काफी कुछ होना बाकी है। खासतौर से देश की आधी आबादी को लोकतांत्रिक व्यवस्था में बराबरी का हक देने को लेकर।

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि विधायिका में महिलाओं के लिए पचास फीसद नहीं, बल्कि महज तैंतीस फीसद आरक्षण की मांग आज भी अधूरी है। पंचायत और स्थानीय निकाय स्तर पर आरक्षण से महिलाओं को प्रतिनिधित्व का मौका जरूर मिला, लेकिन यहां भी उनका कितना सशक्तीकरण हो पाया है, यह किसी से छिपा नहीं है। शिक्षित, आर्थिक रूप से स्वावलंबी और ऊंचे पदों पर बैठी महिलाओं के विपरीत लैंगिक भेदभाव की उस तस्वीर को भी देखना होगा, जहां महिलाओं को यह भी पता नहीं कि कानून ने किन-किन क्षेत्रों में उन्हें कितना संरक्षित कर रखा है। संसद में भी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। वर्ष 2024 के संसदीय चुनावों के बाद महिला सांसदों का प्रतिनिधित्व मात्र चौदह फीसद ही है, इसीलिए उन पर दायित्व और प्रतिनिधित्व का भार निर्वाचित पुरुष सांसदों से कहीं अधिक है।

देश की मौजूदा जनसंख्या के अनुसार, लोकसभा में एक निर्वाचित सांसद औसतन 26 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि एक निर्वाचित महिला सांसद औसतन 92 लाख महिलाओं का प्रतिनिधित्व करतीं है। ऐसे में निर्वाचित महिला सांसदों का राजनीतिक दायित्व भी कहीं अधिक है। जाहिर है, महिला अधिकारों और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व के दावों तथा उसकी वास्तविकता के मध्य एक गहरा विरोधाभास है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि डा आंबेडकर महिलाओं की उन्नति के प्रबल पक्षधर थे। उनका मानना था कि किसी भी समाज का मूल्यांकन इस बात से किया जाता है कि उसमें महिलाओं की क्या स्थिति है।



> ***देश की मौजूदा जनसंख्या के अनुसार, लोकसभा में एक निर्वाचित सांसद औसतन 26 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि एक निर्वाचित महिला सांसद औसतन 92 लाख महिलाओं का प्रतिनिधित्व करतीं है। ऐसे में निर्वाचित महिला सांसदों का राजनीतिक दायित्व भी कहीं अधिक है। जाहिर है, महिला अधिकारों और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व के दावों तथा उसकी वास्तविकता के मध्य एक गहरा विरोधाभास है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि डा आंबेडकर महिलाओं की उन्नति के प्रबल पक्षधर थे। उनका मानना था कि किसी भी समाज का मूल्यांकन इस बात से किया जाता है कि उसमें महिलाओं की क्या स्थिति है।***

दुनिया की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है, इसलिए जब तक उनका समुचित विकास नहीं होता, कोई भी देश चहुंमुखी विकास नहीं कर सकता। डा आंबेडकर का मानना था कि सही मायने में प्रजातंत्र तब आएगा, जब महिलाओं को पैतृक संपत्ति में बराबरी का हिस्सा मिलेगा, उन्हें पुरुषों के समान अधिकार दिए जाएंगे और घर-परिवार एवं समाज में बराबरी का दर्जा मिलेगा। यह सच है कि शिक्षा और आर्थिक तरक्की महिलाओं को सामाजिक बराबरी दिलाने में मदद करेगी। मगर इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि देश में पितृसत्तात्मक मानदंडों और परंपरागत मानसिकता के कारण महिलाओं को हाशिये पर रखा गया। आजादी के बाद देश के संविधान ने यह व्यवस्था दी कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में पुरुषों एवं महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया जाएगा, लेकिन अधिकांश राज्य विधानसभाओं में महिला सदस्यों के प्रतिनिधित्व का परिदृश्य आज भी निराशाजनक है।

वास्तव में देश की आधी आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा अभी भी अपने मूलभूत अधिकारों से वंचित है। विश्व आर्थिक मंच की 'ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स-2022इ की रिपोर्ट में भारत का नाम 146 देशों की सूची में 135वें स्थान पर रहा है। यह भी सच है कि भारत समेत अनेक देशों में आज भी महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर जागरूक नहीं हैं। लिंगभेद का शिकार सबसे ज्यादा आज भी महिलाएं ही हैं। कई परिवारों में लड़कियों को इस दौर में भी पढ़ाई से दूर रखा जाता है। जो महिलाएं घर-परिवार के प्रोत्साहन और संघर्ष से किसी तरह आगे निकल जाती हैं, उन्हें कभी पदोन्नति में बाधा, तो कभी कार्यस्थल पर उत्पीड? झेलना पड़ता है। इसके अलावा देश में महिलाओं के कुपोषण का आंकड़ा भी हैरान करने वाला है।

आज जरूरत इस बात की है कि महिलाओं को सिर्फ वोट बैंक न समझा जाए। महिला सशक्तीकरण के नाम पर उन्हें हर महीने चंद रुपए की आर्थिक मदद देने से वे सही मायनों में सशक्त नहीं हो पाएंगी। कायदे से महिलाओं को हर क्षेत्र में प्राथमिकता दी जानी चाहिए और उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना होगा। यह तभी संभव होगा, जब महिलाओं की राजनीति में हिस्सेदारी बढ़ेगी और उनसे जुड़े मसलों पर विचार-विमर्श के बाद नीत निर्माण होगा। देश में महिलाओं की सुरक्षा का सवाल भी अहम है। आज स्थिति यह है कि महिलाएं घर और बाहर कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले साल-दर-साल बढ़ रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने के लिए कानून नहीं बनाए गए हैं, मगर उनका प्रभावी अनुपालन नहीं हो पा रहा है। नतीजतन पीड़ित महिलाओं को न्याय के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ता है। इसके बाद भी यह निश्चित नहीं होता है कि उन्हें सही मायने में न्याय मिल पाएगा या नहीं। ऐसे में महिलाएं अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने से भी कतराती हैं। इस स्थिति को हर हाल में बदलना होगा।

दरअसल, महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़े जाने की जरूरत है। देश की राजनीति से लेकर रोजगार के मामले में महिलाओं की भागीदारी कम होने के पीछे प्रमुख कारण अब तक समाज में पितृसत्तात्मक ढांचे का मौजूद होना है। महिलाओं के प्रतिनिधित्व के मुद्दों पर राजनीतिक वर्ग का भेदभावपूर्ण रवैया चिंताजनक है। इसलिए यह अनिवार्य हो जाता है कि विभिन्न स्तर पर महिलाओं की हिस्सेदारी का विश्लेषण किया जाए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि समाज में आज भी कितनी असमानता है और इसे कैसे दूर किया जा सकता है। अगर संसद से इस असमानता को समाप्त करने की शुरूआत की जाए, तो संभवतः यह देश के लिए एक बड़ा संदेश होगा और साथ ही महिला सशक्तीकरण की दिशा में बड़ी पहल साबित होगी। हमें इस बात को समझना होगा कि पुरुषों और महिलाओं की समान भागीदारी न केवल न्याय और लोकतंत्र के लिए अहम है, बल्कि यह सुव्यवस्थित मानव अस्तित्व के लिए भी अनिवार्य है। जाहिर है, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक और प्रशासन से लेकर राजनीति तक महिलाओं को अभी व्यापक अवसर तथा सुविधाएं देना बाकी है। यह काम सरकारों को भी करना होगा और समाज को भी।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# क्या हम समय को मात देना चाहते हैं?

**मनीष कुमार चौधरी**

पिछली बार हमने कब किसी बेरहम घड़ी के साथ दौड़ लगाई थी? घड़ी देखते हुए शायद कभी हमने नाश्ता या पसंदीदा चाय बीच में छोड़ दी हो, पसीना बहाया हो, टैक्सी के लिए पैसे खर्च किए हों या अपने परिवार के साथ समय बिताने का मौका गंवा दिया हो। हममें से कई लोग समय के गुलाम बन गए हैं। हमारे दिन का एक बड़ा हिस्सा पहले से तय मिलने के समय या अपाइंटमेंट और डेडलाइन, यानी अंतिम समय का पीछा करने में ही बीत जाता है। मगर यह वह कौन-सी चीज है, जिसे हम हराने की कोशिश कर रहे हैं? घड़ी को या समय को! हम अक्सर समय को एक ऐसी चीज के रूप में सोचते हैं, जो लगातार चलती रहती है। कहीं टिक-टिक करती रहती है और जिसे धीमा करना या रोकना नामुमकिन है। मगर वैज्ञानिक नजरिया बताता है कि ऐसा घड़ी का समय यानी वाच टाइम अपने आप में कोई स्वतंत्र, भौतिक घटना नहीं है।यह एक गणितीय औजार या हिसाब-किताब रखने का एक साधन मात्र है, जो हमारे आपसी तालमेल को बिठाने में तो मददगार है, लेकिन जिसका अपना कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। पैसे जैसी अन्य महत्त्वपूर्ण खोजों की तरह अब हम इसके बिना गुजारा नहीं कर सकते।

घड़ी से जुड़े इस भ्रम को तोड? से हमें इस बात पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी कि जीवन असल में कैसे आगे बढ़ता है, और इसे अपनी मर्जी के मुताबिक ढालने की कितनी शक्ति हमारे पास है। हालांकि समय के साथ नहीं चल पाने या समय निकल जाने को लेकर हम न जाने कितनी बार फिक्रमंद होते होंगे!



हम शायद ही कभी किसी न किसी रूप में घड़ी की पहुंच से बाहर होते हैं। फिर भी समय पहले से कहीं ज्यादा दुर्लभ प्रतीत होता है। हम जितने ज्यादा कुशल और उत्पादक बनने की कोशिश करते हैं, जितनी बारीकी से समय को मापते हैं और अपने व्यस्त कार्यक्रम में जितनी ज्यादा चीजें ठूंसने की कोशिश करते हैं, उतना ही महसूस होता है कि हमारे पास समय कम होता जा रहा है। इसका हमारे जीवन की गुणवत्ता पर गहरा असर पड़ता है। हम समय के लगातार कम होते जाने के एक दुश्चक्र में फंसकर हर एक सेकंड का पीछा करने में ही उलझ कर रह सकते हैं।

हमारे पास समय को महसूस करने के लिए न तो कोई संवेदी अंग है और न ही इसे ट्रैक करने के लिए दिमाग का कोई खास हिस्सा है। समय का हमारा अनुभव बहुत अलग-अलग हो सकता है। अगर हम ऊब रहे हों या असहज महसूस कर रहे हों, तो मिनट भी घंटों जैसे लगते हैं। अगर हम उत्साहित हों या किसी काम में आकंठ डूबे आनंद महसूस कर रहे हों, तो घंटे तेजी से बीत जाते हैं। हमें आसानी से धोखा हो सकता है कि कितना समय बीत चुका है। ब्रह्मांड को मापने वाले कास्मोलाजिस्ट को भी समय की कोई बहती हुई नदी नहीं मिलती। हमारी सोच से परे घटनाओं का कोई भौतिक बहाव नहीं है। होने या बनने का कोई ऐसा पल नहीं है, जिसमें भविष्य फिसलकर अतीत में चला जाए। जैसा कि उपन्यासकार विलियम फाकनर ने लिखा था, अतीत कभी मरता नहीं। वह कभी अतीत होता ही नहीं।

जब हम खुद को ब्रह्मांडीय घड़ी से आजाद कर लेते हैं, तो हमारे पास जो बचता है, वह होता है- अनुभूत समय, यानी बदलाव का हमारा अपना लचीला अनुभव। यह हमें इस बारे में सोचने का एक अलग नजरिया देता है कि हमारा जीवन कैसे आगे बढ़ता है। एक ऐसा नजरिया, जो शायद हमें घड़ी की उस लगातार टिक-टिक से आजाद करा सके। अनुभूत समय, घड़ी के समय से अलग होता है, क्योंकि इसे किसी ऐसी संख्यात्मक गिनती से परिभाषित नहीं किया जाता, जो हर चीज को सेकंड, मिलीसेकंड या माइक्रोसेकंड जैसे छोटे-छोटे टुकड़ों में बांट देती है। हर पल बुनी हुई चादर जैसा एक एहसास होता है, जिसमें अलग-अलग समय-सीमाओं में हुए बदलावों के धागे आपस में गुंथे होते हैं। इसके लिए संवेदनाओं और अनुभवों से भरा-पूरा जीवन चाहिए होता है। इसलिए समय की कमी से निपटने की खातिर खुद को यह याद दिलाते रहना चाहिए कि घड़ी तो बस एक औजार है, हमारा मालिक नहीं। उन डिजिटल अलर्ट और अलार्म या चेतावनी से सावधान रहने की जरूरत है, जो पूरे दिन को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांट देते हैं। सुख और आनंद के पलों पर हमला कर उन्हें ऊब और दुख के पलों में बदल देते हैं। भले ही हम सभी को अपनी समय-सीमाओं का पालन करना पड़ता है, फिर भी जीवन के इस सफर के दौरान उन बदलते हुए रिश्तों और जुड़ावों के समृद्ध ताने-बाने पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

अनुभूत समय कोई ऐसी चीज नहीं, जिसके पीछे हम भागते रहें और जिसे कभी पकड़ ही न पाएं। बल्कि यह तो एक ऐसा प्रवाह है, जो हमें अपने साथ बहाकर ले जाता है और हम सभी को आपस में जोड़ता है। अनुभूत समय तो हमारे भीतर से ही उपजता है। हम इससे इतने अनजान होते हैं कि आमतौर पर इस पर ध्यान नहीं देते। यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम किन चीजों पर अपना ध्यान देते हैं और इस दुनिया के साथ किस तरह का तालमेल बिठाते हैं।

**– लेखक के निजी राय हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**21 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**गुरुवार** 2026 वर्ष का 141 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पंचमी 08.27 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 02.50 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** गण्ड 10.59 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 08.27 बजे तदनन्तर कौलव 19.21 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 4.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 09'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872716
**जूलियन दिन** 2461181.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 04
**विशेष** अधिक स्कन्द षष्ठी।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 04.55 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मिथुन | 06.57 बजे से |
| मंगल | मेष में | कर्क | 09.11 बजे से |
| बुध | वृष में | सिंह | 11.27 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.39 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | तुला | 15.50 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.04 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 20.20 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 22.25 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | कुंभ | 00.12 बजे से |
| | | मीन | 01.45 बजे से |
| | | मेष | 03.15 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8867




**बाएँ से दाएँ**

1.उच्च कुल का-3
6.जलज,पंकज,नीरज-3
7.चरित्र,धर्म-5
8.वचन,प्रतिज्ञा-3
10.आनेवाला दिन-2
12.पक्षियों का शोर, पक्षियों की चहचहाट -4
15.अनबन,कहासुनी-4
17.रुपया,पैसा-2
19.भ्रम,संदेह-3
21.कहानी लिखनेवाला-5
23.अंजन-3
24.वजह-3

**ऊपर से नीचे**

2.अधिवर्ष,29 फरवरी वाला वर्ष-2,3
3.कंठ,गला-3
4.लाज,लज्जा-3
5.विवाह,ब्याह-2
6.सोना,धतूरा-3
9.टेका,आसरा-3
11.बुरी आदत-2
13.रेखा,लाइन-3
14.हत्या,मर्डर-2
16.नवचंद्राकार -5
18.अनुकृति-3
19.भला कार्य-3
20.घर,गृह,निवास-3
22.युद्ध,संग्राम -2

**शब्द पहेली -8866 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | भ | क | ■ | सा | र | सं | भा | ल |
| का | या | ■ | व | ज | ह | ■ | त | प |
| ग | न | र | ■ | न | न | द | ■ | ल |
| ■ | क | स | म | ■ | स | ■ | पा | पा |
| ह | ■ | म | न | मो | ह | क | ■ | ना |
| म | स्त | ■ | भा | ■ | न | म | क | ■ |
| स | ■ | क | व | च | ■ | र | म | ल |
| फ | ना | ■ | न | र | म | ■ | त | ब |
| र | म | ण | ■ | म | ■ | शो | र | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7801** ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7800 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |





रोमांस और एंटरटेनमेंट से भरपूर होगी फिल्म

# 'है जवानी तो इश्क होना है'

**वरुण** धवन, पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर स्टारर फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है। अब फिल्म के ट्रेलर को लेकर बड़ी जानकारी सामने आ रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'है जवानी तो इश्क होना है' का ट्रेलर 21 मई 2026 को रिलीज किया जाएगा। डेविड धवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म का ट्रेलर कॉमेडी, रोमांस और एंटरटेनमेंट से भरपूर होगा। इससे पहले मेकर्स फिल्म का टीजर और दो गाने 'वाओ' और 'व्याह करवाड़ो जी' रिलीज कर चुके हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया।

### क्या कॉपी है फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है'?

हाल ही में सोशल मीडिया पर ऐसी चर्चा शुरू हो गई थी कि 'है जवानी तो इश्क होना है' किसी दूसरी फिल्म की कॉपी है। इन अफवाहों पर अब फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी टिप्स म्यूजिक ने आधिकारिक बयान जारी कर सफाई दी है। बयान में कहा गया, 'हमारी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' पूरी तरह ओरिजिनल कहानी और स्क्रीनप्ले पर आधारित है। इसका किसी दूसरी फिल्म से कोई लेना-देना नहीं है।'

### कब रिलीज होगी फिल्म?

मेकर्स ने आगे कहा कि उन्होंने इस फिल्म को बहुत प्यार और मेहनत से बनाया है और वे 5 जून को दर्शकों का सिनेमाघरों में स्वागत करने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। यह बयान उस समय आया जब फिल्ममेकर वाशु भगनानी की कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट के साथ म्यूजिक और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स को लेकर कानूनी विवाद चर्चा में था।

फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी काफी बदलाव हुए। पहले फिल्म 5 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन यश की फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की रिलीज डेट सामने आने के बाद इसे आगे बढ़ाकर 12 जून कर दिया गया था।

बाद में मेकर्स ने इसे 22 मई को रिलीज करने का फैसला लिया। हालांकि, 29 अप्रैल को वरुण धवन ने नया पोस्टर शेयर कर कन्फर्म किया कि फिल्म आखिरकार 5 जून 2026 को ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में वरुण धवन एक बार फिर अपने मजेदार और रोमांटिक अंदाज में नजर आने वाले हैं, जिसे लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं।

# सचिन खेडेकर का भूमिका बना टेक्सट बुक स्टार

मुंबई यूनिवर्सिटी सिलेबस में एंट्री




**मुंबई** समकालीन भारतीय थिएटर के लिए ये एक ऐतिहासिक पल है। क्षितिज पटवर्धन का क्रिटिकली अक्लेम्ड प्ले भूमिका अब आधिकारिक तौर पर मुंबई यूनिवर्सिटी के बी.ए. कोर्स का हिस्सा बन चुका है। मतलब साफ है- ये नाटक अब सिर्फ स्टेज तक सीमित नहीं, बल्कि 'मॉडर्न क्लासिक' बनकर किताबों में भी जगह बना चुका है। आज के दौर में जहां पहचान और सोच के मुद्दे अक्सर टकराते हैं, वहीं भूमिका इंसानियत, तर्क और ईमानदारी जैसे मूल्यों को जोरदार तरीके से सामने लाता है। शायद यही वजह है कि मराठी बोर्ड ऑफ स्टडीज़ ने इसे सिलेबस में शामिल करने का फैसला लिया। इस नाटक की एक और खास बात – 21 साल बाद सचिन खेडेकर की दमदार स्टेज वापसी! और डायरेक्शन किया है दिग्गज चंद्रकांत कुलकर्णी ने। भूमिका एक एक्टर की जिंदगी के उस हिस्से में झांकता है जहां असलियत और परफॉर्मेंस के बीच की लाइन धुंधली हो जाती है – पूरा साइकोलॉजिकल रोलरकोस्टर! अकादमिक पहचान के अलावा भी भूमिका ने कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं। इसे मास्टर दीनानाथ मंगेशकर सम्मान से नवाज़ा जा चुका है और ये नाटक अब तक 15 बड़े अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुका है।

इसकी लिटरेरी वैल्यू का अंदाज़ा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि इसके बुक लॉन्च पर खुद जावेद अख्तर मौजूद थे। देश के कई बड़े नामों ने इस नाटक की जमकर तारीफ की है – प्रकाश आंबेडकर, जावेद अख्तर, परेश रावल, विकास दिव्यकीर्ति, आईपीएस मनोज कुमार शर्मा, आशुतोष गोवारीकर, कुमार केतकर, फिरोज अब्बास खान और कई नामचीन कलाकार व बुद्धिजीवी। आशुतोष गोवारीकर ने इसे 'क्लासिक' कहा, तो वहीं परेश रावल ने इसे आधुनिक मराठी थिएटर की ताकत का जीता-जागता सबूत बताया।

## भारत में एक्टर्स को अपने ही लोग बुरी तरह ट्रोल करते हैं, यह शर्मनाक है : अमीषा पटेल

**अभिनेत्री** अमीषा पटेल एक्टिंग के साथ ही कई मुद्दों पर भी खुलकर अपनी राय रखती नजर आती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सोशल मीडिया पर लोगों के ट्रोलिंग कल्चर पर तीखा हमला बोला। अमीषा का कहना है कि भारत में एक्टर्स को अपने ही लोग हॉलीवुड सितारों से ज्यादा बुरी तरह ट्रोल करते हैं, जो बेहद दुखद और शर्मनाक है। अमीषा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारतीय मानसिकता अब दूसरों को नीचे गिराने वाली हो गई है। अमीषा ने बड़े इवेंट्स में सितारों के लुक और पहनावे को लेकर फैल रही नकारात्मकता पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने इसे 'दुखद' और 'शर्मनाक' बताया।

अमीषा ने लिखा, 'भारत में एक्टर्स को अपने ही लोग, हॉलीवुड सितारों की तुलना में उनके अपने देश में ज्यादा बुरी तरह ट्रोल करते हैं, जो बहुत दुख की बात है।' हालांकि, ये कोई पहली बार नहीं है, जब अमीषा पटेल खुलकर अपनी बात रखती नजर आईं। इससे पहले वह एक्टर्स के पीआर गेम को लेकर पहले भी सुर्खियों में रह चुकी हैं। उन्होंने हाल ही में अपने एक्स पोस्ट पर कहा कि वे अपने बयान पर पूरी तरह कायम हैं। दरअसल, मुंबई में पैपराजी से बात करते हुए अमीषा ने कहा था, 'सही तो कहा मैंने। आजकल सभी अपने आप को नंबर वन समझते हैं।' अमीषा ने एक्स पोस्ट पर यंग एक्टर्स पर तंज कसते हुए लिखा था कि जिन्होंने अभी तक कोई 200 करोड़ क्लब की फिल्म नहीं दी है, वे पीआर टीम को पैसे देकर खुद को नंबर 1 और नंबर 2 बता रही हैं।

अमीषा ने साफ कहा, 'खुद को सुपरस्टार तभी कहो, जब तुमने कोई ऐसा काम किया हो जो इतिहास रच दे। पीआर के खेल खेलना बंद करो। यह कड़वी सच्चाई है।' उन्होंने लिखा कि कोई भी एक्टर ग्लोबल सुपरस्टार तभी बनता है, जब वह दुनिया भर में बड़ी हिट फिल्में दे। अमीषा ने अपनी उपलब्धियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'मैंने 'कहो ना प्यार है', 'गदर 1' और 'गदर 2' जैसी तीन सबसे बड़ी सोलो ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं।

## नीतू कपूर के कमबैक से खुद को जोड़ पाती हूं, महिलाओं को मिलनी चाहिए ऐसी हिम्मत : रुबीना दिलैक



अभिनेत्री रुबीना दिलैक कई मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती नजर आती हैं। नीतू कपूर की फिल्मों में वापसी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि वह एक महिला, मां और कामकाजी व्यक्ति के रूप में नीतू कपूर की इस यात्रा से खुद को गहराई से जोड़ पाती हैं। रुबीना ने बातचीत में नीतू कपूर की हिम्मत और साहस की सराहना की। उन्होंने बताया, 'मैं नीतू कपूर से पूरी तरह से खुद को जोड़ पाती हूं। बेशक, वह सुंदरता और ताकत की मिसाल हैं और हमने सालों से यह देखा है।' नीतू कपूर ने पति ऋषि कपूर के निधन के बाद दशकों बाद फिल्म इंडस्ट्री में वापसी की है। रुबीना ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महिलाओं को ठीक इसी तरह आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा, 'महिलाओं को बिल्कुल इसी तरह आगे आना चाहिए, एक मिसाल कायम करनी चाहिए और उन दूसरी महिलाओं के लिए रास्ता बनाना चाहिए जिन्हें अभी भी इस बात का भरोसा नहीं है कि मां बनने के बाद या जीवन में आए बदलाव के बाद उन्हें काम पर वापस लौटना चाहिए या नहीं। रुबीना ने नीतू कपूर की उस बात का भी जिक्र किया जिसमें नीतू ने कहा था कि उनकी वापसी सिर्फ काम के लिए नहीं बल्कि यह देखने के लिए भी थी कि इतने सालों बाद भी कैमरे के सामने आत्मविश्वास और हिम्मत बाकी है या नहीं। रुबीना इसे बेहद प्रेरणादायक मानती हैं। रुबीना ने अपने पति अभिनव शुक्ला की भी तारीफ की। उन्होंने बताया कि अभिनव घर पर रहकर बच्चों की देखभाल कर रहे हैं ताकि वह अपने सपनों को पूरा कर सकें। रुबीना ने कहा, 'एक पुरुष के लिए अपने ईगो को किनारे रखकर यह कहना कि 'मैं घर पर रहूंगा, तुम जाओ और अपने सपनों को पूरा करो' इसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए। अभिनव जानते हैं कि मैं अपने काम से कितना प्यार करती हूं।'

## शिवालिका ओबेरॉय-अभिषेक पाठक ने रिवील किया बेटी का नाम, बताया 'आरिका' के रूप में घर आई लक्ष्मी



**अभिनेत्री** शिवालिका ओबेरॉय और उनके पति फिल्म निर्माता अभिषेक पाठक इन दिनों बेटी के घर आगमन की खुशियां मना रहे हैं। मंगलवार को कपल ने सोशल मीडिया के जरिए बेटी के नाम की जानकारी दी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इनमें शिवालिका और उनके पति अभिषेक पाठक बेटी को गोद में थामे नजर आ रहे हैं। माता-पिता बनने की खुशी दोनों के चेहरे पर साफ देखी जा सकती है। शिवालिका ने तस्वीरें पोस्ट कर लिखा, 'हमारी जिंदगी की सबसे प्यारी खुशी से मिलिए, जिसका नाम है 'आरिका पाठक'। आरिका नाम का मतलब बेहद खास है। इस नाम में साक्षात माता लक्ष्मी का आशीर्वाद छिपा हुआ है, जो दुनिया में प्यार, खुशहाली, समृद्धि और सुंदरता की प्रतीक मानी जाती हैं।' अभिनेत्री ने बताया कि उनकी बेटी का जन्म इसी साल 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन दिन पर हुआ था। अभिनेत्री ने बेटी को ईश्वर का आशीर्वाद बताते हुए लिखा, 'अक्षय तृतीया के पवित्र दिन आरिका हमारी जिंदगी में आई।

## शिल्पा शेट्टी के नए शो में मचेगा धमाल, मां संग पहुंचे 'गुल्लू' तो पापा का हाथ थामे दिखीं मनीषा रानी

**अभिनेत्री** शिल्पा शेट्टी कुकिंग रियलिटी शो 'मां है ना' लेकर आ रही हैं। 10 एपिसोड वाली नॉन-फिक्शन सीरीज में युवा सितारे अपनी मां के साथ नजर आएंगे। शो में मां और बच्चे मिलकर कुकिंग चैलेंज पूरा करेंगे। सोमवार को शो में जाने से पहले कंटेंट क्रिएटर और रियलिटी टीवी स्टार कुशाल तंवर 'गुल्लू', तानिया मित्तल समेत कई लोकप्रिय चेहरे अपनी मां के साथ नजर आए। कंटेंट क्रिएटर मनीषा रानी अपने पिता के साथ दिखीं। मनीषा ने शो में जाने से पहले मीडिया से अपने पिता की मुलाकात करवाई। इसी दौरान मनीषा से उनके नए घर के बारे में पूछा गया, तो मनीषा ने सभी को बताया कि 10 दिन में उनके घर का काम खत्म हो जाएगा, उसके बाद गृह प्रवेश समारोह में सभी को बुलाएंगी। इस शो को मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी होस्ट कर रही हैं, जिसमें किचन के बहाने पीढ़ियों के बीच के अंतर, मीठी नोकझोंक और मां-बच्चे के अटूट प्यार की झलक देखने को मिलेगी। शो में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा अपनी बेटी टीना के साथ, उर्वशी ढोलकिया अपने बेटे क्षितिज ढोलकिया के साथ और बिग बॉस फेम तानिया मित्तल अपनी मां के साथ शामिल होंगी।




महेश भट्ट बने प्रेजेंटर

## वीर पहाड़िया ए शन-थ्रिलर 'बेनाम' में निभाएंगे लीड रोल

**अभिनेता** वीर पहाड़िया अपनी अगली फिल्म 'बेनाम' के साथ एक नए सिनेमाई सफर के लिए तैयार हैं। इस अपकमिंग एक्शन-थ्रिलर फिल्म में वीर लीड रोल में नजर आएंगे। वहीं, इस प्रोजेक्ट को और दिलचस्प बनाते हुए अनुभवी फिल्ममेकर महेश भट्ट फिल्म के प्रेजेंटर के तौर पर जुड़ चुके हैं, जिससे फिल्म को एक मजबूत क्रिएटिव सपोर्ट भी मिला है। माना जा रहा है कि 'बेनाम' एक रूटेड एक्शन एंटरटेनर है, जिसमें दमदार इमोशंस के साथ हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। इसके अलावा, फिल्म में एक कमर्शियल अपील वाला म्यूजिक एल्बम भी शामिल होने की उम्मीद है। मेकर्स का लक्ष्य एक्शन, इमोशन और मनोरंजन के बीच संतुलन बनाते हुए दर्शकों को एक दमदार सिनेमाई अनुभव देना है। सूत्रों के मुताबिक, वीर इस फिल्म में पहली बार एक रफ और रग्ड एंटी-हीरो के किरदार में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि यह किरदार अभिनेता की अब तक की स्क्रीन इमेज से बिल्कुल अलग होगा और उनके व्यक्तित्व का एक गहरा और इंटेंस पक्ष दर्शकों के सामने आएगा। माना जा रहा है कि हो सकता है, यह फिल्म वीर के करियर में एक नया मोड़ भी साबित हो। हालांकि फिल्म की सपोर्टिंग कास्ट और तकनीकी टीम को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इंडस्ट्री में इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है।



## प्रभारी मंत्री बुलो मंडल की समीक्षा बैठक में शिक्षा, बाढ़ और नल-जल योजना पर फोकस

एजेंसी

**किशनगंज।** बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्री सह किशनगंज प्रभारी शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परिषद स्थित मेची सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा, आपूर्ति, श्रम संसाधन, पंचायत राज, आईसीडीएस, सामाजिक सुरक्षा, नगर विकास, आपदा प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण, पीएचईडी, आरसीडी और आरडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा व्यवस्था, विद्यालय निर्माण, भवनहीन विद्यालय, मदरसा जांच, प्रवासी मजदूर सहायता, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं, पशु चिकित्सा व्यवस्था एवं ग्रामीण सड़क निर्माण जैसे जनहित से जुड़े कई मुद्दे उठाए। विधायकों ने विद्यालय निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत करते हुए संबंधित संवेदकों और दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही स्कूलों में साफ-सफाई व्यवस्था मजबूत करने पर बल दिया गया।

बैठक में कुछ मदरसों द्वारा अन्य संस्थानों के फोटो लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की शिकायत भी सामने आई। इस पर जिलाधिकारी विशाल राज ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए सभी संबंधित मदरसों की जांच कराने का निर्देश दिया। भवनहीन विद्यालयों एवं कम छात्र संख्या वाले स्कूलों की समस्या पर भी चर्चा हुई। प्रवासी मजदूरों के दुर्घटना मामलों में अधिक सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई। ठाकुरगंज क्षेत्र में पशु अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई।

डीएम विशाल राज ने बताया कि श्रम संसाधन विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सिंघिमारी क्षेत्र में जिला स्तरीय टीम भेजकर निरीक्षण कराया जाएगा तथा बाढ़ प्रभावित लोगों की नई सूची तैयार की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने भूमिहीन और भवनहीन विद्यालयों की सूची तैयार कर भेजने का निर्देश दिया। हर घर नल-जल योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कई जगह पानी आपूर्ति बाधित होने और मोटर चालकों को मानदेय नहीं मिलने की शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया।

## बेगूसराय सत्र न्यायाधीश ने तीन अभियुक्तों को सुनाई सजा

एजेंसी

**बेगूसराय।** न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बेगूसराय द्वारा न्यायः- विविध के मामले में 03 अभियुक्त को 03 वर्ष कारावास आज दिनांक-19.05.26 को न्याय के क्षेत्र में एक कड़ा संदेश देते हुए माननीय न्यायालय श्री देव प्रकाश मोदी जिला एवं अपर सत्र न्यायधीश, अष्ट्म बेगूसराय की अदालत ने भगवानपुर थाना कांड सं0-36/12 (सत्रवाद संख्या-503/12) में कठोर फैसला सुनाये हैं। बेगूसराय पुलिस के न्यायोन्मुखी, निष्ठापूर्ण एवं वैज्ञानिक अनुसंधान तथा अभियोजन पक्ष के सशक्त पैरवी के फलस्वरूप त्वरित न्याय सुनिश्चित हो सका है। घटना का





संक्षिप्त विवरण दिनांक-24.03.1992 को वादी अखिलेश सिंह (अधिवक्ता) जब अपने घर में था तब अपने घर में था तब अचानक आरोपी 01. तापेश्वर सिंह, पे०-स्व० कुलदीप सिंह, 02. रौशन सिंह, पे०-तापेश्वर सिंह, 03. रामविचारी देवी, 04. मुचुन कुमारी, पे०-तापेश्वर सिंह, 05. हीरामुल, पे०-तापेश्वर सिंह सभी सा०-मोख्तयारपुर, थाना-भगवानपुर, 06. चंदन कुमार उर्फ चुकुल सिंह, पे०-शंकर सिंह, सा०- भगतपुर, थाना-बलिया जिला-बेगूसराय सभी व्यक्ति एक राय होकर गाली-गलौज देते हुए घर में घुसकर वादी को घर से बाहर निकालकर लाठी-डंडे से मारकर सिर फोड़ कर बेहोस कर दिया। तथा वादी को मरा हुआ समझकर भाग गये। पुलिस की कार्रवाई एवं अभियोजन इस गंभीर अपराध की सूचना प्राप्त होते ही बेगूसराय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 03 अभियुक्त को गिरफ्तार किया और न्यायालय में मजबूत और अकाट्य साक्ष्य प्रस्तुत किये। अभियोजन की पक्ष की ओर से विद्वान अपर लोक अभियोजक श्री मनोज ठाकुर, बेगूसराय ने अत्यंत प्रभावी, तर्कपूर्ण और तथ्यपरक पैरवी की।

## संक्षिप्त समाचार

### चलती ट्रेन में मोबाइल चोरी कर भाग रहा शातिर चोर धराया

**सीवान।** रेल यात्रियों के सामानों की चोरी करने वाले एक शातिर अपराधी को आरपीएफ, जीआरपी एवं सीपीडीएस टीम ने संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी किया गया करीब 30 हजार रुपये मूल्य का रेडमी कंपनी का मोबाइल भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त छपरा के निर्देश पर निरीक्षक ट्रेन स्कॉर्ट कंपनी गोरखपुर तथा प्रभारी निरीक्षक सीवान के नेतृत्व में मंगलवार को सीपीडीएस टीम, आरपीएफ पोस्ट सीवान, ट्रेन स्कॉर्ट कंपनी गोरखपुर पूर्व एवं जीआरपी की संयुक्त टीम स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गाड़ी संख्या 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म संख्या-03 पर पहुंचने पर कोच एस के बर्थ संख्या 66 पर यात्रा कर रहे यात्री मुकेश कुमार मुखिया का मोबाइल चोरी कर भाग रहे युवक को टीम ने दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नगर थाना क्षेत्र के नया किला वार्ड-12 निवासी 20 वर्षीय इमरान, पिता शकील अहमद के रूप में हुई है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी छपरा-भटनी रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में घूमकर यात्रियों के कीमती सामानों की चोरी करता था। उसके पास से बरामद रेडमी मोबाइल की कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई जा रही है।

### राजद जिलाध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात कर संगठन को लेकर की चर्चा

**अररिया।** अररिया के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जिलाध्यक्ष मंडल अविनाश आनंद बुधवार को पटना स्थित आवास पर नेता प्रतिपक्ष एवं पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद से मुलाकात की और जिले के संगठनात्मक ढांचों के साथ सीमांचल के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। पटना से जानकारी देते हुए राजद जिलाध्यक्ष मंडल अविनाश आनंद ने बताया कि राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जी से उनके 1 पोलो रोड स्थित उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात हुई। जहां कलम और अंग वस्त्र भेंट किया। राजद जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला के राजद की सांगठनिक ढांचा पर विस्तृत चर्चा के साथ कई मुद्दों पर बात हुई।

# उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने 15 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

एजेंसी

**पटना।** बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग में बुधवार को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सिंचाई भवन स्थित विभागीय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य के उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने 15 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें छह नवनियुक्त सहायक अभियंता, अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त छह निम्नवर्गीय लिपिक तथा तीन कार्यालय परिचारी शामिल हैं। समारोह के दौरान उप मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब वे जल संसाधन विभाग परिवार का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि विभाग का कार्यक्षेत्र मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों से जुड़ा हुआ है, जहां किसानों और आम लोगों को सिंचाई तथा बाढ़ सुरक्षा जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ऐसे में विभागीय कर्मियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।





उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी विभाग की छवि उसके क्षेत्रीय अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली, सक्रियता और ईमानदारी से बनती है। इसलिए सभी नवनियुक्त कर्मियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने विशेष रूप से नव नियुक्त सहायक अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा नियमित रूप से कार्यस्थलों का निरीक्षण करें। जमीनी स्तर पर निगरानी और सतत निरीक्षण से ही परियोजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती है और सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंचाया जा सकता है।

अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों का उल्लेख करते हुए विजय कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार अपने कर्मियों और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि सेवाकाल के दौरान किसी कर्मचारी के निधन के बाद उनके आश्रितों को शीघ्र नियुक्ति प्रदान करना सरकार की मानवीय सोच और संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था को दशार्ता है। अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने वाले विभागीय अधिकारियों और मुख्यालय कर्मियों की भी सराहना की। कार्यक्रम में विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा से अपने कार्यालय पहुंचे मंत्री ईं शैलेंद्र

एजेंसी

**पटना।** पीएम मोदी के द्वारा इंधन बचाने के अह्वान पर बुधवार को पटना में राज्य के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विधायक ईं.शैलेंद्र ई रिक्शा से अपने कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि देश के पीएम नरेन्द्र मोदी ने विश्व को दिखाया कि हम संयमित ढंग से हम, हमारे मंत्री व और पूरा देश इंधन उपयोग में कटौती कर सकते हैं। मंत्री शैलेंद्र ने आमजनों, भाजपा और एनडीए के कार्यकताओं से अपील किया कि जहां बचत हो सके, वहां पर इंधन बचाने की देशहित में पूरी कोशिश करें। दूसरी ओर उनके गृह जिला नवगछिया भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रो.गौतम ने बताया कि राज्य के सीएम सम्राट चौधरी पैदल सीएमओ और अन्य कई मंत्री भी सार्वजनिक परिवहन से कार्यालय और अन्य जगहों पर जा रहे हैं। मंत्री ईं.शैलेंद्र ने भी निर्णय लिया है कि उनके पास जो सरकारी सुविधा है। उसमें से सिर्फ एक वाहन से चलेगें। वहीं सप्ताह में दो दिन अपने सरकारी निवास से पांच किमी दूर अपने कार्यालय साईकिल, ई रिक्शा या सार्वजनिक परिवहन से ही जाएगें।

## शिक्षा के मंदिर में चल रहा था बालिग अपराधी को नाबालिग बनाने का खेल, हेडमास्टर और शिक्षिका गिरफ्तार

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले में शिक्षा के मंदिर (विधालय) में चल रहे एक बड़े फजीर्वाड़े का पदार्फाश हुआ है।जहां बालिग का उम्र घटाकर 'नाबालिग' (किशोर) बनाया जा रहा था,जिसका फायदा गंभीर अपराध में शामिल अपराधी उठा रहे थे। जिला किशोर न्याय परिषद ने इस फजीर्वाड़े का खुलासा किया है। इस मामले में मोतिहारी नगर थाना की पुलिस ने एक सरकारी स्कूल के हेडमास्टर और एक सहायक शिक्षिका को गिरफ्तार किया है,जिसके बाद जिले के शिक्षा जगत में हड़कंप मच गया है। मामला जिले के चिरैया प्रखंड के 'राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, परेवा का है,जहां इस स्कूल के हेडमास्टर और शिक्षिका ने मोटी रकम लेकर चिरैया थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में हुए एक लड़की के अपहरण और बाइक चोरी जैसे संगीन मामलों में परेवा गांव निवासी स्वर्गीय बिलट साह का पुत्र भोला कुमार उर्फ भोला साह को मोतिहारी सेन्ट्रल जेल से छुड़ाने और कोर्ट से जमानत दिलाने के लिए स्कूल से फर्जी प्रमाण पत्र जारी करवा दिया गया। इन लोगो ने उसकी जन्म तिथि 15 मई 2006 अंकित कर दी, ताकि वह नाबालिग साबित हो सके। किशोर न्याय परिषद के समक्ष जब अपराधी का कथित किशोर बताते हुए शपथ पत्र और स्कूल की नामांकन पंजी (एडमिशन रजिस्टर) प्रस्तुत की गई।



## बिहार में सुशासन और कानून का राज हुआ मजबूत, विपक्ष फैला रहा भ्रम : नवल शर्मा

एजेंसी

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रवक्ता नवल शर्मा ने बुधवार को कहा कि बिहार में सुशासन और कानून के राज की जो मजबूत परंपरा नीतीश कुमार ने स्थापित की है, उसे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा आम लोगों में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण कायम करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। जदयू प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा कि बिहार सरकार अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। अपराधियों के खिलाफ



त्वरित कार्रवाई, पुलिस प्रशासन की सक्रियता और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार की सख्ती के कारण अपराधियों में भय का माहौल बना है और आम जनता स्वयं को पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित महसूस कर रही है। नवल शर्मा ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता वास्तविक स्थिति को अच्छी तरह समझती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल राजनीतिक लाभ के लिए बयानबाजी कर रहा है, जबकि जमीन पर प्रशासन लगातार सक्रिय रूप से काम कर रहा है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि बिहार में स्थिर प्रशासन और सुशासन की वजह से विकास कार्यों को गति मिली है तथा लोगों का सरकार और प्रशासन पर विश्वास मजबूत हुआ है। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसा माहौल बनाना भी है जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुलिस व्यवस्था को आधुनिक बनाने, अपराध नियंत्रण तंत्र को मजबूत करने और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए कई स्तरों पर काम कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी आपराधिक घटना पर तत्काल कार्रवाई हो और दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाए।

### नगरपरिषद क्षेत्र में उड़ते धूल कण से मिलेगा निजात, आधुनिक जल छिड़काव प्रणाली शुरू





**तेघड़ा बेगुसराय।** नगर परिषद क्षेत्र तेघड़ा के निवासियों के लिए एक बेहद सराहनीय और आधुनिक कदम ! शहर को धूल-मुक्त, स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा 'वाटर स्प्रिंकलर मशीन' (आधुनिक जल छिड़काव प्रणाली) की शुरूआत की गई है। इस आधुनिक मशीन के आने से हमारे तेघड़ा क्षेत्र को कई बड़े लाभ मिलेंगे :धूल और प्रदूषण से मुक्ति : मुख्य सड़कों, बाजारों और चौराहों पर उड़ने वाली धूल को दबाने के लिए इस मशीन से नियमित जल छिड़काव किया जाएगा, जिससे वायु प्रदूषण कम होगा और आम जनता को सांस लेने में आसानी होगी। ग्रीन बेल्ट और पार्कों का रखरखाव : क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों और सड़कों के किनारे लगे पेड़-पौधों को अब कम पानी में और बेहतर तरीके से सींचा जा सकेगा। स्वच्छता में सुधार : त्योहारों, विशेष आयोजनों या आवश्यकता पड़ने पर सार्वजनिक स्थलों को तेजी से साफ और सैनिटाइज करने में यह मशीन बेहद मददगार साबित होगी।नगर परिषद प्रशासन का यह डिजिटल और आधुनिक प्रयास तेघड़ा को एक 'मॉडल टाउन' बनाने की दिशा में एक बड़ा और बेहतरीन कदम है। इस सराहनीय कार्य के लिए स्थानीय प्रशासन और सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि धन्यवाद के पात्र हैं। आइए, हम सब मिलकर अपने तेघड़ा को साफ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में सहयोग करे। इस बात कीजानकारी मेयर सोनाली भारती ने दी।

### वाहन से शराब के साथ चार गिरफ्तार

**बेगूसराय।** बेगूसराय जिला में अवैध नशीले पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर बलिया थाना की पुलिस टीम एवं ऊब्ब टीम के संयुक्त कार्रवाई में ठल्र 31 बलिया खगडिया बेगूसराय लेन बरकत नर्सरी के पास से 05 व्यक्ति 01 रोहित पंडित पे0-भिम पंडित, सा०-अमुआ, थाना-पालाजोरी, जिला-देवघर 02 राजा कुमार सिंह पे०-सुचित सिंह, सा०-अमडिहा, थाना-देवघर 03 राकश कुमार पे०-दमोदर वर्णवाल, सा०-खपुरूडिह, थाना-रिखिया, जिला-देवघर 04 अभिषेक कुमार मंडल पे0 रामचन्द्र मंडल, सा०-हथियारा, थाना-जसीडिह, जिला-देवघर (झारखण्ड) को एक आर्टिगा कार रजि नं0-खल्र15अए 8158 और एक डिजायर कार रजि नं0-खल्र15अक्र2662 एवं से कुल 211.875 लीटर विदेशी शराब के साथ 05 मोबाइल, 05 एटीम कार्ड और पर्श बरामद किया गया है। विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### अंतरजातीय विवाह से आक्रोशित पिता ने पुत्री का किया श्राद्धकर्म

**बेगुसराय।** बेगूसराय में इंटरकास्ट मैरिज को लेकर एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि बेटी के प्रेम विवाह से नाराज पिता ने अपनी जिंदा बेटी का ही श्रद्धाकर्म कर दिया। इतना ही नहीं, बाद में लड़की के ससुराल पहुंचकर मारपीट, महिलाओं के कपड़े फाड़ने और गहने लूटने तक का आरोप लगा है। मामला बेगूसराय के छोड़ाही थाना क्षेत्र के सिहमा गांव का बताया जा रहा है।पीड़िता उजाला कुमारी (26) के अनुसार, उसने 26 अप्रैल को अपने गांव के ही युवक मुरारी कुमार से अपनी मर्जी से बेगूसराय के काली मंदिर में शादी की थी। यह इंटरकास्ट मैरिज थी, इसलिए दिल्ली में रहने वाले उसके माता-पिता इस रिश्ते के खिलाफ थे।उजाला का आरोप है कि शादी के बाद उसके परिवार वालों ने उसे ह्लमृतह्व मान लिया और हिंदू रीति-रिवाज से उसका श्रद्धाकर्म कर दिया। इसका वीडियो और तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल की गईं।पीड़िता के मुताबिक, 16 मई की दोपहर करीब 1 बजे जब घर के पुरुष सदस्य बाहर थे, तभी उसके पिता जगदीश महतो, चाचा दिनेश महतो, मां सुनैना देवी और अन्य रिश्तेदार हथियार लेकर ससुराल पहुंच गए। आरोप है कि वहां महिलाओं के साथ गाली-गलौज, मारपीट और बदसलूकी की गई।उजाला ने आरोप लगाया कि उसकी सास उषा देवी को घर से खींचकर बाहर ले जाया गया, उनकी साड़ी और ब्लाउज फाड़ दिए गए। बीच-बचाव करने आई चाची सास सरिता देवी को भी जमीन पर पटककर पीटा गया और उनके कपड़े भी फाड़ दिए गए। पीड़िता का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान गहने भी लूट लिए। उषा देवी के गले से सोने की चकती छीनी गई, जबकि सरिता देवी के कान के टॉप्स और अन्य जेवर भी लेकर चले गए। आरोप है कि जाते-जाते धमकी दी गई। जिंदा बेटी का श्रद्धा कर दिया है, अब पूरे ससुराल का मृत्यु कर्म करेंगे। घटना के बाद ग्रामीणों ने डायल-112 पर कॉल किया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिलाओं को इलाज के लिए भेजा गया। पीड़िता ने छोड़ाही थाना में आवेदन देकर न्याय की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।यह मामला अब पूरे बिहार में चर्चा का विषय बन गया है।

## एसएसबी और बिहार पुलिस की संयुक्त छापेमारी के दौरान हथियार और ब्राउन सुगर के साथ एक गिरफ्तार

एजेंसी

**सुपौल।** 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, बीरपुर के अंतर्गत सीमा चौकी नरपतपट्टी द्वारा 19 मई को रात्रि लगभग 2 बजे बिहार पुलिस थाना राघोपुर के साथ संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 देशी कट्टा, 01 जिंदा कारतूस, 9.2 ग्राम ब्राउन शुगर, 01 मोटरसाइकिल तथा 19,267 भारतीय मुद्रा बरामद की गई। इस संबंध में गौरव सिंह, कमांडेंट, 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बीरपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि सीमा चौकी नरपतपट्टी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसनमा में अवैध हथियार एवं मादक पदार्थ छुपाकर रखे गए हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर बिहार पुलिस थाना राघोपुर के साथ संयुक्त रेड पार्टी का गठन कर त्वरित कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम सूचना आधारित स्थान पर पहुंची तथा राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति में घर में मौजूद व्यक्ति को तलाशी के संबंध में अवगत कराया गया। व्यक्ति द्वारा सहमति देने के उपरांत घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान घर से 01 देशी कट्टा, 01 जिंदा कारतूस, 9.2 ग्राम ब्राउन शुगर, 01 मोटरसाइकिल एवं 19,267 भारतीय मुद्रा बरामद की गई। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम दीपक कुमार, निवासी ग्राम परसरमा, जिला सुपौल बताया। बरामद सामान के संबंध में पूछे जाने पर वह कोई संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं कर सका। तत्पश्चात आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए बरामद हथियार, कारतूस, मादक पदार्थ, मोटरसाइकिल एवं भारतीय मुद्रा को जब्त कर गिरफ्तार व्यक्ति सहित थाना राघोपुर, जिला सुपौल को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में सुधीर कुमार, सहायक कमांडेंट, निरीक्षक (सामान्य) राघव कुमार झा तथा बिहार पुलिस के सहायक उप निरीक्षक सिकंदर साह एवं अन्य जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा भारतझ्रनेपाल सीमा पर तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।



## विक्रमशिला सेतु : जून के प्रथम सप्ताह में छोटी गाड़ियों के लिए परिचालन होगा प्रारंभ

एजेंसी

**भागलपुर।** बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के अपर महानिदेशक जितेंद्र प्रसाद ने जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी एवं बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के अधीक्षण अभियंता विपिन कुमार चंद के साथ बुधवार को विक्रमशिला सेतु पर निमार्णाधीन बेली ब्रिज का निरीक्षण किया। इस दौरान अभियंताओं की टीम से पुल निर्माण एवं उसकी वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधीक्षण अभियंता द्वारा बताया गया कि बेली ब्रिज के उत्तर दिशा में एक स्पैन पर 24 मीटर तथा दक्षिण दिशा में भी एक स्पैन पर 12 मीटर लंबाई का बेली ब्रिज निर्माण कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त दक्षिण के एक अन्य स्पैन पर भी बेली ब्रिज निर्माण को लेकर उच्च स्तर पर विचार-विमर्श जारी है। बेली ब्रिज निरीक्षण के उपरांत अपर महानिदेशक जितेंद्र प्रसाद ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जून 2026 के प्रथम सप्ताह से छोटे वाहनों के परिचालन के लिए बेली ब्रिज चालू होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि सेतु के ऊपर बेली ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, इसलिए सुरक्षा की दृष्टिकोण से प्रारंभिक चरण में केवल छोटे वाहनों को ही आवागमन की अनुमति दी जाएग।



## संक्षिप्त समाचार

### एनआईए की विशेष अदालत का बड़ा फैसला, आतंकी भर्ती मामले में दोषी को सात साल की सजा

**बंगलूरू, एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले में अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए सात साल के कठोर कारावास की सजा दी है। यह मामला आतंकी संगठनों तालिबान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) में भर्ती और कट्टरपंथी गतिविधियों से जुड़ा है। एनआईए ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अदालत ने यह फैसला कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में सुनाया। दोषी का नाम हमराज वर्शिद शेख है, जो महाराष्ट्र निवासी है। अदालत ने उस पर 63 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आरोपी ने अप्रैल 2026 में शुरू हुए मुकदमे के दौरान अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। इसके बाद सुनवाई के आधार पर उसे सजा सुनाई गई।

### बंगलूरू में उत्तर प्रदेश का भव्य उत्सव : आध्यात्म, संस्कृति और उत्सव का अद्भुत संगम

**बंगलूरू , एजेंसी।** जब उत्तर भारत की सांस्कृतिक विरासत दक्षिण भारत की युवा ऊर्जा से संगीत, अध्यात्म, नृत्य, भोजन और उत्सव के माध्यम से मिलती है, तब एक असाधारण अनुभव जन्म लेता है। ऐसा ही एक अनूठा और भव्य अनुभव अब 21 मई से शुरू हो रहे उत्तर प्रदेश महोत्सव में देखने को मिलेगा, जिसका आयोजन द आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर, बंगलूरू में चार दिनों तक किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक संगम बनने जा रहा है, जहां द आर्ट ऑफ लिविंग का शांत और आध्यात्मिक परिसर उत्तर प्रदेश की विरासत, आध्यात्म, कला और स्वादों के रंगों से जीवंत हो उठेगा। इस विशेष पहल के केंद्र में वह व्यापक दृष्टि है, जिसे वैश्विक आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर वर्षों से आगे बढ़ाते रहे हैं – ऐसी दृष्टि, जहां संस्कृति, अध्यात्म और समाज क्षेत्रीय सीमाओं से परे जाकर एक सूत्र में जुड़ते हैं। चार दिनों तक आश्रम भक्ति, संगीत और कला के जीवंत उत्सव में परिवर्तित होता दिखाई देगा। लोक प्रस्तुतियां, शास्त्रीय राग, मनोहारी कथक नृत्य, आध्यात्मिक कथावाचन, हस्तशिल्प बाजारों की रौनक और उत्तर प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों की सुगंध मिलकर ऐसा वातावरण रचेंगी, जो एक ओर भारतीय परंपरा में गहराई से रचा-बसा होगा और दूसरी ओर आधुनिकता की ताजगी से भी भरपूर।

### सिक्किम का बड़ा कदम : ईंधन बचत के लिए ऑड-ईवन नीति लागू, मुख्यमंत्री खुद चल रहे पैदल

**गंगटोक, एजेंसी।** वैश्विक संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर अमल करते हुए सिक्किम ने एक बड़ा फैसला लिया है। ईंधन बचाने के उपायों के तहत राज्य में 'ऑड-ईवन' वाहन नीति लागू कर दी गई है। इसके साथ ही सिक्किम देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने पर्यावरण और ईंधन संरक्षण के लिए इस तरह का कदम उठाया है। सरकार की इस अनूठी पहल का उद्देश्य ईंधन की खपत को कम करना और जिम्मेदार परिवहन प्रथाओं को बढ़ावा देना है। इस नई व्यवस्था के तहत वाहनों के चलने के दिन तय कर दिए गए हैं। मंगलवार को केवल ऑड यानी विषम अंकों वाले पंजीकरण नंबरों के निजी और सरकारी वाहनों को सड़कों पर उतरने की अनुमति दी गई। वहीं, बुधवार को ईवन यानी सम अंकों वाले पंजीकरण नंबरों के वाहन चलेंगे। यह नियम फिलहाल हिमालयी राज्य के राज्य राजमार्गों पर लागू किया जा रहा है। हालांकि, आम जनता और आपातकालीन सेवाओं को ध्यान में रखते हुए टैक्सियों और दोपहिया वाहनों को इस प्रतिबंध से पूरी तरह छूट दी गई है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने घोषणा की है कि सप्ताहांत यानी शनिवार और रविवार को निजी वाहनों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा, ताकि आम लोगों को असुविधा न हो।

### 8 लाख महिलाओं तक पहुंचा पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड, दिल्ली सरकार ने किया सशक्तीकरण का दावा

**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार की पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड योजना ने राजधानी में महिला सशक्तीकरण की दिशा में नया रिकॉर्ड बनाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि अब तक 8 लाख से अधिक महिलाओं को यह स्मार्ट कार्ड जारी किया जा चुका है। सरकार का दावा है कि यह योजना केवल मुफ्त यात्रा तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और तकनीक आधारित सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने का बड़ा माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें डिजिटल रूप से भी सशक्त बना रहा है। सरकार ने कार्ड बनाने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए राजधानी के रिहायशी इलाकों और सरकारी कार्यालयों में विशेष कैंप शुरू किए हैं। इन कैंपों में महिलाओं और ट्रांसजेंडर नागरिकों का कार्ड आसानी से बनाया जा रहा है। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के कारण आवेदकों को लंबी कतारों या कागजी औपचारिकताओं का सामना नहीं करना पड़ रहा। सरकार ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में ऐसे कैंपों का दायरा और बढ़ाया जाएगा।

### जून में दिल्ली-मुंबई का सीधा सफर आसान करेगा एक्सेस कंट्रोल लिंक, ट्रायल शुरू

**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-मुंबई एक्सेस कंट्रोल लिंक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को इस कॉरिडोर के दिल्ली में 9 किलोमीटर हिस्से का निरीक्षण किया। अब इस पर ट्रायल शुरू कर दिया गया है। 20 दिन तक इसका परीक्षण किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दिल्ली वाले हिस्से का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही ट्रायल भी शुरू कर दिया गया है। जून के तीसरे सप्ताह में इसे आधिकारिक तौर पर आम लोगों के लिए खोलने की योजना। केंद्रीय मंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उद्घाटन के लिए पत्र भी लिखने वाले हैं। यह खंड न केवल स्थानीय यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे तक सीधी पहुंच प्रदान करेगा।

# राजस्थान में भीषण गर्मी का कहर, 18 जिलों के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी

**जयपुर, एजेंसी।** पिछले 24 घंटों में राजस्थान में भीषण गर्मी का कहर जारी रहा, जिसमें चित्तौड़गढ़ में राज्य का सबसे अधिक तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए दो जिलों में भीषण लू की स्थिति को देखते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है, जबकि 16 जिले 'येलो अलर्ट' के दायरे में हैं, क्योंकि राज्य के बड़े हिस्सों में झुलसा देने वाला तापमान और गर्म रातें जारी हैं। राजस्थान के कई जिलों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, क्योंकि सुबह से लेकर देर शाम तक राज्य के पश्चिमी और पूर्वी, दोनों हिस्सों में भीषण लू का प्रकोप बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, सिरोही को छोड़कर राजस्थान के लगभग सभी जिलों में दिन का तापमान 40 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। इस जारी लू से उत्तर-पश्चिमी राजस्थान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा।



मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले तीन से चार दिनों तक पूर्वोत्तर और पश्चिमी राजस्थान में इसी तरह की लू की स्थिति बनी रहने की संभावना है। बुधवार के लिए, दो जिलों में भीषण लू की स्थिति को देखते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है, जबकि 16 जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।

राजधानी जयपुर में लगातार दूसरे दिन भी लू का प्रकोप जारी रहा। शहर में अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी असामान्य रूप से 31.3 डिग्री सेल्सियस पर बना रहा; जिसके चलते जयपुर की रातें बाड़मेर और जैसलमेर जैसे रेगिस्तानी शहरों से ज्यादा गर्म रहीं। जयपुर में अगले दो से तीन दिनों तक मौसम की ऐसी ही स्थिति बने रहने की उम्मीद है।

भीषण गर्मी के बीच, जयपुर चिड़ियाघर में विशेष इंतजाम किए गए हैं; यहां जानवरों को बढ़ते तापमान से बचाने के लिए एमु के बाड़े के अंदर पानी के स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। मंगलवार को शहर में अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पहले यह क्रमशः 43.3 डिग्री सेल्सियस और 29 डिग्री सेल्सियस था। तापमान में थोड़ी गिरावट के बावजूद, तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान करना जारी रखा और दोपहर के समय सड़कें और बाजार लगभग सुनसान नजर आए। अजमेर को भी भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा, जहां अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और न्यूनतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकारियों ने बताया कि दिन और रात के तापमान के बीच का अंतर कम होने के कारण अब रात के समय भी गर्म हवाएं महसूस हो रही हैं। मौसम विभाग ने अजमेर संभाग में आने वाले सप्ताह के लिए शुष्क मौसम की भविष्यवाणी की है, जिसके साथ 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलेंगी। गर्मी से कुछ राहत देने के लिए, दमकल विभाग ने शहर भर की सड़कों पर पानी छिड़कने के लिए पानी के टैंकर तैनात किए। सीकर सहित पूरा शेखावाटी क्षेत्र भीषण लू की चपेट में रहा। लोगों को लगातार छठे दिन भी झुलसा देने वाली गर्मी और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ा। अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने इस क्षेत्र में अगले चार दिनों तक शुष्क मौसम रहने का अनुमान लगाया है। साथ ही, तत्काल किसी राहत की उम्मीद नहीं है।

## अगले महीने हो सकती है पीएम मोदी-राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात, मैक्रों के निमंत्रण से चर्चाएं तेज



**पेरिस , एजेंसी।** अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात हो सकती है। यह मुलाकात फ्रांस में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान होने की संभावना है।

अगर ऐसा होता है, तो 16 महीनों से भी ज्यादा समय के बाद दोनों नेता पहली बार आमने-सामने होंगे। फिलहाल पूरी दुनिया की नजरें इस संभावित मुलाकात पर टिकी हैं। इमैनुएल मैक्रों के आमंत्रण पर पीएम मोदी जाएंगे फ्रांस फ्रांस के एवियन-लेस-बैंस में 15 से 17 जून तक जी7 शिखर सम्मेलन का आयोजन होगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी को इस बैठक में शामिल होने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया है। हालांकि भारत इस समूह का सदस्य नहीं है, फिर भी एक महत्वपूर्ण भागीदार देश के तौर पर भारत को बुलाया गया है। राष्ट्रपति मैक्रों ने फरवरी में भारत दौरे के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस सम्मेलन में आने का न्योता दिया था।

## दक्षिणी कैलिफोर्निया के जंगल में लगी आग

**सैक्रामेंटो, एजेंसी।** दक्षिणी कैलिफोर्निया में मंगलवार को 17,000 से अधिक लोगों को निकासी के आदेश दिए गए, क्योंकि जंगल की आग से उपनगरीय घरों को खतरा था। तेज हवाओं के कारण लगी सैंडी आग सोमवार को लॉस एंजिल्स से लगभग 30 मील (48 किलोमीटर) उत्तर-पश्चिम में सिमी घाटी के ऊपर पहाड़ियों में देखी गई। वेंटुरा काउंटी अग्निशमन विभाग के अनुसार, मंगलवार सुबह तक आग ने दो वर्ग मील (पांच वर्ग किलोमीटर) से अधिक सूखे झाड़ियों को जलाकर राख कर दिया था और कम से कम एक घर को नष्ट कर दिया था। विभाग के प्रवक्ता एंड्रयू डाउड ने बताया कि आग की लपटें शुरू में 30 मील प्रति घंटे (48 किलोमीटर प्रति घंटे) से अधिक की रफ्तार वाली तेज हवाओं के कारण भड़क उठीं, लेकिन रात भर हवा शांत होने से दमकलकर्मियों को मदद मिली। उन्होंने कहा कि मौसम में सुधार होने से हमने इस आग पर काबू पाने में काफी प्रगति की है। उन्होंने बताया कि टीमें हवाएं फिर से तेज होने से पहले और अधिक प्रगति करने की उम्मीद कर रही हैं। 125,000 से अधिक आबादी वाले शहर सिमी वैली के कई इलाकों के लिए अभी भी निकासी के आदेश और चेतावनी जारी थी। इसी बीच, दमकलकर्मी दक्षिणी कैलिफोर्निया तट से दूर सांता रोजा द्वीप पर 23 वर्ग मील (59 वर्ग किलोमीटर) में फैली भीषण आग से जूझ रहे थे। आग ने एक केबिन और एक उपकरण शेड को नष्ट कर दिया और राष्ट्रीय उद्यान सेवा के 11 कर्मचारियों को वहां से सुरक्षित स्थान पर ले जाना पड़ा।

## अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो 23 से 26 मई तक भारत दौरे पर, क्वाड और रक्षा सहयोग पर होगी अहम चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो चार दिवसीय दौरे पर भारत आ रहे हैं। वे शनिवार को भारत पहुंचेंगे और 23 से 26 मई तक देश के अलग-अलग राज्यों का दौरा करेंगे। इस दौरान क्वाड साझेदारी, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और रक्षा सहयोग पर मुख्य रूप से चर्चा होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, मार्को रूबियो भारत यात्रा के दौरान कोलकाता, आगरा, जयपुर और दिल्ली जाएंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने मंगलवार को रूबियो की यात्रा योजनाओं की घोषणा की। विभाग ने जानकारी दी कि भारत आने से पहले 22 मई को मार्को रूबियो सबसे पहले स्वीडन के हेलसिंगबोर्ग जाएंगे, जहां वे नाटो विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी



पिगॉट ने एक बयान में कहा, 'विदेश मंत्री भारतीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ होने वाली बैठकों के दौरान ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे।' नई दिल्ली में भारतीय नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों के अलावा, रूबियो के क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी शामिल होने की उम्मीद है। इस बैठक में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री शामिल होंगे। एक इंटरव्यू में संयुक्त राज्य अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा कि रूबियो की यह यात्रा इस क्षेत्र और व्यापक भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी, दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण समय पर हो रही है। अघी ने आईएएनएस से कहा, 'अब समय आ गया है कि हम क्वाड को फिर से सक्रिय करें। खासकर मध्य पूर्व में मौजूदा चुनौतियों को देखते हुए यह बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने बताया कि अमेरिका और भारत के बीच होने वाली चर्चाओं में होर्मुज स्ट्रेट से जुड़ी समुद्री सुरक्षा चिंताओं और व्यापक क्षेत्रीय स्थिरता के मुद्दों को भी शामिल किए जाने की उम्मीद है। अघी ने कहा, 'होर्मुज स्ट्रेट के संबंध में भारत और अमेरिका के बीच चर्चा होना बेहद जरूरी है। आपको यह समझना होगा कि इस क्षेत्र में भारत के पास सबसे बड़ी नौसेनाओं में से एक है।' अघी ने यह भी कहा कि भारत, चीन के साथ हाल ही में हुई राजनयिक वार्ताओं और इस क्षेत्र पर उनके संभावित प्रभावों के बारे में स्पष्टता चाहेगा। उन्होंने कहा, 'विदेश मंत्री रूबियो के लिए भारत सरकार को चीन यात्रा के बारे में जानकारी देना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका भारत पर भी असर पड़ता है।' उन्होंने आगे कहा, 'भारत यह समझना चाहेगा कि इन घटनाक्रमों का उस पर किस तरह का प्रभाव पड़ेगा। अघी के अनुसार, यह यात्रा एक 'उपयुक्त समय' पर हो रही है और उम्मीद है कि इसमें दोनों देशों को प्रभावित करने वाले कई मोर्चों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## विजय सरकार से सीपीएम ने दी समर्थन वापस लेने की धमकी

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में नई सरकार को शपथ लिए अभी दस दिन भी नहीं हुआ है और सरकार में शामिल सहयोगी दलों के बीच मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं। तमिलनाडु सरकार में शामिल सहयोगी वामपंथी दल सीपीएम ने मुख्यमंत्री विजय को धमकी दी है कि अगर एआईएडीएमके को गठबंधन या सरकार में शामिल किया तो पार्टी सरकार को समर्थन देने पर पुनर्विचार करेगी।

सीपीएम ने मुख्यमंत्री विजय के राज्य में क्लीन गवर्नेंस के वादे पर भी सवाल उठाए। सीपीएम नेता ने सीएम विजय को निशाने पर लेते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने शासन को पूरी तरह साफ करने और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का वादा किया था।

**जनादेश का होगा अपमान: सीपीएम :** सीपीएम का कहना है कि राज्य की जनता ने डीएमके और एआईएडीएमके के खिलाफ जनादेश दिया है। ऐसे में एआईएडीएमके के किसी भी गुट का नई सरकार में शामिल करना जनता की भावना के खिलाफ होगा। साथ ही पार्टी ने ये भी कहा कि एआईएडीएमके को शामिल करना राज्य में टीवीके के स्वच्छ शासन के



वादे खिलाफ संदेश जाएगा।

**एआईएडीएमके ने दिया था समर्थन :** बता दें, एआईएडीएमके नेता सीवी शनमुगम ने अपने गुट के साथ मुख्यमंत्री विजय को समर्थन दिया था। उन्होंने कहा, हमने टीवीके को अपना समर्थन देने का फ़ैसला किया, जो विजयी रही। हमने इस पार्टी की स्थापना डीएमके के खिलाफ की थी। 53 सालों से हमारी राजनीति डीएमके के खिलाफ़ रही है। इस इतिहास को देखते हुए एक प्रस्ताव रखा गया था जिसमें सुझाव दिया गया था कि डीएमके के समर्थन से एआईएडीएमके की सरकार बनाई जाए। आगे उन्होंने कहा, हमारे ज्यादातर सदस्यों ने इसे अस्वीकार कर दिया और इसका विरोध किया। अगर हम डीएमके के साथ गठबंधन करते तो एआईएडीएमके का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता। उन्होंने ऐसी स्थिति को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। हम अभी बिना किसी गठबंधन के खड़े हैं और अब हमारा ध्यान अपनी पार्टी को फिर से मजबूत और जीवंत बनाने पर होना चाहिए। आखिरकार हमने टीवीके को अपना समर्थन देने का फैसला किया, जो विजयी रही।

**इसलिए किया विजय को समर्थन :** पार्टी द्वारा टीवीके को समर्थन करने के मुद्दे पर सीपीएम नेताओं का कहना है कि हमारी पार्टी राज्य के विजय की सरकार का इसलिए समर्थन कर रही है, क्योंकि राज्य इस समय दोबारा चुनाव के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने यह तर्क भी दिया कि वे नहीं चाहते कि राज्य की राजनीतिक अस्थिरता का फायदा उठाकर बीजेपी तमिलनाडु की राजनीति में 'बैक डोर' से एंट्री करे या राज्य में राज्यपाल शासन की स्थिति बने। सीपीएम के बयान को तमिलनाडु की राजनीति में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में राज्य में टीवीके और उनके सहयोगियों के बीच दबाव बढ़ सकता है।

### हरियाणा पुलिस में प्रमोशन : ममता सिंह सहित 4 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी बने एडीजीपी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा सरकार ने पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के चार वरिष्ठ अधिकारियों को पदोन्नति का तोहफा दिया है। विभाग के चार पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) स्तर के अधिकारियों को प्रमोट कर अब अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) के पद पर नियुक्त किया गया है। इस पदोन्नति सूची में शामिल अधिकारियों के नाम हैं-ममता सिंह (आईजी से पदोन्नत होकर अब एडीजीपी), डॉ. हनीफ़ कुरैशी (आईजी से पदोन्नत होकर अब एडीजीपी), एम. रवि किरण (आईजी से पदोन्नत होकर अब एडीजीपी), कृष्ण कुमार राव (आईजी से पदोन्नत होकर अब एडीजीपी)। इन चारों ही अधिकारियों को उनके शानदार ट्रैक रिकॉर्ड और वरिष्ठता के आधार पर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन की ओर से जारी आदेशों के अनुसार, इन सभी अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से अपने नए पदों का कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। माना जा रहा है कि इस बड़े प्रमोशन के बाद प्रदेश की कानून व्यवस्था और पुलिसिंग को और अधिक मजबूती मिलेगी।


### मुंबई के बांद्रा में रेलवे का बड़ा बुलडोजर एक्शन ! कोर्ट के आदेश पर सैकड़ों अवैध झोपड़पट्टी ध्वस्त

**बांद्रा, एजेंसी।** बांद्रा रेलवे स्टेशन के पूर्व में पटरियों से सटी गरीब नगर झोपड़पट्टी पर मंगलवार को पश्चिम रेलवे प्रशासन ने बड़ी तोड़क कार्रवाई की। मुंबई हाईकोर्ट के 29 अप्रैल 2026 के आदेश और सर्वोच्च न्यायालय की मुहर के बाद यह कार्रवाई की गई, जिसमें तीन से चार मंजिलों वाले सैकड़ों अनधिकृत झोपड़ों को जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया गया। नौ साल की कानूनी प्रक्रिया के बाद कार्रवाई रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई अचानक नहीं की गई। सार्वजनिक परिसर अधिनियम के तहत कार्यवाही 2017 से पहले ही शुरू हो चुकी थी और 27 नवंबर 2017 को बेदखली के आदेश पारित किए गए थे। लगभग नौ वर्षों की न्यायिक प्रक्रिया के बाद हाईकोर्ट ने अनधिकृत अतिक्रमण हटाने की अनुमति दी। रेलवे ने यह भी बताया कि संयुक्त सर्वेक्षण में पात्र पाए गए लगभग 100 झोपड़ों को सुरक्षित रखा जाएगा, उन्हें नहीं तोड़ा जाएगा। सुरक्षा के लिए जरूरी है अतिक्रमण हटाना रेलवे पश्चिम के अनुसार, यह इलाका रेलवे सुरक्षा क्षेत्र में आता है, जहां अनधिकृत बस्ती से न केवल मानव जीवन को खतरा है बल्कि रेल संचालन भी प्रभावित होता है, यह क्षेत्र मुंबई की व्यस्ततम रेल लाइनों में से एक पर क्षमता विस्तार के लिए अत्यंत जरूरी है। अतिक्रमण हटने के बाद अतिरिक्त ट्रेन सेवाएं शुरू की जा सकेंगी। कार्रवाई में लगभग 400 कर्मचारी तैनात किए गए और पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल के साथ-साथ एम्बुलेंस व अग्निशमन दल भी मौके पर मौजूद रहे। यह कार्रवाई 23 मई तक जारी रहेगी। बार-बार आबाद होती बस्ती पर सवाल इस बस्ती का इतिहास काफी विवादित रहा है और यहां रहने वाले लोगों की नागरिकता पर भी हमेशा सवाल उठते रहे हैं। पिछले डेढ़ दशक में गरीब नगर में तीन बार भीषण आग लग चुकी है और कम से कम पांच बार बड़ी तोड़क कार्रवाई हो चुकी है। अतीत में यहां के पात्र झोपड़ा धारकों को कम से कम दो बार वैकल्पिक मकान आवंटित किए जाने का दावा भी किया जा रहा है। फिर भी यह बस्ती हर बार पहले से अधिक ऊंची और बड़े क्षेत्रफल में फिर से आबाद हो जाती है।

## मुंह के कैंसर का जल्द पता लगाने के लिए केरल की विशेष पहल, 'कैनवीन' के तहत राजव्यापी डेंटल नेटवर्क शुरू

**कोच्चि, एजेंसी।** केरल में मुंह के कैंसर का शुरुआती दौर में पता लगाने की प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से राज्यव्यापी स्तर पर एक बड़ी पहल शुरू की गई है। इस पहल में दंत चिकित्सक, कैंसर विशेषज्ञ और स्वास्थ्य सेवा संस्थान एक साथ आए हैं। इसे राज्य में सामुदायिक स्तर पर मुंह के कैंसर की निगरानी के सबसे बड़े प्रयासों में से एक बताया जा रहा है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह कार्यक्रम 'कैनवीन' के तहत चलाया जा रहा है। यह एक पहल है, जिसकी अगुवाई इंडियन डेंटल एसोसिएशन कर रहा है। इसमें वीपीएस लेकशोर हॉस्पिटल, चिट्टिलापिल्ली फाउंडेशन और अन्य हेल्थकेयर पार्टनर सहयोग दे रहे हैं। इस पहल का मुख्य केंद्र 'मौखिक घाव निगरानी कार्यक्रम' (ओएलएसपी) है। इसका मकसद केरल भर में लगभग 6,500 डेंटल क्लीनिकों को एक व्यवस्थित स्क्रीनिंग, डॉक्यूमेंटेशन और रेफरल सिस्टम के जरिए मुंह के कैंसर का शुरुआती दौर में पता लगाने वाले केंद्रों में बदलना है।

डॉ. ईपेन थॉमस ने कहा, 'भारत में मुंह का कैंसर आज भी जन-स्वास्थ्य से जुड़ी सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है, क्योंकि कई मरीज विशेषज्ञ डॉक्टरों के पास तब पहुंचते हैं, जब बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। यह पहल शुरुआती दौर में ही बीमारी का पता लगाने और सामुदायिक स्तर पर स्क्रीनिंग को बढ़ावा देने पर जोर देती है।राष्ट्रीय कैंसर अनुमानों के मुताबिक, भारत में रिपोर्ट किए गए सभी कैंसर मामलों में से लगभग 30




प्रतिशत मामले मुंह के कैंसर के होते हैं। इनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों का पता तब चलता है, जब बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है।

डॉक्टरों का कहना है कि अगर शुरुआती दौर में ही बीमारी का पता चल जाए, तो मरीजों के बचने की संभावना और इलाज के नतीजों में काफी सुधार हो सकता है। इस पहल के तहत डेंटल क्लीनिकों को कैंसर की निगरानी में सबसे आगे रखा गया है। ऐसा इसलिए किया गया है, क्योंकि बहुत से लोग अपनी नियमित जांच और इलाज के लिए डेंटिस्ट के पास जाते हैं। इससे मुंह में किसी भी संदिग्ध घाव या लक्षण का शुरुआती दौर में पता लगाने का बेहतर अवसर मिल सकता है। डॉ. मोनी अब्राहम कुरियाकोस ने कहा कि मुंह के कैंसर के इलाज में बीमारी का देर से पता चलना आज भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा, 'इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि बीमारी का पता बहुत पहले ही लगा लिया जाए, यानी ठीक उसी जगह पर, जहां मरीज सबसे पहले इलाज के लिए पहुंचते हैं।' डॉ. अश्विन मुल्लाथ के अनुसार, इस पहल का मकसद स्क्रीनिंग को डेंटल केयर का नियमित हिस्सा बनाना है। इससे डेंटिस्ट किसी भी संदिग्ध मामले को तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टरों के पास जांच के लिए भेज सकेंगे। एस.के. अब्दुल्ला ने कहा कि अगर सामुदायिक स्तर पर ही बीमारी का शुरुआती दौर में पता चल जाए, तो देर से सामने आने वाले मामलों में काफी कमी लाई जा सकती है। साथ ही, केरल में मुंह के कैंसर के मामलों को भी धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। इस प्रोजेक्ट पर लगभग 50 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसे विभिन्न संस्थानों के आपसी सहयोग और दान के जरिए मिलने वाली आर्थिक सहायता से पूरा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत जुटाई गई धनराशि से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को इलाज के लिए सहायता भी दी जाएगी।

● बैंक ने कर्मचारियों को हफ्ते में दो दिन घर से काम करने की अनुमति दी

# जोहो वाले श्रीधर वेम्बू ने वर्क फ्रॉम होम से किया किनारा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल और डीजल बचाने के लिए कंपनियों से वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने की अपील की थी। देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक ने कुछ कर्मचारियों को हफ्ते में दो दिन घर से काम करने की अनुमति दे दी है। बैंक का कहना है कि यह व्यवस्था 30 दिन के लिए लागू की गई है और उसके बाद इसकी समीक्षा की जाएगी। बैंक ने बिजनेस एनेबलिंग फंक्शंस और कॉरपोरेट एनेबलिंग फंक्शंस से जुड़े कर्मचारियों को यह सुविधा दी है। बैंक का कहना है कि उसकी सभी ब्रांच और कस्टमर फेसिंग टचपॉइंट्स पर पहले की तरह काम होता रहेगा।

बिजनेस एनेबलिंग फंक्शंस में ट्रेजरी ऑपरेशंस, क्रेडिट अंडरराइटिंग एंड रिस्क, ट्रांजैक्शन बुकिंग, डिजिटल बैंकिंग और आईटी सर्विसेज शामिल होते हैं। कॉरपोरेट एनेबलिंग फंक्शंस में ह्यूमैन रिसोर्सेज, फाइनेंस एंड अकाउंट्स, लीगल एंड कंप्लायंसेज और सेक्रेटेरियल और बोर्ड फंक्शंस शामिल होते हैं। पूरे देश में एचडीएफसी बैंक के 2,00,000 से अधिक कर्मचारी हैं। उन्होंने कहा कि तेल बचाने के लिए कंपनी इलेक्ट्रिक बस और इलेक्ट्रिक कुकिंग पर विचार कर रही है। कंपनी ने पहले ही सोलर पर काफी निवेश किया है।

### मोदी की अपील

पीएम मोदी की अपील के बाद निजी सेक्टर के कई बैंकों ने हाइब्रिड मॉडल अपनाया है। हाल में इंडसइंड बैंक ने अपने कुछ कर्मचारियों के लिए हाइब्रिड मॉडल की घोषणा की थी। एक्सिस बैंक में तो 2021 से ही नॉन-कस्टमर-फेसिंग रोल्स के लिए हाइब्रिड मॉडल लागू है। इसके तहत कर्मचारियों को हफ्ते में दो ही दिन ऑफिस आना पड़ता है। ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में करीब 50 प्रतिशत तेजी आई है। इससे देश का आयात बिल बढ़ गया है। इससे सरकारी तेल कंपनियों को काफी नुकसान हो रहा है। हाल में सरकार ने दो किस्तों में पेट्रोल और डीजल की कीमत में करीब 4 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है।

### जोहो का इनकार

इस बीच चेन्नई की ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी जोहो कॉर्पोरेशन के फाउंडर और सीईओ श्रीधर वेम्बू ने साफ किया है कि उनकी कंपनी की अपने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने की योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने हाल में अपनी वर्क फ्रॉम होम पॉलिसी की आंतरिक समीक्षा की थी और वह इस नतीजे पर पहुंची कि खासकर रिसर्च एंड एनालिसिस में आमने-सामने बैठकर काम करने से बेहतर नतीजे मिलते हैं।

# 2.41 लाख करोड़ रूपये की मार, ईरान युद्ध ने बिगाड़ा दुनिया भर की कंपनियों का बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर अब दुनिया भर की कंपनियों पर साफ दिखने लगा है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, ठप पड़े व्यापारिक मार्गों और ऊंचे परिचालन खर्च (ऑपरेटिंग कॉस्ट) के कारण वैश्विक कंपनियों को अब तक कम से कम 25 अरब डॉलर (करीब 2.41 लाख करोड़ रुपये) का भारी वित्तीय नुकसान हो चुका है। रॉयटर्स के अनुसार अमेरिका, यूरोप और एशिया की प्रमुख लिस्टेड कंपनियों के बयानों से साफ है कि हर सेक्टर की कंपनियों को इस जंग के आर्थिक दुष्परिणाम झेलने पड़े हैं।

इस भारी नुकसान का सबसे बड़ा कारण ईरान की ओर से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण एनर्जी रूट होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी है। इस रास्ते के बंद होने से कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। ये युद्ध शुरू होने से पहले के मुकाबले 50 प्रतिशत से भी अधिक हैं। तेल महंगा होने से माल ढुलाई और उत्पादन लागत बढ़ गई है, जिससे वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हुई है। आर्थिक झटके



से बचने के लिए कम से कम 279 कंपनियों ने कई कड़े कदम उठाए हैं। इनमें ये प्रमुख हैः लागत की भरपाई के लिए कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट्स महंगे कर दिए हैं और फ्यूल सरचार्ज बढ़ा दिया है। कई कंपनियों ने उत्पादन घटा दिया है, कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी पर भेज दिया है और खर्चों को रोक दिया है। कंपनियों ने अपने डिविडेंड और शेयर बायबैक को सस्पेंड कर दिया है।

**एविएशन :** ईरान युद्ध से एविएशन सेक्टर को सबसे बड़ी चोट लगी है। जेट ईंधन की कीमतें लगभग दोगुनी होने के कारण अकेले एयरलाइन कंपनियों को 15 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है।

**ऑटोमोबाइल :** दिग्गज कार निर्माता कंपनी टोयोटा के मुताबिक इस संकट से उसे 4.3 अरब डॉलर का फटका लग सकता है। जर्मनी की टायर निर्माता कंपनी कॉन्टिनेंटल ने दूसरी तिमाही से 100 मिलियन यूरो से नुकसान की आशंका जताई है।

**कंज्यूमर गुड्स :** प्रॉक्टर एंड गैंबल ने टैक्स के बाद अपने मुनाफे में 1 अरब डॉलर की गिरावट का अनुमान लगाया है। होम अप्लाइंस बनाने वाली कंपनी व्हर्लपूल ने अपने पूरे साल के मुनाफे के अनुमान को आधा कर दिया है। मैकडॉनल्ड्स के सीईओ क्रिस केम्पचिंस्की ने कहा कि ईंधन की बढ़ती कीमतों से कम आय वाले उपभोक्ताओं की जेब पर सबसे ज्यादा मार पड़ रही है।

# ओला-कुबेर को टक्कर देने आई वियतनामी कंपनी विन फास्ट

## भारत के टैक्सी बाजार में मारी एंट्री, ड्राइवरों को 40000 सैलरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वियतनामी की इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी विनफास्ट ने भारत में



बेचने के अलावा अब एक नए बिनेस में भी कदम रखा है। दरअसल, कंपनी ने ग्रीन स्रूके साथ भारत में टैक्सी सर्विस बिनेस में एंट्री की है। इस बिनेस के हिस्से के तौर पर, इसने पूरे उत्तर भारत में 10,000 विनफास्ट लिमो ग्रीन उतारी हैं। पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों ने ट्रैवल इंडस्ट्री पर भी असर डालना शुरू कर दिया है। दिल्ली में कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल से चलने वाली गाड़ियों को कैब में शामिल करने से मना कर दिया है। वो सिर्फ इलेक्ट्रिक कारों को ही अब कैब में शामिल कर रही हैं।

ऐसे में अब वियतनामी की इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी विनफास्ट ने भारत में इवीएस बेचने के अलावा अब एक नए बिनेस में भी कदम रखा है। दरअसल, कंपनी ने ग्रीन स्रूके साथ भारत में टैक्सी सर्विस बिनेस में एंट्री की है। इस बिनेस के हिस्से के तौर पर, इसने पूरे उत्तर भारत में 10,000 विनफास्ट लिमो ग्रीन इलेक्ट्रिक उतारी हैं। साथ ही, कंपनी ने अपनी इलेक्ट्रिक टैक्सियों के लिए ड्राइवरों की भर्ती भी शुरू कर दी है। कंपनी ने हाल ही में एक वीडियो ऑनलाइन शेयर किया गया है जिसमें टैक्सी रजिस्ट्रेशन वाली विनफास्ट लिमो ग्रीन दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में हम देख सकते हैं कि कई विनफास्ट लिमो ग्रीन इलेक्ट्रिक मौजूद हैं। इन सभी को टैक्सियों के तौर पर रजिस्टर किया गया है और इन पर ब्लैक और येलो कलर की नंबर प्लेट लगी हैं। साथ ही, ये सभी ग्रे कलर की हैं। इस वीडियो को रिकॉर्ड करने वाले व्यक्ति को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि ग्रीन स्रूकंपनी 10,000 इलेक्ट्रिक कारों के साथ भारत में आई है और उसने ड्राइवरों की भर्ती शुरू कर दी है। वह व्यक्ति यह भी बताता है कि कंपनी ड्राइवरों को लगभग 35,000 रुपए से 40,000 रुपए तक की सैलरी दे रही है। खबरों के मुताबिक, विनफास्ट ने 10,000 कारों के साथ टैक्सी बिजनेस में एंट्री की है, जिनमें इलेक्ट्रिक और लिमो ग्रीन इलेक्ट्रिक शामिल हैं। इनके अलावा, यह इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों के बिजनेस में भी उतरने की योजना बना रही है। इसने अपने ऑपरेशन्स के लिए 1,00,000 से ज्यादा यूनिट्स की योजना बनाई है। ग्रीन स्रूइंडिया प्राइवेट लिमिटेड वो पेरेंट कंपनी है जिसने देश में टैक्सी बिजनेस में एंट्री की है। इसका रजिस्टर्ड ऑफिस गुरुग्राम, हरियाणा में है। इसकी ऑथराइज्ड कैपिटल 254 करोड़ रुपए है। पूरी संभावना है कि कारों और बाइकों की कीमत इस हिसाब में शामिल नहीं की गई है, क्योंकि हो सकता है।

# वॉट्सऐप पर सिर्फ हैलो लिखकर जानें अपना पीएफ बैलेंस, ईपीएफओ शुरू करने जा रहा है नई सर्विस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप नौकरीपेशा हैं और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के मेंबर हैं तो पीएफ बैलेंस से लेकर क्लेम स्टेटस तक की जानकारी वॉट्सऐप पर जान पाएंगे। इसके लिए आपको सिर्फ ' ।।द्धद्यद्यश्' लिखकर एक मैसेज करना होगा। इसके बाद पूरी जानकारी आपके स्मार्टफोन की स्क्रीन पर होगी। यह सर्विस हफ्ते के सातों दिन 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। दरअसल, ईपीएफओ अपने सदस्यों तक पहुंच बढ़ाने और सेवाओं को आसान बनाने के लिए जल्द ही लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर अपनी नई सर्विस शुरू करने की योजना बना रहा है। बिजनेस टुडे के मुताबिक इस नई पहल का मुख्य उद्देश्य सब्सक्राइबर्स को बिना किसी परेशानी के तुरंत पीएफ बैलेंस देखने, आखिरी पांच ट्रांजैक्शन की हिस्ट्री जानने और क्लेम स्टेटस ट्रैक करने की सुविधा देना है। वॉट्सऐप सपोर्ट सर्विस का फायदा उन सदस्यों को भी मिलेगा जो प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत पात्र हैं, लेकिन उनके कुछ काम अधूरे हैं। इनमें यूआईडीएआई की फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी के लिए वेरिफिकेशन पूरा न होना और बैंक खाते में डीबीटी का इनेबल न होना शामिल है। ऐसे सदस्य भी अब वॉट्सऐप के जरिए जरूरी सपोर्ट और गाइडेंस हासिल कर सकेंगे। सदस्यों को ईपीएफओ के रजिस्टर्ड वॉट्सऐप नंबर पर सिर्फ ।।द्धद्यद्यश् टाइप करके भेजना होगा। इसके अलावा सदस्य अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ईपीएफओ के मैसेज रिसीव करने का विकल्प भी चुन सकते हैं। ईपीएफओ सबसे पहले यह चेक करेगा कि वॉट्सऐप मैसेज उसी मोबाइल नंबर से आया है जो सदस्य के यूएएन से लिंक है।

# नई ऊंचाई पर पहुंचा डिफेंस शेयर, 3000 प्रतिशत की तूफानी तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर पिछले कुछ दिन से रॉकेट सा उड़ रहे हैं। डिफेंस कंपनी के शेयर बुधवार को नई ऊंचाई पर जा पहुंचे हैं। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर बुधवार को 8 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 369.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 3 दिन में कंपनी के शेयरों में 27 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। वहीं, पिछले 5 साल में मल्टीबैगर कंपनी के शेयर 3000 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। चौथी तिमाही में अपोलो माइक्रो सिस्टम्स को बंपर मुनाफा हुआ है। 31 मार्च 2026 को खत्म हुई तिमाही में कंपनी का मुनाफा दोगुना से ज्यादा बढ़ गया है। एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी अपोलो माइक्रो सिस्टम्स का कंसॉलिडेटेड मुनाफा सालाना आधार पर 168.64 पर्सेंट बढ़ा है। चौथी तिमाही में डिफेंस कंपनी का मुनाफा दोगुना से ज्यादा बढ़ा है। कंपनी को 31 मार्च 2026 को खत्म हुई तिमाही में 37.61 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। समान अवधि में कंपनी को 14 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। मार्च 2026 तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 81.28 पर्सेंट बढ़कर 293.25 करोड़ रुपये पहुंच गया है।

### 3000 प्रतिशत से अधिक उछल गए डिफेंस कंपनी के शेयर

*एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री की कंपनी अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयरों में पिछले 5 साल में 3000 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर 21 मई 2021 को 11.79 रुपये पर थे।*

# गिरते-गिरते रुपया हुआ बेहाल, लगातार नौवें दिन गिरावट, 97 के करीब पहुंची कीमत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रुपये में गिरावट का दौर जारी है। लगातार नौवें सत्र में इसमें गिरावट आई है। डॉलर के मुकाबले आज यह 0.3 फीसदी गिरावट के साथ 96.86 पर खुला और शुरुआती कारोबार में 41 पैसे गिरकर 96.96 तक चला गया जो इसका अब तक का ऑल टाइम लो है। पिछले कई दिनों से यह लगातार ऑल टाइम लो पर जा रहा है।

भारतीय रुपये में आज लगातार नौवें सत्र में गिरावट आई है। डॉलर के मुकाबले यह आज 0.3 फीसदी गिरावट के साथ रेकॉर्ड लो 96.86 पर खुला। कच्चा तेल लगातार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार बना हुआ है। साथ ही विदेशी निवेशकों की बिकवाली से भी रुपये पर दबाव बढ़ा है।

दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.24 पर रहा। विदेशी



मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से रुपये की स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.38 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 96.27 के दिन के उच्चतम स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 96.70 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निम्नतम स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 50 पैसे की गिरावट है। अनुज चौधरी ने कहा कि हमारा अनुमान है कि मजबूत डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी के कारण रुपया गिरावट में रह सकता है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के किसी भी हस्तक्षेप और सोने-चांदी के आयात पर कुछ अंकुश रुपये को निचले स्तर पर सहारा दे सकते हैं। लंबे समय से जारी अमेरिका-ईरान तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी बनी हुई है। इससे रुपया कमजोर हो रहा है और भारत का आयात बिल बढ़ रहा है। साथ ही चालू खाते का घाटा बढ़ने का खतरा गहरा गया है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि चालू वित्त वर्ष में भारत का चालू खाते का घाटा काफी बढ़ सकता है। मध्य पूर्व से आने वाले रेमिटेंस पर संभावित असर और भारत की आर्थिक वृद्धि को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच विदेशी निवेश प्रवाह कमजोर रहने की आशंका भी दबाव बढ़ा रही है। टीएमसी सांसद का एक गाना ममता को ले डूबा', बंगाल चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार पर उमा भारती ने ली सयानी घोष की मौज भारतीय रुपया लगातार आठवें कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।

### रुपये का एशिया में सबसे कमजोर प्रदर्शन

रुपया साल 2026 में एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है। इस महीने अबतक इसमें 1.5 प्रतिशत और इस साल 7 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से निर्यात और खाड़ी देशों से आयात में बाधा आने के कारण रुपये की स्थिति अब भी 'नाजुक' बनी हुई है। ग्लोबल बैंक एचएसबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत के सामने दोहरी चुनौती है। एक तरफ चालू खाते के घाटे को कम करना और दूसरी तरफ स्थायी विदेशी पूंजी निवेश आकर्षित करना।

● शुरुआती कारोबार में सोना 1,100 रुपये से ज्यादा सस्ता हुआ है

# बाजार खुलते ही 3,000 से गिरी चांदी, सोना भी फिसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमत में आज फिर गिरावट आई है। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में सोना 1,100 रुपये से ज्यादा सस्ता हुआ है जबकि चांदी में 3,000 रुपये से अधिक गिरावट आई है। पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद बढ़ी है लेकिन यूएस यील्ड और डॉलर के मजबूत होने से सोने और चांदी पर दबाव बढ़ा है।

सोने-चांदी की कीमत में मंगलवार को बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिन में जहां दोनों धातुओं की कीमत स्थिर दिखाई दी तो वहीं रात को कीमतें धड़ाम हो गईं। सर्राफा बाजार में भी चांदी टूट गई, लेकिन सोने में उछाल आया। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के डेटा के मुताबिक मंगलवार शाम को सोने और चांदी की कीमत में मिला-जुला असर देखा गया।

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। स्थानीय सर्राफा बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के बंद स्तर 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 800 रुपये बढ़कर 1,63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर)



हो गई। हालांकि, कमजोर औद्योगिक मांग और वैश्विक बाजार में सुस्त रुख के कारण चांदी की कीमतें 5,000 रुपये घटकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गईं।

अमेरिका-ईरान के बीच फिर से बातचीत की उम्मीद बढ़ने से मंगलवार को सोने की कीमतों में उछाल आया, जिससे लंबे समय से ऊर्जा संचालित महंगाई दबाव को लेकर कुछ चिंताएं कम हुईं।

**एमसीएक्स पर क्या भाव?:** एमसीएक्स पर मंगलवार रात सोना और चांदी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। जून डिलीवरी वाला सोना प्रति 10 ग्राम 262 रुपये गिरकर 1,59,139 रुपये पर था। दिन में कारोबार के दौरान यह 1,60,200 रुपये तक चला गया था।

जुलाई डिलीवरी वाली चांदी में बड़ी गिरावट आई। यह प्रति किलो 6,397 रुपये गिरकर 2,70,254 रुपये पर थी। दिन में यह 2,76,666 रुपये के आंकड़े तक पहुंच गई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी कमी आई, जिससे हाल की तेज गिरावट के बाद बहुमूल्य धातुओं को समर्थन मिला। गांधी ने कहा, 'इसके अलावा, पिछले शुक्रवार की बड़ी बिकवाली के बाद सटोरिया लिवाली और सौदों की कमी को पूरा करने के लिए की गई लिवाली (शॉर्ट कवरिंग) ने बहुमूल्य धातुओं में हालिया सुधार में मदद की है।' मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि हाजिर सोने की कीमतें लगभग 4,540 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही हैं, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें थोड़ी कम होने के बावजूद ऊंची बनी हुई हैं।

# आईआईटी से पढ़कर मुर्गियां पाल रहा है... लोगों ने उड़ाया था मजाक, आज हर महीने 1 करोड़ से ज्यादा की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर किसी युवा ने देश के प्रतिष्ठित संस्थान से पढ़ाई की हो और उसे 28 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिल जाए, तो अमूमन लोग खुश होकर आराम से नौकरी करेंगे। लेकिन आज के दौर के युवाओं की सोच थोड़ी अलग है। वे लीक से हटकर सोचने और अपना खुद का साम्राज्य खड़ा करने में यकीन रखते हैं। तेलंगाना के रहने वाले आईआईटी ग्रेजुएट सैकेश गौड की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। 28 लाख रुपये की चमचमाती कॉर्पोरेट नौकरी को लात मारकर आज वे 1 करोड़ रुपये महीना से ज्यादा का बिजनेस कर रहे हैं।



सैकेश गौड ने वाराणसी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया था। पढ़ाई पूरी होने के बाद एक सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल के तौर पर उनका चयन 28 लाख रुपये के सालाना पैकेज पर हो गया। नौकरी बढ़िया चल रही थी, लेकिन सैकेश के दिमाग में हमेशा से खुद का बिजनस शुरू करने का आइडिया घूम रहा था।

इसी दौरान उनकी मुलाकात हेमाम्बर रेड्डी और मोहम्मद सामी उद्दीन से हुई। हेमाम्बर रेड्डी उस समय मुर्गी पालन और मीट इंडस्ट्री को समझने की कोशिश कर रहे थे। जब सैकेश ने रेड्डी का आईडिया सुना तो उन्होंने भांप लिया कि भारत के रिटेल मीट सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं। बस फिर क्या था, उन्होंने बड़ा रिस्क लेते हुए अपनी मोटी सैलरी वाली नौकरी छोड़ दी और इस सेक्टर में कदम रख दिया।

इस बिजनेस को वैज्ञानिक और सस्टेनेबल तरीके से आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने हैदराबाद स्थित आईसीएआर-नेशनल मीट रिसर्च इंस्टीट्यूट के एक इन्क्यूबेशन प्रोग्राम में हिस्सा लिया। यहां से उन्हें हाइजीनिक प्रोसेसिंग, रिटेलिंग यूनिट की स्थापना और गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस के लिए जरूरी तकनीकी मार्गदर्शन मिला। इसके बाद साल 2020 में इन तीनों दोस्तों ने मिलकर कंट्री चिकन कंपनी की शुरुआत की। उनका मकसद पारंपरिक और अस्वच्छ मीट की दुकानों की छवि को बदलना था। वे एक ऐसा स्टोर बनाना चाहते थे जो किसी आधुनिक सुपरमार्केट की तरह दिखे, जहां पूरी तरह साफ-सफाई हो और ग्राहकों को हाई-क्वालिटी देसी चिकन मिले। जब सैकेश ने इस काम की शुरुआत की, तो लोगों ने उनका खूब मजाक उड़ाया।

## परदेस



**संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।**

लगन पान सादी - बियाह
लउट बहुर,सउब बितते जाथे,
घुरेक कर नखे भाइ ठेकाना!
घर -परिवार कर झेइल उसने हे
परदेस खोजे आय जाहों
दाना!!

रउद सेके,पानी भिंजाय
जाड़ मासे कप - कपाना,
कहियो काम मिले नइ मिले
सोइच खुन पसीना सुखाओना।

कतइ परब- तेवहार छुटलक
सुना - सुना,हमर दुरा -अंगना,
सुतलो राति पंयरी बाजेला
बोलाय उनकर चुरी - कंगना।

उइठ बिहान इसकुल फिस
गाड़ी भांड़ा,टिविसन कर
पुरल रहेला देवेले महिना!
बचाएक कोसिस करिला नी बाचे
टुइट बथेला गतर,टोना -टोना!!

जाइन गेलों पलायन कर बारे आब
काले केउ घुरे नइ पारैना,
सउब कर सवक पुरा करते -करते
अपन जिनगी से ही हाइर जायना।

लगन पान सादी - बियाह
लउट बहुर,सउब बितते जाथे,
घुरेक कर नखे भाइ ठेकाना!
घर -परिवार कर झेइल उसने हे
परदेस खोजे आय जाहों
दाना!!
*-*-*-*-*-*

# पिठोरिया में मंडा पूजा कर सुभारंभ, 14 दिन तक चली आस्था कर महापरब



**परब के लेइ के सरधालुमन में उत्साह कर माहौल**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**पिठोरिया।** पिठोरिया में देवाधिदेव महादेव कर आराधना आउर लोकआस्था कर मुध परब मंडा पूजा कर सुभारंभ बुधवार से होए गेलक। 14 दिन तक चलेक वाला ई पारंपरिक परब के लेइ के सरधालुमन में उत्साह कर माहौल आहे। परब कर तीसर दिन दिन पुजारी पाहन द्वारा बिधि-बिधान से घरदेवती कर पारंपरिक पूजा-अर्चना करल गेलक। पूजा कर दौरान परंपरा कर अनुसार मुर्गा कर बलि भी देल गेलक। पूजा में छेतर कर सरधालुमन भाग लेइ के सुख-समरिधि आउर छेतर कर खुसहाली कर कामना करलयं।

मंडा पूजा समिति कर दन से बताल गेलक कि 28 मई के पूलकुंदी कर संगे सांस्कृतिक कार्जकरम आउर 29 मई के झूलन कार्जकरम कर आयोजन करल जाई। दुईयों आयोजन के लेइ के समिति द्वारा बयापक तैयारी पूरा कइर लेवल जाए हे।

गोटा छेतर में भक्ति आउर उत्सव कर माहौल बनल आहे। ग्रामीन परंपरा आउर संस्कृति से जुड़ल ई परब हर बछर बड़ सरधा आउर उल्लास कर संगे मनाल जायेला। पिठोरिया कर मंडा पूजा में कांके, ठाकुरगांव, बुढ़मू, रातू आउर अन्य थाना छेतर से हजारों सरधालु मंडा पूजा देखेक ले आवयंना।



पिठोरिया कर लोहड़िया टोला में मंडा पूजा कर सुरुआत नागवंशी महाराजा दृपनाथ शाहदेव कर द्वारा जयमंगल सिंह के पिठोरिया कर फ्रंटियर गार्ड बनायेक कर संगे सुरू होय रहे। ई लखे 200 बछर से लगस्ते ई पूजा कर आयोजन होते आवत हे। आयोजन समिति कर अध्यछ जितेन्द्र साहू, महामंत्री राम प्रसाद गोप आउर कोसाध्यछ विक्की अहीर कर टीम कर द्वारा पूजा कर निमित्त सारी तैयारी के अंतिम रूप देवल जात हे। समिति कर पदाधिकारीमन आउर सदस्यमन कर बीच दायित्व कर निर्धारन कइर देवल जाए हे। मध्य प्रदेश जितेंद्र साहू बतालयं कि सुरछा आउर सांति कर संगे तेवहार के संपन्न करुवाएक समिति कर मुध उद्देस आहे।



# उमरोई सैन्य स्टेशन में बहुपछीय सैन्य अभ्यास प्रगति कर सुभारंभ

## बिस्व कर 12 गो संगी करत हयं भागीदारी

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**मेघालय।** मेघालय कर उमरोई सैन्य स्टेशन में बहुपछीय सैन्य अभ्यास प्रगति-2026 कर सुभारंभ भेलक। ई सैन्य अभ्यास में भूटान, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, फिलीपींस, सेशेल्स, श्रीलंका आउर वियतनाम संगे 12 गो संगी देस भागीदारी करत हयं। भारतीय सेना ई सैन्य टुकड़ीमन कर आगमन में उनकर गर्मजोसी आउर पारंपरिक रूप से सोवागत करलयं। उद्घाटन समारोह में बरिष्ठ सैन्य अधिकारी आउर गनमान्य बेक्ति पहुंचल रहयं। आपन संबोधन में भारतीय सेना कर अपर महानिदेशक (इन्फैंट्री) मेजर जनरल सुनील शेओरान सउब टुकड़ी कर सोवागत करलयं। समकालीन सुरछा चुनौती से निपटेक में सामूहिक भागीदारी कर महत उपरे परकास डाललयं। ऊ सउब प्रतिभागीमन के खुलेपन, आपसी सम्मान आउर एक-दूसर कर अनुभव से सीखेक कर तत्परता कर संगे भाग लेवेक ले प्रोत्साहित करलयं। संगे ई बात उपरे भी जोर देलयं कि हरेक रास्ट्र कर छमता आउर दृष्टिकोन अभ्यास कर सामूहिक उद्देस के हासिल करेक में सार्थक जोगदान देंबयं।

दू हप्ताह तक संचालित होवेक वाला ई अभ्यास में अर्ध-पहाड़ी आउर जंगली इलाका में आतंकवाद-बिधी अभियान उपरे धेयान केंद्रित करल जाई। परशिसिछ्न कार्जकरम में संजुक्त जोजना अभ्यास, सामरिक स्तर कर अभ्यास आउर समन्वित अभियान सामिल रही, जिनकर उद्देस भाग लेवेक वाला सैनिकमन कर अनुकूलन छमता, सहनसक्ति आउर सामरिक दछता में सुधार करेक हय। चुनौती भरल परिस्थिति में संचालन कर दौरान शारीरिक फिटनेस, अनुसासन आउर समन्वय उपरे बिसेस जोर देवल जाई। ई अभ्यास कर अंतर्गत, भारतीय प्रौद्योगिकी आउर रछा कंपनीमन आत्मनिर्भर भारत पहल कर अंतर्गत स्वदेसी उपकरन आउर नवाचार कर परदरसन करी, जे गेयान कर आदान-परदान ले एगो मंच परदान करी। रछा उत्पादन, नवाचार आउर आत्मनिर्भरता में भारत कर बढ़त छमता के उजागर करी।







## चल संगी गछ रोपे



**– डॉ.लक्ष्मीकांत नारायण
बड़ाईक, तपकरा।**

चल रे संगी....
चल संगी गछ रोपे,
जीवन हमार।
राखब बचाय आब,
धरती सिंगार।
चल संगी गछ रोपे.....।। ध्रु।।

संजीवनी जड़ी बूटी,
बन के भीतरे,
बन के हरियर देखी,
नाईच उठे मिंजुरे,
धरती धरनी हामर,
करथे पुकार।
चल संगी गछ रोपे,
जीवन हमार।। 1।।

बन के आसरा परे,
बरखा जलधार,
मईत काटा बन पतरा,
होवथे उजार,
कतना प्रदूषण आईज,
सगरे संसार,
चल संगी गछ रोपे,
जीवन हमार।। 2।।

बदलथे हवा आईज,
बईन के जहर,
गछ रोपी देश लवकी,
सगरे हरियर,
नवयुगे नारायण
लानथे सुधार,
चल संगी गछ रोपे,
जीवन हमार।। 3।।
*-*-*-*

## सोंधी सम खुसबू



**रामदेव बड़ाईक, रांची**

बारिस कर बूंद जब,
माटी में परेला,
सोंधी सम खुसबू, समीर देवेला।

उमंग - उत्साह जब ,
मन में रहेला,
सोंधी सम खुसबू, सरीर देवेला।

काचा-पइसा जब,
पास में रहेला,
सोंधी सम खुसबू, अपने
आवेला।

आयो - आबा जब,
साथ में रहेला,
सोंधी सम खुसबू, प्रयाप्त रहेला।

कबि कर भाव जब,
छंद - बंध रहेला,
सोंधी सम खुसबू, कबिता
देवेला।

# पुलिस मुख्यालय से धनबाद के मिललक 45 गो नवा बाइक

## उपायुक्त आउर एसएसपी आपने चलाय के करलयं हाईटेक पेट्रोलिंग बाइक कर सुभारंभ

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

धनबाद। उपायुक्त आदित्य रंजन आउर वरीय पुलिस अधीछक प्रभात कुमार पुलिस लाइन में आयोजित एगो समारोह में धनबाद पुलिस के मुख्यालय से मिलल 45 गो नवा हाईटेक पेट्रोलिंग बाइक कर फीता काइट के आउर आपन से चलाय के सुभारंभ करलयं। ई अवसर में उपायुक्त कहलयं कि धनबाद पुलिस के 45 गो नवा बाइक मिलेक से सहरी आउर ग्रामीन छेतर में पुलिसिंग आउर मजबूत होवी। खास कइर भीड़भाड़ वाला छेतर, बाजार, संबेदनसील इलाका आउर ग्रामीन छेतर में पुलिस कर उपस्थिति बढ़ी, जेकर से अपराध नियंतरन में सहायता मिली।

ऊ कहलयं कि राइज सरकार लगातार पुलिस बेबस्था के आधुनिक, मजबूत आउर सुदृढ़ बनायेक कर दिसा में काम करत हे। अपराध नियंतरन, त्वरित कार्रवाई आउर आम जनता कर सुरछा सुनिश्चित करेक कर उद्देस से पुलिस बल को नवा तकनीक आउर संसाधन से लैस करल जात हे। कहलयं कि पुलिस कंट्रोल रूम के भी आधुनिक सुबिधा से लैस करल जात हे। आवेक वाला दिन में संचार बेबस्था, निगरानी तंत्र आउर अन्य आधारभूत सुबिधा के आउर मजबूत करल जाई, ताकि आम अदमी के बेहतर पुलिस सेवा मिइल सके। उपायुक्त कहलयं कि धनबाद कर





जनता कर पुलिस परसासन उपरे अटूट बिस्वास आहे। परसासन कर प्राथमिकता आहे कि नागरिकमन के केऊ भी किसिम कर समस्या कर सामना नी करेक पड़े। आम अदमीमन कर सुरछा आउर कानून बेबस्था बनाए राखेक के लेइ के जिला परसासन आउर पुलिस एकदम सजग आउर परतिबध आहे। ई अवसर में एसएसपी कहलयं कि नवा पेट्रोलिंग बाइक के जिला कर बिभिन्न थाना में भेजल जाए हे। इनकर इस्तेमाल चौबीसों घंटा गस्त ले करल जाई। ऊ कहलयं कि जलदी तेज रेस्पॉन्स आउर बेहतर निगरानी ले आधुनिक वाहन ढेइर जरूरी आहे आउर नवा हाईटेक पेट्रोलिंग बाइक ई दिसा में महतपूर्न भूमिका निभावी।

ऊ बतालयं कि डायल 112 सेवा कर रेस्पॉन्स टाइम कर मामला में धनबाद पुलिस गोटा झारखंड में बेहतर परदरसन करत हे। नवा बाइक मिलेक से पुलिस कर प्रतिक्रिया छमता आउर बेसी मजबूत होवी। आपातकालीन सूचना मिलेक से पुलिस आउर तेजी से घटनास्थल तक पहुंचे पारी। ऊ कहलयं कि पुलिस आधुनिकीकरन कर दिसा में लगातार काम होवत हय। इकर से पहिले पिछला बछर भी धनबाद पुलिस के 70 गो नवा पेट्रोलिंग बाइक उपलब्ध कराल जाए रहे। इकर अलावा 50 गो सिटी हॉक्स बाइक आउर 40 बोलेरो वाहन भी पुलिस बल के देवल जाए हे।

एसएसपी बतालयं कि सउब वाहन आधुनिक जीपीएस सिस्टम, ब्लिंकर, सायरन आउर वायरलेस सेट जैसन सुबिधा से लैस आहे। ई वाहन कर माध्यम से पुलिस कंट्रोल रूम लगातार गसती टीम कर निगरानी कइर सकेला, जेकर से पुलिसिंग आउर बेसी परभावी बनी।

ऊ कहलयं कि जिला में कानून बेबस्था के आउर मजबूत बनायेक, अपराधीमन उपरे त्वरित कार्रवाई करेक आउर आम जनता में सुरछा कर भरोसा कायम राखेक ले धनबाद पुलिस लगातार आधुनिक संसाधन आउर तकनीक कर इस्तेमाल करत हे। आवेक वाला बेरा में भी पुलिस बल के आउर ससक्त बनायेक कर दिसा में काम जारी रही। हुंवे कार्जकरम कर दौरान पुलिस अधिकारीमन आउर जवान में उत्साह कर माहौल देखल गेलक। नवा बाइक कर सामिल होवेक से सहर से लेइ के ग्रामीन इलाका तक पुलिस कर पहुंच आउर भी तेज आउर परभावी होवी। मौका में ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी मुख्यालय धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय शंकर कामती, सार्जेन्ट मेजर विनोद कुजूर, सार्जेन्ट लक्ष्मण मेहता संगे अन्य पुलिस पदाधिकारी आउर जवान मौजूद रहयं।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह,
**प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com